स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

कानपुर, बृहस्पतिवार
24 जुलाई, 2025
श्रावण मास कृष्ण पक्ष अमावस्या
सं. 2082 वि.
वर्ष 36, अंक - 332 पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर

# स्वतंत्र भारत

मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net

कप्तान हरमनप्रीत बोलीं विश्व कप जीतने के लिए नए सिरे से शुरुआत करनी होगी



MD. QASIM
BALAJI WAFERS
To ensure you are dealing directly with Balaji Wafers
please visit our official website at https://www.balajiwafers.com

# 'संसद में सड़क जैसा व्यवहार कर रहा विपक्ष'

- लोकसभा में विपक्ष के हंगामे पर बिफरे स्पीकर, बिरला ने चेताया
- तीन दिनों से जारी है कार्यवाही में व्यवधान




**नई दिल्ली।** लोकसभा में बुधवार को प्रश्नकाल के दौरान विपक्ष ने बिहार मतदाता सूची पुनरीक्षण के मुद्दे पर जमकर हंगामा किया। बुधवार को जब विपक्षी सांसदों ने हंगामा किया तो लोकसभा स्पीकर ओम बिरला भड़क गए। उन्होंने विपक्षी सांसदों को चेतावनी देते हुए कहा कि आप सड़क का व्यवहार संसद में कर रहे हैं। ये देश देख रहा है। उन्होंने कहा कि सदन में तख्तियां लेकर आने वालों पर मुझे निर्णायक कार्रवाई करनी पड़ेगी। बता दें कि लगातार तीन दिन से हो रहे विपक्ष के हंगामे के चलते लोकसभा को स्थगित करना पड़ रहा है। संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू हुआ है। निचले सदन में प्रश्नकाल के दौरान बिहार में रेल परियोजनाएं विषय पर चर्चा चल रही थी। इस दौरान विपक्षी सांसदों ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर हंगामा किया। सांसदों के हंगामे को लेकर लोकसभा स्पीकर बिरला भड़क गए। उन्होंने कहा कि संसद हमारे गौरवशाली लोकतंत्र की सर्वोच्च संस्था है। सांसदों से मेरी अपेक्षा रहती है कि संसद के अंदर आपका आचरण, व्यवहार, कार्यपद्धति मर्यादित रहना चाहिए। देश की जनता ने आपको यहां पर उनकी आवाज, उनकी चुनौतियों, उनकी अपेक्षाएं और देश के मुद्दों पर चर्चा करने के लिए भेजा है। लोकसभा स्पीकर ने आगे कहा कि आपका जो व्यवहार है वो सड़कों का है। यह आचरण और व्यवहार आप संसद में कर रहे हैं। ये देश देख रहा है। मैं सभी राजनीतिक दलों से कहता हूं कि देश उनके सदस्यों के आचरण को देख रहा है। मैं दोबारा कह रहा हूं कि सदन में तख्तियां लेकर आने वालों पर मुझे निर्णायक कार्रवाई करनी पड़ेगी। आप जाइए, सदन में बैठिए और मुद्दों पर चर्चा कीजिए। इसके बाद लोकसभा स्पीकर ने कार्यवाही को दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू हुआ है। बीते दो दिनों से लगातार संसद की कार्रवाई हंगामे की भेंट चढ़ रही है। पहले दिन विपक्ष ने पहलगाम आतंकी हमले के मुद्दे को लेकर हंगामा किया। इसके बाद दूसरे दिन बिहार में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर हंगामा हुआ। संसद के अंदर से लेकर बाहर तक सियासी संग्राम देखने को मिला। विपक्षी सदस्यों ने लोकसभा में बिहार एसआईआर का मुद्दा उठाया और जमकर हंगामा किया। नारेबाजी और हंगामे के कारण कार्यवाही नहीं चल सकी।

## 28 जुलाई को ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा तय

- 16 घंटे होगी बहस, पीएम मोदी की मौजूदगी में राजनाथ देंगे जवाब

**नई दिल्ली।** राज्यसभा की व्यापार सलाहकार समिति (बीएसी) की बैठक में बुधवार को विपक्ष ने पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग की। विपक्ष ने कहा कि इस मुद्दे पर राज्यसभा में अगले हफ्ते से दो दिन तक 16 घंटे की चर्चा होनी चाहिए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी सुनिश्चित की जाए। यह बैठक मानसून सत्र के दौरान हुई, जिसमें विभिन्न दलों के नेता, राज्यसभा में सदन के नेता जे. पी. नड्डा और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने की। यह बैठक पहले सोमवार को प्रस्तावित थी, लेकिन उसी दिन शाम को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। बैठक के बाद कांग्रेस के राज्यसभा में उपनेता प्रमोद तिवारी ने बताया कि विपक्ष ने एक सुर में मांग की कि पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा अगले हफ्ते से शुरू की जाए। उन्होंने कहा कि लोकसभा में इस पर चर्चा शुरू होने के एक दिन बाद राज्यसभा में चर्चा होनी चाहिए।वहीं, अब जानकारी सामने आई है कि ऑपरेशन सिंदूर पर 28 जुलाई से लोकसभा में चर्चा शुरू होगी। सदन में इस पर 16 घंटे तक चर्चा होगी। सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान मौजूद रहेंगे। जबकि, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस पर जवाब देंगे।

# अलकायदा से जुड़े चार संदिग्ध गिरफ्तार

- एक मेरठ का, देश विरोधी गतिविधियों का शक
- गुजरात एटीएस ने की बड़ी कार्रवाई



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** देश की सुरक्षा एजेंसियों ने एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए अलकायदा नेटवर्क से जुड़े चार संदिग्ध युवकों को गिरफ्तार किया है। गुजरात एटीएस ने मंगलवार देर रात बड़ी कार्रवाई करते हुए नोएडा, दिल्ली और गुजरात में एक साथ कार्रवाई कर इन संदिग्ध युवकों को हिरासत में लिया। बताया जा रहा है कि इनमें से एक आरोपी की पहचान मेरठ के मूल निवासी के तौर पर हुई है। गिरफ्तार किए गए संदिग्धों के नाम हैं- मोहम्मद फैक पुत्र मोहम्मद रिजवान, निवासी मीर मदारी गली, फरासखाना, दिल्ली, मोहम्मद फरदीन पुत्र मोहम्मद रईस, निवासी गुलमोहर टेनमेंट, फतेहवाड़ी, अहमदाबाद, सेफुल्ला कुरेशी पुत्र महम्मद रफीक, निवासी खटकीवाड़ा, भोई वाडा के पास, विनायक सिनेमाज, मोडासा और जीशान अली पुत्र आसिफ अली, निवासी मकान नंबर 77 छजरसी कॉलोनी, सेक्टर 63, नोएडा।सूत्रों के मुताबिक, एजेंसियों को इनके सोशल मीडिया अकाउंट्स पर देश विरोधी और उकसाऊ पोस्ट मिलने के बाद इन पर नजर रखी जा रही थी। लंबे समय से की जा रही तकनीकी और फील्ड निगरानी के बाद एटीएस ने सटीक कार्रवाई करते हुए चारों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया है। एक की गिरफ्तारी नोएडा से, एक दिल्ली से और दो की गुजरात से होना बताया गया है। फिलहाल इनसे पूछताछ की जा रही है और एजेंसियां इनके नेटवर्क, संपर्कों और संभावित साजिशों की गहराई से जांच कर रही हैं। बताया जा रहा है कि शुरुआती पूछताछ में कुछ अंतरराष्ट्रीय कड़ियों के भी संकेत मिले हैं। बताया गया कि गिरफ्तार युवकों में से जीशान अली को मेरठ का रहने वाला है, हालांकि इसकी अभी स्थानीय अधिकारियों ने पुष्टि नहीं की है। कहा जा रहा है कि वह फिलहाल एनसीआर क्षेत्र में रह रहा था। सुरक्षा एजेंसियां मेरठ से उसके कनेक्शन की भी जांच कर रही हैं। एटीएस डीआईजी सुनील जोशी के अनुसार आतंकवाद निरोधक दस्ते ने एक्यूआईएस (जिसे भारतीय उपमहाद्वीप में अल-कायदा कहा जाता है) से जुड़े चार आतंकवादियों को अपनी गिरफ्त में लिया है।

# उपराष्ट्रपति चुनाव की तैयारी शुरू

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद चुनाव आयोग एक्शन मोड में आ गया है। आयोग ने नए उपराष्ट्रपति के चुनाव की



तैयारी शुरू कर दी है। आयोग ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने 2025 के उपराष्ट्रपति चुनाव से संबंधित तैयारियां शुरू कर दी हैं। तैयारी संबंधी गतिविधियां पूरी होने के बाद जल्द ही उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी। धनखड़ ने सोमवार को स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था। मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उनके इस्तीफे को स्वीकार कर लिया था। आयोग ने कहा कि हमने उपराष्ट्रपति चुनाव 2025 से संबंधित तैयारियां शुरू कर दी हैं। तैयारियां पूरी होने के बाद उपराष्ट्रपति पद के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी। आयोग ने कहा कि निर्वाचक मंडल की तैयारी, जिसमें राज्यसभा एवं लोकसभा के निर्वाचित तथा मनोनीत सदस्य शामिल होते हैं शुरू कर दी गई है।

## सुप्रीम कोर्ट का बड़ा आदेश

# घरेलू हिंसा : केस दर्ज होने के दो महीने तक गिरफ्तारी नहीं

**नई दिल्ली।** घरेलू हिंसा से जुड़े मामलों में सुप्रीम कोर्ट ने एक बड़ा फैसला सुनाया है और इलाहाबाद हाई कोर्ट के दो साल पुराने दिशा-निर्देशों को अपनाते हुए कहा है कि भारतीय दंड संहिता की धारा 498ए के तहत दर्ज मामलों में पुलिस आरोपियों को दो महीने तक गिरफ्तार न करे।
कोर्ट ने कहा कि जब कोई महिला अपने ससुराल वालों के खिलाफ 498ए के तहत घरेलू हिंसा या दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज कराए तो पुलिस वाले उसके पति या उसके रिश्तेदारों को दो महीने तक गिरफ्तार न करे। कोर्ट ने दो महीने की अवधि को शांति अवधि कहा है। सुप्रीम



कोर्ट ने यह आदेश एक महिला आईपीएस अधिकारी से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान दिया। कोर्ट ने उस महिला अधिकारी को उससे अलग हुए पति और उसके रिश्तेदारों के उत्पीड़न के लिए अखबारों में माफीनामा प्रकाशित कर माफी मांगने का भी आदेश दिया है। इलाहाबाद हाई कोर्ट के 2022 के दिशानिर्देशों के मुताबिक, दो महीने की शांति अवधि पुलिस अधिकारियों को गिरफ्तारी सहित कोई भी कार्रवाई करने से रोकता है। एचसी के दिशानिर्देशों के अनुसार, भारतीय दंड संहिता की धारा 498ए के तहत दर्ज मामलों को पहले संबंधित जिले की परिवार कल्याण समिति (डब्ल्यूएफसी) को निपटारे के लिए भेजा जाना चाहिए, और इस दौरान यानी पहले के दो महीनों तक पुलिस कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करेगी। सीजेआई जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टाइन जॉर्ज मसीह की पीठ ने मंगलवार को इन दिशानिर्देशों को पूरे भारत में लागू करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में कहा, इलाहाबाद हाई कोर्ट द्वारा 13 जून 2022 को क्रिमिनल रिवीजन नंबर 1126/2022 के विवादित फैसले में अनुच्छेद 32 से 38 के तहत आईपीसी की धारा 498ए के दुरुपयोग से बचाव के लिए परिवार कल्याण समितियों के गठन के संबंध में तैयार किए गए दिशानिर्देश प्रभावी रहेंगे और उपयुक्त अधिकारियों द्वारा लागू किए जाएंगे।

# मैनचेस्टर टेस्ट : पंत लगी चोटिल

## जडेजा-शॉर्दूल नाबाद लौटे, पहले दिन भारत का स्कोर 264/4

**नई दिल्ली।** भारत ने मैनचेस्टर टेस्ट के पहले दिन इंग्लैंड के खिलाफ 4 विकेट खोकर 264 रन बना लिए हैं। बुधवार का खेल समाप्त होने पर रवींद्र जडेजा और शार्दूल ठाकुर 19-19 रन के स्कोर पर नाबाद लौटे। दिन के आखिरी सेशन में साई सुदर्शन (61 रन) ने टेस्ट करियर की पहली फिफ्टी बनाई। उन्हें बेन स्टोक्स ने ब्रायडन कार्स के हाथों कैच कराया। सुदर्शन के अलावा, ओपनर यशस्वी जायसवाल ने 58, केएल राहुल ने 46 और ऋषभ पंत ने 37 रन बनाए। पंत दाएं पैर के पंजे पर चोट लगने के कारण रिटायर्ड हर्ट हो गए। उनके जूते पर क्रिस वोक्स की यॉर्कर बॉल लगी। उन्हें स्ट्रेचर वैन पर मैदान से बाहर लाया गया है। इंग्लैंड की ओर से कप्तान बेन स्टोक्स ने 2 विकेट झटके। क्रिस वोक्स और लियम डॉसन को एक-एक विकेट मिला। दिन के पहले सेशन में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। तेज गेंदबाज अंशुल कम्बोज भारत से डेब्यू मैच खेल रहे हैं। उन्हें पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दीप दासगुप्ता ने टेस्ट कैप पहनाई।

# एडीबी ने भारत की वृद्धि दर घटाई

**मुंबई।** एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) ने साल 2025-26 में भारत की जीडीपी ग्रोथ 6.7 प्रतिशत से घटाकर 6.5 प्रतिशत कर दी है। यह जानकारी ताजा एशियन डेवलपमेंट आउटलुक रिपोर्ट में दी गई है। इसके बावजूद एडीबी ने कहा है कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना रहेगा। अमेरिकी टैरिफ और नीतिगत अनिश्चितता के कारण निर्यात और निवेश पर असर पड़ने से यह अनुमान कम किया गया है। हालांकि, एडीबी का मानना है कि मजबूत घरेलू खपत, बेहतर मानसून, सर्विस और कृषि क्षेत्र की मजबूती भारत की अर्थव्यवस्था को रफ्तार दे रही है।

# पासपोर्ट रैंकिंग में भारत आठ पायदान ऊपर चढ़ा

- 59 देशों में वीजा मुक्त यात्रा संभव

**नई दिल्ली।** भारत ने जनवरी 2025 के बाद से अपनी पासपोर्ट रैंकिंग में बड़ा सुधार दर्ज किया है, और 85वें से 77वें स्थान पर पहुंच गया है। भारत की पासपोर्ट रैंकिंग आठ स्थान ऊपर चढ़ गई है। भारत को 59 देशों के लिए वीजा पहुंच प्राप्त हो गया है। हेनले पासपोर्ट इंडेक्स की रैंकिंग में इसकी पुष्टि हुई है। सिंगापुर शीर्ष पर बरकरार है। नई रैंकिंग के अनुसार, भारत की वीजा-मुक्त पहुंच में केवल दो नए स्थान जुड़े हैं। इसके बावजूद, सुधार का श्रेय राजनयिक पहुंच और द्विपक्षीय समझौतों में वृद्धि को दिया गया है।




सऊदी अरब को भी लाभ, अमेरिका पर शीर्ष 10 से बाहर होने का खतरा नई पासपोर्ट रैंकिंग में सऊदी अरब को भी लाभ हुआ है। उसके वीजा मुक्त गंतव्यों में चार स्थानों का सुधार हुआ है। देश की रैंकिंग 91 गंतव्यों के साथ चार स्थान ऊपर चढ़कर 54वें स्थान पर पहुंच गया है। रैंकिंग में ब्रिटेन और अमेरिका की रैंकिंग नीचे गिरी है। यूनाइटेड किंगडम 6वें स्थान पर गिर गया है, जो 186 देशों को वीजा-मुक्त पहुंच प्रदान करता है। संयुक्त राज्य अमेरिका अब 182 गंतव्यों तक पहुंच के साथ 10वें स्थान पर है।

# देश में भारी बारिश के कारण 1000 से अधिक की मौत

- आंध्र प्रदेश में मानसून के दौरान गयी सबसे ज्यादा जानें

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में सोमवार को भूस्खलन और मूसलाधार बारिश ने कहर बरपाया, जिससे पांच साल के एक बच्चे सहित चार लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में वैष्णो देवी मंदिर के पुराने मार्ग पर भारी भूस्खलन हुआ, जिससे 70 साल के एक तीर्थयात्री की मौत हो गई और नौ लोग घायल हो गए। इससे पहले हिमाचल प्रदेश में भी बादल फटने के कारण सैकड़ों लोगों की जान चली गयी थी वहीं आंध्र प्रदेश भी लगातार बारिश के कारण लोगों की जानें गयी है। अब लोकसभा में गृह मंत्रालय की ओर से मानसून के दौरान हुई मौतों के आकड़े जारी किए गये हैं। देश में इस वर्ष 1 अप्रैल से 16 जुलाई के बीच भारी वर्षा के कारण कुल 1,297 मौतें दर्ज की गईं, जिनमें सबसे अधिक मौतें आंध्र प्रदेश में हुईं, जहां 258 लोगों की मौत हुई।



## मुंबई में भूस्खलन से कई घर ढहे

**मुंबई।** मुंबई में लगातार बारिश के बाद मिट्टी खिसकने से कई घर ढह गए। मुंबई के भांडुप (पश्चिम) में मंगलवार शाम को भूस्खलन की खबर आई, क्योंकि शहर में लगातार भारी बारिश हो रही है। यह घटना ओमेगा स्कूल के सामने, साई निकेतन सीएचएस के पास, खिंदीपाड़ा इलाके में शाम करीब 7:30 बजे हुई, जहाँ पास की एक पहाड़ी से मिट्टी और कीचड़ नीचे गिर गया। सौभाग्य से, किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है क्योंकि ख़तरा पहचाने जाने से पहले ही घरों को खाली करा लिया गया था। लगभग पचास फ़ीट ऊँची पहाड़ी के चारों ओर एक बड़ा सुरक्षा घेरा बनाया गया था। बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के अनुसार, मिट्टी के खिसकने के कारण पहले से खाली किए जा चुके दो घरों के कुछ हिस्से ढह गए।

# ट्रंप के दावों पर पीएम मौन क्यों : राहुल

- अमेरिकी राष्ट्रपति ने 25वीं बार किया है संघर्ष विराम कराने का दावा

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक बार फिर भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम कराने के दावे पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर हमला बोला है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि ट्रंप ने 25वीं बार यह बयान दिया। पीएम मोदी इस पर मौन हैं। इससे लगता है दाल में कुछ काला है। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने सवाल किया कि ट्रंप युद्ध विराम कराने वाले कौन होते हैं? प्रधानमंत्री मोदी ने इस पर एक बार भी जवाब नहीं दिया है। प्रधानमंत्री कैसे बयान दे सकते हैं? वह क्या कहेंगे, ट्रंप ने संघर्ष विराम करवाया, वह ऐसा नहीं कह सकते। पर यह सच्चाई है। ट्रंप ने संघर्ष विराम करवाया, पूरी दुनिया जानती है। यह वास्तविकता है। संसद भवन परिसर में राहुल गांधी ने कहा कि यह सिर्फ संघर्ष विराम का मामला नहीं है। कई बड़ी समस्याएं हैं जिन पर हम चर्चा करना चाहते हैं। रक्षा, रक्षा उद्योग, ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी समस्याएं हैं। स्थिति अच्छी नहीं है और पूरी दुनिया जानती है। जो लोग खुद को देशभक्त कहते हैं, वे भाग गए हैं। प्रधानमंत्री एक बयान भी नहीं दे पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ट्रंप 25 बार कह चुके हैं कि मैंने संघर्ष विराम करवाया। संघर्ष विराम करवाने वाले ट्रंप कौन होते हैं? यह उनका काम नहीं है।

## विश्व बैंक की रिपोर्ट में चौकाने वाला खुलासा

# भारत के शहरों में गर्म हो रही रातें

- ग्रामीण इलाकों के मुकाबले 5 डिग्री तक का फर्क

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** भारत के प्रमुख शहरों में रात का तापमान आसपास के ग्रामीण इलाकों से कितना अधिक रहता है, इस पर विश्व बैंक की एक चौंकाने वाली रिपोर्ट सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली, चेन्नई, लखनऊ जैसे घनी आबादी वाले शहरों में रात के समय तापमान काफी अधिक रहता है। इस रिपोर्ट ने न सिर्फ आने वाले समय में घनी आबादी वाले इलाकों में गर्मी के बढ़ते खतरे की ओर इशारा किया गया है, बल्कि इसकी गंभीरता और वजह पर चिंता जताई गई है। रिपोर्ट में भारत के 24 शहरों को शामिल किया गया है। इसमें चेन्नई, इंदौर, नई दिल्ली, लखनऊ, सूरत और तिरुवनंतपुरम शामिल हैं। वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत के प्रमुख शहरों में रात का तापमान पूरे साल आसपास के ग्रामीण इलाकों के तापमान से 3-4 डिग्री अधिक रहता है। इसका मुख्य कारण स्ट्रक्चर, सड़कें और दूसरे इंफ्रास्ट्रक्चर हैं। मंगलवार को जारी रिपोर्ट में बताया गया है कि लखनऊ में रात के समय तापमान 5 डिग्री अधिक रहता है, जबकि चेन्नई या सूरत में तापमान का फर्क 3-4 डिग्री का है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि अगले 50 साल में भारी बारिश के कारण बनने वाली बाढ़ की स्थिति (वर्षा बाढ़) का जोखिम 73 से 100 फीसदी तक बढ़ने का अनुमान है।



# जस्टिस वर्मा पर सुनवाई के लिए बनेगी विशेष पीठ

- सीजेआई ने खुद को किया अलग

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि वह न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा की उस याचिका पर सुनवाई के लिए एक विशेष पीठ का गठन करेगा जिसमें उन्होंने एक आंतरिक जाँच समिति की रिपोर्ट को अमान्य ठहराने की माँग की है, जिसने उन्हें नकदी बरामदगी मामले में कदाचार का दोषी पाया था। मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई ने वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल से कहा कि मुझे एक पीठ का गठन करना होगा। सिब्बल ने वर्मा की ओर से मामले का उल्लेख किया था। मुख्य न्यायाधीश उस पीठ की अध्यक्षता कर रहे थे जिसमें न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची भी शामिल थे। वर्मा ने तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना द्वारा 8 मई को की गई सिफारिश को रद्द करने की भी माँग की है, जिसमें संसद से उनके खिलाफ महाभियोग चलाने का आग्रह किया गया है। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश शील नागू की अध्यक्षता वाले तीन न्यायाधीशों के पैनल ने 10 दिनों तक जांच की, 55 गवाहों से पूछताछ की और उस घटनास्थल का दौरा किया, जो 14 मार्च को रात करीब 11.35 बजे न्यायमूर्ति वर्मा के आधिकारिक आवास पर लगी आकस्मिक आग के कारण लगी थी।

स्वतंत्र भारत
कानपुर बृहस्पतिवार, 24 जुलाई 2025 | 2



## बंटवारे में मिली भूमि पर चिन्हांकन

फतेहपुर चौरासी उन्नाव। न्यायालय से बंटवारे में मिली भूमि पर चिन्हांकन के लिए गाड़े गए पिलरों को एक पक्ष द्वारा उखाड़ कर फेंक दिया गया। मना करने पर उक्त लोगों ने कब्जेदार के साथ मारपीट कर दी। पीड़ित ने उप जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाइ है। क्षेत्र की ग्रामपंचायत सूसूमऊ के मजरा ग्राम देवीखेड़ा निवासी हरिश्चंद्र ने उप जिलाधिकारी सफीपुर को दी गई तहरीर में बताया है कि उसने जमीन के बंटवारे का एक वाद सफीपुर न्यायालय में दायर किया था।जिसका फैसला डेढ़ वर्ष बाद उसके पक्ष में हुआ है।सोमवार को न्यायालय के आदेश पर  सफीपुर तहसील की टीम के साथ क्षेत्रीय लेखपाल ने उक्त भूमि पर उसको कब्जा दिलाया था।सोमवार की देर शाम कब्जा मिलने से नाराज हुए गांव के विपक्षियों ने कब्जा वाले स्थान पर गाड़े गए पिलरो को उखाड़कर फेंक दिया। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि मना करने पर उक्त दबंग लोगों द्वारा पीड़ित के परिजनों के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी है।पीड़ित ने उप जिलाधिकारी सफीपुर से न्याय की गुहार लगाई है।  उपजिलाधिकारी सफीपुर शिवेंद्र वर्मा ने बताया कि मामला संज्ञान में है।जिन लोगों ने मारपीट कर पिलर तोड़े है उनपर विभागीय कार्यवाही की जाएगी।

## 3 को एन्टी करप्शन ने किया गिरफ्तार

**उन्नाव** दफ्तर के ऊपरी तल पर खनन विभाग के दो बाबू समेत 3 को एन्टी करप्शन ने किया गिरफ्तार। लखनऊ.कानपुर राजमार्ग पर ओवरलोड वाहनों को पास कराने के लिए खनन अधिकारी कार्यालय के बाबुओं ने ट्रांसपोर्टर से मांगी थी 20 हजार की रिश्वत।  रिश्वत के बदले ओवरलोड वाहनों को हाईवे पर फर्राटा भरने की मिलनी थी छूट।  ट्रांसपोर्टर की शिकायत पर एन्टी करप्शन लखनऊ विंग ने खनन विभाग कार्यालय के बाहर से 20 हजार की रिश्वत लेते बाबू संतोष व अमित कुमार समेत 3 को अरेस्ट किया।  एन्टी करप्शन टीम की कार्रवाई से मचा हड़कंप।   तीनों रिश्वतबाजो को गिरफ्तार कर सदर कोतवाली में थ्स् दर्ज कराई।  एन्टी करप्शन टीम तीनों को अरेस्ट कर लखनऊ कार्यालय ले गई। उन्नाव कड कार्यालय स्थित खनन कार्यालय का मामला

## तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मारी

फतेहपुर चौरासी उन्नाव।  खेत से वापस घर आ रहे बालक को तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को परिजन उपचार के लिए कानपुर अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने बालक का अंतिम संस्कार कर दिया।  क्षेत्र की ग्राम पंचायत जाजामऊ एहतमाली के मूल निवासी रामबाबू काफी समय से ग्राम हरदासपुर में घर बनाकर परिवार के साथ रहते है।मंगलवार की शाम करीब साढ़े सात बजे रामबाबू का लगभग 11 वर्षीय पुत्र अखिलेश  खेत से घर वापस आ रहा था अभी वह सामुदायिक शौचालय के पास पहुंचा ही था तभी गांव हरदारपुर की ओर से आ रहें तेज रफ्तार बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी।जिससे  वह गंभीर रूप से घायल हो गया।टक्कर मारने के बाद बाइक सवार बाइक छोड़कर भाग गया। जानकारी होने पर परिजनो ने घायल को निजी वाहन से कानपुर के हैलेट अस्पताल में भर्ती कराया।जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलने के बाद से मां माया का रो रो कर बुरा हाल है।मृतक पांच भाई बहनों में सबसे बड़ा था तथा कक्षा 7 का छात्र था। बुधवार को पोस्टमार्टम से वापस आने के बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार क्षेत्र के सेंग घाट पर दिया।प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि टक्कर मारने वाली बाइक को कब्जे में लिया गया है।मृतक के पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की जांच की जा रहीं है।

## किशोर की मौंत से परिजनो में कोहराम

हमीरपुर। अवगत कराना है कि 22 जुलाई को समय करीब 16:30 बजे पीआरबी द्वारा सूचना प्राप्त हुई की ग्राम खंडेह में रीवन रोड़ पर कुलदीप यादव पुत्र जगदेव कुमार निवासी इलाही तालाब मौदहा अपने 6 वर्ष के भांजे पीयूष यादव पुत्र अशोक निवासी खंडेह के साथ में ग्राम खडेह से ग्राम रिबन की ओर जा रहा था कि गांव के पास स्थित रपटा जिस पर ऊपर से पानी निकल रहा था। अनियंत्रित होकर गिर गया। जिससे पियूष यादव नाले में गिर गया। तत्काल मौके पर पहुंच कर फ्लड टीम तथा स्थानीय गोताखोरों की मदद से ढूंढने का प्रयास किया गया। लेकिन रात हो जाने के कारण सर्च आंपरेशन को रोका गया। सुबह पुनः सर्च आंपरेशन प्रारंभ किया गया। जिसमें पीयूष यादव का शव मृत अवस्था में बरामद किया गया। थाना मौदहा पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम हेतु भेजा जा रहा है। अन्य आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। वही जानकारी होने पर परिजनो में कोहराम मच गया है।

## रंजीत चक्रवर्ती की गेंदबाजी से इंटरनेशनल क्लब विजई



उन्नाव जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित श्याम प्रकाश श्रीवास्तव अंडर. 23 जनपदीय क्रिकेट लीग के अंतर्गत आज प्रतियोगिता का चौथा मैच सप्रू क्रिकेट स्टेडियम में पी के सी क्लब और इंटरनेशनल क्लब के मध्य खेला गया। जिसमे पी के सी क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 30 ओवरों में सभी विकेट खोकर 158 रन बनाए जिसमें आयुष ने 34ए शुभ राजपूत ने 31 तथा रिकी पासवान ने 22 रनों का योगदान दिया। इंटरनेशनल क्लब की ओर शानदार गेंदबाजी करते हुए रंजीत चक्रवर्ती ने 5 विकेट प्राप्त किए इसके अलावा रोहित राजपूत ने 2 विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंटरनेशन की टीम का स्कोर 14ण्5 ओवरों में 5 विकट पर 108 रन था। उसी समय बारिश के कारण मैच को रोकना पड़ा और डकवर्थ लुइस नियम के अनुसार इंटरनेशनल क्लब 19 रनों से विजई हुई । इंटरनेशनल क्लब की ओर से बल्लेबाजी करते हुए फैजान खान ने 39ए प्रियांशु रावत ने 26 तथा नितिन गुप्ता ने 20 रनों का योगदान दिया। पी के सी की ओर से गेंदबाजी करते हुए अनिमेष सैनी तथा आयुष ने दो.दो विकेट प्राप्त किए। मैच में शानदार गेंदबाजी के लिए रंजीत चक्रवर्ती को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। आज के मैच में परवेज अहमद तथा शिशिर बाजपेई ने अंपायर की व सूरज त्रिपाठी ने स्कोरिंग की भूमिका निभाई इसके अलावा ओम मिश्राए साकिर हुसैन नवीन सिन्हाए शंकर श्रीवास्तवए अजित आदि लोग मौजूद रहे। उक्त जानकारी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महामंत्री पी के मिश्रा ने दी।



## नहीं बना पुल आठ किलोमीटर का चक्कर लगा रहे हैं लोग

स्वतंत्र भारत उन्नाव। शारदा नहर की बीघापुर शाखा पर लोक नगर में पुल क्षति ग्रस्त हो गया था। भारी आवाजाही के चलते मार्च में ही पुल का टेंडर हो गया था। दिखावे केलिए आनन फानन ठेकेदार ने काम भी शुरू करा दिया था। बताते हैं कि नींव तक काम हो भी गया था। किंतु खराब निर्माण सामग्री के उपयोग की शिकायत हुई थी। जिससे नाराज होकर ठेकेदार ने काम रोक दिया।ठेका हुए तीन महीने से ज्यादा समय हो चुका है किंतु पुल बनकर तैयार नहीं हुआ। उक्त पुल के न बनने से पटकापुरए पतारीए राजेपुरए बुद्धी खेड़ाए मुल्लाह नगरए सधन खेड़ा आदि लगभग एक दर्जन गावों के लोग हजारों की संख्या में शहर आते जाते हैं। दुपहिया वाहन चालकों को लगभग आठ किलोमीटर का चक्कर लगा कर आना जाना पड़ रहा है। नागरिकों ने पुल के शीघ्र निर्माण की मांग की है।

## कृषि सूचना तन्त्र के अन्तर्गत जनपद स्तरीय कृषि गोष्ठी



उन्नाव। जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी की अध्यक्षता में त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम एवं कृषि सूचना तन्त्र के अन्तर्गत जनपद स्तरीय कृषि गोष्ठी का आयोजन निराला प्रेक्षागृह में किया गया।

जनपद के समस्त विकासखण्डों से गोष्ठी में किसानों द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें चन्द्र कुमारए धीरज दीक्षितए हरिशचन्द्रए अर्जुनए अनन्त कुमारए मीना कुमारीए ज्योति सिंह आदि कृषक उपस्थित रहें। गोष्ठी में मत्स्य विभागए उद्यान विभागए पशु चिकित्सा विभागए यू0पी0 नेडाए प्रधानमंत्री फसल बीमाए बाल विकास पुष्टाहार आदि विभागों द्वारा शासन द्वारा किसानों के हित में संचालित विभागीय योजनाओं की प्रदर्शनी लगाकर सजीव प्रर्दशन किया गया। विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों का मा0 सदर विधायकए जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया एवं दीप प्रज्जवल कर गोष्ठी का शुभारम्भ किया गया। श्री रविचन्द्र प्रकाशए उप कृषि निदेशक द्वारा जनपद में कृषि निवेशकों को बढ़ावा दिये जाने एवं किसानों को उन्नतशील बीज उपलब्ध कराये जानेए प्रधानमंत्री कुसुम योजना के बारे में किसानों को विस्तृत रूप से जानकारी दी साथ ही प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत खरीफ सत्र में किसानों को प्रति हे0 फसलवार कटने वाले प्रीमियम राशि के बारे में जानकारी प्रदान की गयी। इसके अतिरिक्त कृषि विभाग में संचालित कृषि यंत्रीकरण योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मुख्य विकास अधिकारी महोदया द्वारा जनपद के विभिन्न विकासखण्ड़ों से आये हुये सभी सम्मानित कृषकोंए एफ0पी0ओ0एएफ0पी0सी0 का कृषक गोष्ठी में प्रतिभाग किये जाने पर अभार व्यक्त किया साथ ही इस प्रकार की गोष्ठियों के आयोजन से किसानों की समस्या जिला प्रशासन तक पहुँचती है। इसके साथ ही उनके द्वारा कृषि क्षेत्र में वैज्ञानिक तकनीकिए पोर्टेबल सिंचाई तकनीकि एवं फेरोमोनट्रैप आदि को बढ़वा दिये जाने पर विशेष बल दिया। नगर पालिका अध्यक्ष मा0 महोदया द्वारा विभागों द्वारा संचालित योजनाओं किसानों के बीच में प्रचार प्रसार किया जाने पर ध्यान दिया जाये। भाजपा जिला अध्यक्ष मा0 श्री अनुराग अवस्थी ने प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजनाए किसानों को गुणवत्ता पूर्ण बीज उपलब्ध कराये जाने एवं नई तकनीकि से मक्का उत्पादन को बढ़वा दिये जाने के बारे में जानकारी दी। सदर विधायक मा0 श्री पंकज गुप्ता द्वारा जनपद के किसानों को सम्बोधित करते हुये बताया कि आज गोष्ठियों में माध्यम से कृषकों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। कृषि की उन्नतशील तकनीकियों द्वारा किसानों को खेती के प्रति जागरूक करना तथा किसानों को मिट्टी की जाँच कराकर संतुलित मात्रा में उर्वरकों का प्रयोगए नीम कोटेड यूरिया आदि के प्रयोग के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही कृषि यंत्रों पर मिलने वाली सब्सिडी के बारे मेंए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बारे में एवं योजना के अन्तर्गत मिलने वाली क्षतिपूर्ति के बारे में जानकारी दी। किसानों के बीच में योजनाओं के प्रचार.प्रसार के लिये कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। अन्त में जिला कृषि अधिकारी उन्नाव द्वारा धन्यवाद ज्ञापन करते हुये गोष्ठी के समापन की घोषणा की गयी। गोष्ठी में सदर विधायक मा0 श्री पंकज गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में एवं भाजपा जिला अध्यक्ष मा0 श्री अनुराग अवस्थीए मा0 सांसद प्रतिनिधि श्री अमितेष प्रतापए नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती श्वेता मिश्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। गोष्ठी में मुख्य विकास अधिकारी सुश्री कृति राजए जिला विकास अधिकारी श्री देव कुमार चतुर्वेदीए सहायक निबन्धक श्री रवीन्द्र कुमार सिंहए परियोजना निदेशक श्री तेजवन्त सिंहए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी श्री डा0 महावीर सिंहए मत्स्य अधिकारी श्री बाल किशोर दुबेए जिला उद्यान अधिकारी श्री सुरेन्द्र भास्करए कृषि वैज्ञानिक डा0 धीरज कुमारए जय कुमार यादवए उप कृषि निदेशक श्री रवि चन्द्र प्रकाशए जिला कृषि अधिकारी श्री शशांक सहित जनपद के सभी जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## मॉडल इंस्पायर अवार्ड हेतु राज्यस्तरीय प्रदर्शनी के लिए चयनित



बांगरमऊ। क्षेत्र के संडीला रोड स्थित आर एस इंटर कॉलेज के छात्र प्रतीक सिंह पटेल का मॉडल इंस्पायर अवार्ड हेतु राज्यस्तरीय प्रदर्शनी के लिए चयनित किया गया है। छात्र की इस अभूतपूर्व सफलता से विद्यालय परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई।  विद्यालय प्रबंधक रिज़वान अहमद ने आज बुधवार छात्र.छात्राओं और शिक्षकों को जानकारी दी कि उन्नाव में आयोजित जनपद स्तरीय  प्रतियोगिता में उन्नाव एवं रायबरेली जनपद के विभिन्न स्कूलों के लगभग 230 बच्चों ने अपने.अपने मॉडल प्रदर्शित किए गए थे। प्रदर्शनी में निर्णायक मंडल द्वारा इस विद्यालय के छात्र प्रतीक सिंह पटेल द्वारा बनाए गए मॉडल श्एक्विपास्चरश् को प्रथम स्थान के लिए चयनित किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि छात्र का मॉडल अब भविष्य में राज्यस्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में प्रदर्शित किया जाएगा।प्रदर्शनी में  मुख्य विकास अधिकारी कृति राज एवं जिला विद्यालय निरीक्षक सुनील दत्त द्वारा छात्र प्रतीक सिंह को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया था। आज बुधवार को प्रबंधक श्री अहमद द्वारा भी छात्र को सम्मानित कर उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य संतोष कुमार एअंजू बाजपेई व विज्ञान शिक्षक फ़ैज़ अहमद आदि सभी शिक्षक एवं छात्र.छात्राएं उपस्थित रहीं

## संभावित दौरे को लेकर चल रही तैयारियों का जायजा



नवाबगंज उन्नाव। राजमार्ग स्थित चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संभावित दौरे को लेकर चल रही तैयारियों का जायजा लेने जिला स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी बुधवार को सभा स्थल पर पहुंचे। जहां डीएमए सीडीओ और पुलिस अधीक्षक ने संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। लखनऊ कानपुर राजमार्ग स्थित चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में इस सप्ताह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का दौरा प्रस्तावित है। जिसको लेकर यूनिवर्सिटी परिसर में जोरशोर से तैयारियां चल रही हैं। जिलाधिकारी गौरांग राठीए सीडीओ कृति राजए पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर बुधवार दोपहर मुख्यमंत्री के संभावित दौरे को लेकर यूनिवर्सिटी परिसर में चल रही तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे। उन्होंने सभा स्थलए यूनिवर्सिटी परिसर समेत सभा स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने जिम्मेदारों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। इस दौरान एडीएम सुशील कुमार गौड़ व अमिताब यादवए एएसपी अखिलेश सिंहए ैक्ड प्रज्ञा पांडेयए क्षेत्राधिकारी संतोष सिंहए तहसीलदार अविनाश चौधरीए अधिशाषी अधिकारी अनिल कुमारए विद्युत विभाग से एसी योगेन्द्र कुमारए एसई अनिल त्रिपाठी व सौरभ कुमारए एसडीओ रुद्र प्रतापए जेई विष्णु कुमारए एडीओ मनोज कुमारए रोहित राणा समेत अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# कानपुर देहात समाचार

## पुश्तैनी जमीन के मालिक ने डीएम से लगाई न्याय की गुहार




**माती कानपुर देहात** शहर के रुरा रोड़ पर जमीनी विवाद को लेकर बीते दिनों आमने.सामने  आएं एक ही समुदाय के दों पक्षों का मामला अब जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच गया हैए अपनी पुश्तैनी भूमि पर काबिज होने के लिए न्याय की गुहार लगाता धूम रहा परिवार अब जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच गया हैए पुश्तैनी जमीन के मजबूत अभिलेख प्रार्थना पत्र के साथ प्रस्तुत करते हुए प्रथम पक्ष के अकबरपुर स्थित मेवाती मोहाल निवासी इस्लाम पुत्र मुन्ना द्वारा बताया गया कि वह अपनी पुश्तैनी जमीन पर जाने का जब भी प्रयास करते हैं तो दूसरे पक्ष के लोग धार्मिक उन्माद फैलने का प्रचार करते हुए बवाल पर आमादा हो जाते हैं जब मामला थाना अथवा तहसील स्तर पर पहुंचता है तो मुझ पक्ष द्वारा अपने समस्त अभिलेख अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कर दिए जाते हैं लेकिन दूसरा पक्ष आज तक कोई प्रपत्र प्रस्तुत नहीं कर सका है उन्होंने बताया कि जिस कब्रिस्तान पर कब्जे का भ्रामक प्रचार किया जा रहा है वह कब्रिस्तान तो पहले से ही पीडब्ल्यूडी की जगह पर गलत तरीके से बना है। बताना आवश्यक है कि बीते दिनों अकबरपुर शहर के रूरा रोड पर स्थित अगनू गुमटी के समीप कब्रिस्तान पर कब्जा किए जाने का आरोप लगाते हुए शहर के राइन समाज ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया थाए मामला इस कदर तूल पकड़ा कि पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारशी को मौके पर आना पड़ा थाए पूर्व सांसद के सामने राइन समाज के लोगों ने दूसरे पक्ष को माफिया बताते हुए कब्रिस्तान पर कब्जा किए जाने का सीधा आरोप लगाया था मामले की गंभीरता को देख पूर्व सांसद ने कानून व्यवस्था के साथ किसी प्रकार का खिलवाड़ ना हो सके इस पर गंभीरता का परिचय देकर मौके पर ही तहसीलदार एवं क्षेत्राधिकार को बुलाकर समस्या से संबंधित ज्ञापन दिया गया था पाठक जान ले उस वक्त शहर की शांति व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य से कोतवाली पुलिस द्वारा दोनों पक्षों के लोगों को कोतवाली बुलाया गया था यहां प्रशंसा करनी होगी इंस्पेक्टर अकबरपुर सतीश कुमार सिंह के प्रयासों की जिन्होंने दोनों पक्षों के साथ मानवी दृष्टिकोण के आधार पर वार्ता करते हुए विवाद को समाप्त किए जाने का प्रयास किया  था लेकिन इस्माइल पुत्र मुन्ना द्वारा तो उस वक्त पुश्तैनी भूमि से संबंधित समस्त अभिलेख कोतवाली में प्रस्तुत कर दिए गए थे लेकिन दूसरे पक्ष से मौके पर पहुंचे नसीम चौधरी अभिलेख प्रस्तुत करने के नाम पर देर रात्रि तक समय मांगते रहे नतीजा दूसरे दिन तक किसी प्रकार के कोई दस्तावेज पुलिस के पास नहीं पहुंच सके जिससे निर्णय कर पाना पुलिस के लिए टेढ़ी खीर साबित हो गयाए कानून व्यवस्था को किसी प्रकार का कोई खतरा न हो शहर में अमन चैन का माहौल बना रहे इस पर गंभीर कोतवाली पुलिस द्वारा दोनों पक्षों के दर्जनों लोगों पर शांति भंग की कार्रवाई भी कर दी गईए बुधवार को प्रकरण में नया मोड़ तब आ गया जब इस्लाम पुत्र मुन्ना अपने पक्ष के मामले को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच गए जिलाधिकारी कार्यालय में प्रेषित किए गए शिकायती पत्र में इस्लाम द्वारा बताया गया कि उन्हें कब्रिस्तान से किसी प्रकार का कोई लेना.देना नहीं है और ना ही उनका इस ओर कोई ऐसा प्रयास है कि वह कब्रिस्तान की 1 इंच भूमि भी कब्जाना चाहते हैंए जिलाधिकारी को प्रेषित प्रार्थना पत्र में इस्लाम द्वारा बताया गया कि जिस कब्रिस्तान को 200 वर्ष पुराना बताया जा रहा है इसकी हकीकत यदि जिला प्रशासन चाहे तो नगर पंचायत से मांग सकता है क्योंकि उपरोक्त कब्रिस्तान का कोई अभिलेख किसी के पास नहीं है उन्होंने प्रार्थना पत्र में जिलाधिकारी महोदय का ध्यान आकर्षित करते हुए बताया कि पीडब्ल्यूडी के नियमानुसार सड़क के दोनों और 20 फीट तक अतिक्रमण नहीं किया जा सकता है लेकिन उपरोक्त कब्रिस्तान मुख्य मार्ग से केवल 8 फीट की दूरी पर स्थित है जो उत्तर प्रदेश सरकार के बनाए नियमों का खुले तौर पर उल्लंघन साबित हो रहा है उन्होंने जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाते हुए साफ तौर से कहा कि जो भूमि उनकी है जिस पर उनके दादा परदादा का कब्जा रहा है वह सिर्फ अपनी भूमि को प्राप्त करना चाहते हैं कब्रिस्तान से उन्हें किसी प्रकार का कोई लेना.देना नहीं है उन्होंने दूसरे पक्ष पर धार्मिक उन्माद फैलाने की अफवाह फैलाई जाने का सीधा आरोप लगाते हुए कहा कि यदि उनके पास किसी प्रकार के कोई साक्ष्य अथवा अभिलेख हैं तो वह प्रशासन के समक्ष क्यों नहीं प्रस्तुत करते हैं उन्होंने जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाते हुए साफ तौर से कहा है कि यदि उन्हें न्याय नहीं मिला तो वह परिवार सहित आत्मदाह के लिए विवश होंगे जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी राइन समाज की होगी ।।।

## भारतीय स्वतंत्रता के इतिहास में अमर और अमिट रहेगा आजाद का नाम



**माती कानपुर देहात** ब्रम्ह राष्ट्रीय चेतना परिषद  के तत्वाधान में बुधवार कोअमर सेनानी पंडित चंद्रशेखर आजाद की 119वीं जन्म जयंती बेहद ही श्रद्धाभाव से मनाई गईए जैनपुर स्थित बड़ा दरबार गेस्ट हाउस में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गयाएइस दौरान ब्राह्मण समाज के लोगों ने चंद्रशेखर आजाद के चित्र पर माल्यार्पण करके उन्हें अपनीश्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर विस्तृत प्रकाश डाला।।

देश के अपने प्राणों को न्योछावर करने वाले अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की जन्म जयंती पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जुगल देवी इंटर कॉलेज कानपुर के सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य आचार्य भूपति तिवारी ने आजाद के बारे में उपस्थित जनों को संपूर्ण जानकारी देते हुए कहा कि पंडित सीताराम तिवारी और जगरानी देवी के पुत्र चंद्रशेखर आजाद ने स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने काकोरी कांड और लाहौर षडयंत्र केस में सक्रिय भागीदारी की थी। मुख्य वक्ता सेवानिवृत्त क्षेत्राधिकारी आरण् केणअग्निहोत्री ने कहा कि चंद्रशेखर का नाम भारत के स्वतंत्रता संघर्ष के इतिहास में अमिट है। बचपन में अंग्रेजों ने उन्हें 15 कोड़ो का दंड दिया था तभी उन्होंने संकल्प लिया कि अब अंग्रेजों के हाथ कभी नहीं लगेंगे। इसी संकल्प को पूरा करते हुए उन्होंने 27 फरवरी 1931 को पुलिस से घिरने के बाद अल्फ्रेड पार्क इलाहाबाद में स्वयं को गोली मारकर अपने प्राणों की आहुति दे दी। गांधी जी के असहयोग आंदोलन से जुड़ने के बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा और आजादी की लड़ाई में अपने क्रांतिकारी क्रियाकलापों से स्वतंत्रता आंदोलन की ज्वाला को निरंतर प्रज्वलित करते रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एडवोकेट रविंद्र नाथ मिश्र ने एक रोचक प्रसंग साझा किया। उन्होंने बताया कि जब जज ने आजाद से उनका नाम पूछाए तो उन्होंने कहा . नाम आजाद और घर जेलखाना। कोड़े की सजा के दौरान हर कोड़े पर वंदे मातरम् का उद्घोष करते रहे। कार्यक्रम आयोजक रचना त्रिपाठीए राकेश शुक्लाए अशोक पांडेयए संरक्षक प्रेमचंद्र त्रिपाठीए रजोल शुक्लाए पूर्व जिलाध्यक्ष राहुलदेव अग्निहोत्रीए मुनेश शुक्लाए बीटू द्विवेदीएरामकिशोर पांडेयए प्रद्युम्न शुक्लए अंबुज द्विवेदीए नरेंद्र शुक्ल ;सेवानिवृत्त उप निरीक्षकद्धए शिव प्रसाद मिश्रएराजेश अवस्थीए किरण अवस्थीए नीतू पांडेयए आनंद तिवारीए महेश तिवारीए बाबा रमाकांत तिवारीए रवींद्र शुक्ल ;पूर्व ब्लॉक प्रमुख मलासाद्ध रामभरोसे शास्त्रीए सत्य नारायण शुक्लए एडवोकेट अंकित शुक्लएशिवकुमार मिश्राए सूर्यप्रकाश शर्माए रुचि त्रिपाठीए विनीत त्रिवेदीए गोविंद दीक्षितए सुधांशु चतुर्वेदीए दीपक मिश्राए सुभाष तिवारीए श्याम जी दीक्षित। विवेक तिवारीए राकेश द्विवेदीए अमोद द्विवेदीए सुनील तिवारीए बृजेंद्र शुक्लाए पिंकी पाठकए राहुल शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।




स्वतंत्र भारत
कानपुर बृहस्पतिवार, 24 जुलाई 2025 

# कानपुर महानगर



## शिवरात्रि पर पूर्व राष्ट्रपति ने आनंदेश्वर महादेव का किया जलाभिषेक



**-बोले, बाबा के करने से न जाने कितनों का पुण्य हुआ प्राप्त**

**कानपुर।** सावन माह की शिवरात्रि के पावन अवसर पर बुधवार को पूर्व राष्ट्रपति ने श्री बाबा आनंदेश्वर परमठ धाम में दर्शन और पूजन किया। उन्होंने कहा कि आज बाबा के दर्शन करने से उन्हें न जाने कितने जन्मों का पुण्य प्राप्त हो गया है। मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ थी और रामनाथ कोविंद के आगमन से वहां मौजूद लोगों में उत्साह देखने को मिला।

बुधवार को सुबह तकरीबन 10 बजे भारी सुरक्षा के बीच पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद श्री बाबा आनंदेश्वर धाम आनंदेश्वर परमठ धाम पहुंचे। उन्होंने मंदिर के अंदर पहुंचकर महंत के साथ दर्शन किए। बाबा आनंदेश्वर का जलाभिषेक करने के साथ ही पूजन आरती भी की। उनके साथ भाजपा विधायक सुरेंद्र मैथानी और मेयर प्रमिला पांडे भी मौजूद रहीं। पुलिस की कड़ी सुरक्षा में मंदिर परिसर में प्रवेश के बाद उन्होंने महंत और ब्राह्मणों के साथ पूजन किया और मंदिर से जुड़ी पुरानी यादें भी साझा कीं। रामनाथ कोविंद ने बताया कि जब वह डीएवी कॉलेज के हॉस्टल में पढ़ाई करते थे, तब प्रतिदिन सुबह यहां दर्शन के लिए आया करते थे। उन्होंने भावुक होकर कहा गंगा मां भी इस मंदिर को नमन करती थीं और आज मैं भी उसी भावना से आया हूं। पूर्व राष्ट्रपति बोले कि मैने अपने लिए कुछ भी नहीं मांगा है, मैने मानव कल्याण और पूरी दुनिया में शांति की कामना की है। इसके साथ ही अपने देश के लिए और यहां के लोगों के लिए विशेष कामना की है। आज यहां दर्शन करने से मुझे कई जन्मों के पुण्य प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। जैसा कि इस मंदिर का नाम श्री आनंदेश्वर है, यहां दर्शन करने से भी आनंद की अनुभूति होती है जैसा कि आज मुझे एहसास हो रहा है। दर्शन के बाद वह पुलिस सुरक्षा के बीच वहां से रवाना हो गए।

## कार का पहिया पंचर बताकर टप्पेबाज नगदी लेकर हुए फरार

**कानपुर।** चकेरी में कार का पहिया पंचर होने की बात कहकर कुछ युवकों ने कार से बैग में रखे छह लाख रुपए पार कर दिए। कार का पहिया पंचर न होने पर जब कार चालक वापस गाड़ी में बैठा, तो देखा कार में जो बैग रखा था, वह गायब है। पीड़ित ने चकेरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

अन्ना चौराहा सनिगवां रोड विमानपुर पुरी में रहने वाले अनिरूद्ध गुप्ता ने बताया कि मंगलवा को वह अपने काम से जा रहे था। रामादेवी चौराहे के पास पहुंचे ही थे। तभी कुछ लोग उनकी कार के पास आए और बोले कि टायर पंचर है। वे पहिया देखने के लिए कार से उतरे। इसी दौरान कार की पिछली सीट पर रखा बैग टप्पेबाजों ने पार कर दिया। पीड़ित ने बताया कि कार में 6.30 लाख रुपए, रजिस्टर्ड एग्रीमेंट के साथ कई जरूरी कागजात रखे थे। पीड़ित ने मामले की शिकायत चकेरी पुलिस से की। चकेरी इंस्पेक्टर संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी भरे मिले ईमेल, चला सर्च ऑपरेशन



-बिना जांच के किसी को भी स्कूलों न दिया जाए प्रवेश-जेसीपी

कानपुर। शहर में लगभग 15 प्रमुख स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी भरे ईमेल मिले हैं। जैसे ही पुलिस को इस मामले की जानकारी मिली तो पुलिस अफसर अलर्ट हो गए। स्कूलों में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिए गए। पुलिस टीम के साथ बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड को मौके पर भेजा गया। सभी स्कूलों क क्लासरूम, कैंपस और आसपास के इलाकों की गहन तलाशी की गई। इस धमकी के बाद से स्कूल प्रशासन भी सतर्क हो गया है और सुरक्षा के खास इंतजाम किए गए हैं। इस खबर से बच्चों, अभिभावकों और स्कूल प्रबंधन में डर और दहशत का माहौल है। अभिभावकों की चिंता काफी बढ़ गई है। पुलिस को आधिकारिक आईडी पर ऐसा कोई मेल नहीं मिला है, लेकिन मीडिया के माध्यम से जानकारी मिलते ही कानपुर कमिश्नरेट पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां जांच में जुट गईं। एडिशनल सीपी आशुतोष कुमार ने बताया कि कानपुर के कुछ नामी स्कूलों को धमकी भरा ई-मेल मिला है। इसकी शिकायत कई स्कूलों ने पुलिस थानों में दी है। इसके बाद फौरन एक्शन लेते हुए स्कूलों को अलर्ट कर दिया गया है। स्कूलों को निर्देश दिए हैं कि बिना जांच के किसी भी बाहरी व्यक्ति को प्रवेश न दिया जाए। जिन स्कूलों को धमकी मिली है, वहां स्थानीय पुलिस, बम स्क्वॉड और डॉग स्क्वॉड को जांच के लिए भेजा गया है। पुलिस ने मामले की ऑनलाइन जांच शुरू कर दी है। साइबर सेल की टीम यह पता लगाने में जुट गई है कि ये धमकी भरे ई-मेल कहां से भेजे जा रहे हैं और इसके पीछे कौन लोग हैं। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि क्या इस तरह की धमकियों के पीछे कोई साजिश या पैटर्न है, क्योंकि इससे पहले भी इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं।

## सरसैया घाट से निकाली गई तिरंगा कांवर यात्रा






कानपुर। सावन माह के शिवरात्रि के पावन अवसर पर बाबा सिद्धनाथ अमरनाथ सेवा मण्डल, विश्व हिन्दू परिषद के तत्वाधान में सरसैयाघाट से तिरंगा कांवर यात्रा निकाली गई। भक्तों ने पहले सरसैयाघाट में पूजा-अर्चना की। इसके बाद वे सिद्धनाथ घाट पहुंचे। यह यात्रा लगभग 10 किलोमीटर की रही। हर-हर महादेव के जयकारों से क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय रहा। भोलेनाथ के भजनों पर भक्त झूमते-नाचते जा रहे थे। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री पंकज जी मौजूद रहे। पं आदर्श शुक्ला ने बताया कि यह द्वितीय तिरंगा कांवड़ यात्रा है। सावन के महीने में तिरंगा कांवड़ यात्रा भगवान शिव के प्रति भक्तों की आस्था का प्रतीक है। भक्त नंगे पैर गंगाजल लेकर बिना रुके शिवलिंग तक पहुंचते हैं। मान्यता है कि भगवान शिव भक्तों की मनोकामना पूरी करते हैं। इस मौके पर केके श्रीवास्तव, डब्बू निषाद, आकाश यादव समेत भारी तदाद में लोग मौजूद रहे।

## खबर एक नजर

### चुनौती के बीच डॉक्टरों ने युवक के सिर से कील निकाल बचाई जान



**-ढाई घंटे तक चले ऑपरेशन के बाद मिली सफलता**

**कानपुर।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के न्यूरो स्पेशलिस्ट डॉक्टरों ने एक युवक के सिर से 4 सेंटीमीटर की कील निकाल कर उसकी जान बचा ली। युवक ने अपने सिर पर कील ठोक कर खुदकुशी करने का प्रयास किया था। करीब ढाई घंटे तक चले इस ऑपरेशन में डॉक्टरों को बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। हालांकि अब युवक पूरी तरह से स्वास्थ्य है और डॉक्टरों की देखरेख में अभी उपचार चल रहा हैं।

फतेहपुर के बड़ा गांव निवासी विजय कुमार की मां की बीमारी के चलते पहले ही निधन हो चुका है। पिता बाहर रहकर मजदूरी करते हैं। विजय एक दुकान में वेल्डिंग का काम करता है और नशे का लती है। विजय के पिता ने बताया कि पड़ोसियों ने सूचना दी की बेटा दिन भर नशा करता है और घर के बाहर पड़ा रहता है। ये सुनकर एक हफ्ते पहले ही घर आया था। उस दौरान बेटे को समझाया तो वह गुस्से में अपने सिर पर कील ठोकने जा रहा था, लेकिन पकड़ लिया। पिता से नजरे बचाकर विजय ने अपने सिर पर कील ठोक ली। दो दिन बाद उसको झटके आने लगे। इस पर उसे डॉक्टर को दिखाया। डॉक्टर ने सिटी स्कैन कराया तो पता चला एक कील सिर की हड्डी को तोड़ते हुए मस्तिष्क में घुस गई हैं। इसके बाद फतेहपुर के डॉक्टरों ने मरीज को कानपुर मेडिकल कॉलेज के न्यूरो विभाग के लिए रेफर कर दिया। मरीज 5 दिन पहले ही अस्पताल आया। न्यूरो स्पेशलिष्ट डॉ मनीष सिंह के अंडर में मरीज को भर्ती किया गया। यहां पर मरीज का फिर से एक्सरे और सिटी स्कैन कराया गया। कील को खींच कर निकाला नहीं जा सकता था, क्योंकि कील बिल्कुल अंदर तक घुसी हुई थी। डॉ मनीष ने बताया कि इस ऑपरेशन में कई प्रकार की चुनौती सामने थी। इसमें मरीज के सिर की आसपास की हड्डी को पहले हटाया गया। इसके बाद पूरे मस्तिष्क को खोलकर अंदर से कील को निकाला गया। इस पूरी प्रक्रिया में करीब ढाई घंटे का समय लगा। ये कील करीब 4 सेंटीमीटर लंबी थी। ऑपरेशन में डॉ मनीष सिंह के साथ उनकी टीम में डॉ सजीदा, डॉ पृथमेष, डॉ अभिषेक, डॉ चंदन समेत कई डॉक्टर शामिल थे।

### चोरी के मोबाइल के साथ दो शातिर को जीआरपी ने किया गिरफ्तार



कानपुर। ट्रेनों व प्लेटफार्म पर सो रहे यात्रियों का मोबाइल व पर्स चोरी करने वाले दो शातिरों को जीआरपी ने गिरफ्तार किया है। शातिरों के पास से दो चोरी के मोबाइल बरामद हुए हैं। जीआरपी प्रभारी ओमनरायण सिंह ने बताया कि देर रात आरपीएफ व जीआरपी की संयुक्त गश्त कर रही थी। तभी सूचना मिली कि मरे कंपनी पुल के पास दो संदिग्ध लोग वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। टीम ने घरोबंदी कर दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार थाने ले आई। पूछताछ के दौरान शातिरों ने अपना नाम खपरा मोहाल निवासी मोहम्मद समीर और आदिल अंसारी बताया। शातिरों ने बताया कि वे चोरी का सामान अनजान व्यक्तियों को अपनी मजबूरी बताकर बेच देते थे। आरोपियों से दो चोरी के मोबाइल बरामद हुए हैं, जिनकी कीमत करीब एक लाख रुपये है। पुलिस आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर रही है।

### आर्डिनेंस कर्मी के घर से चोरों ने किया लाखों का माल पार

कानपुर। आर्डिनेंस कर्मी के बंद पड़े मकान का ताला तोड़ कर चोरों ने नकदी, जेवरात समेत 30 लाख का माल पार कर दिया। पड़ोसी ने घटना की जानकारी मकान मालिक को दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच की और चोरों की तलाश में जुट गई है।

श्याम नगर सी-ब्लाक निवासी उपेंद्र कुमार सिंह फूलबाग स्थित आर्डिनेंस फैक्ट्री में चार्जमैन के पद पर तैनात हैं। वह पत्नी सुधा सिंह के साथ रहते हैं। उनका दूसरा मकान गड़रिया मोहाल में हैं। सुधा सिंह अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की जिला महामंत्री हैं। उन्होंने बताया कि उनके दोनों बेटे सिद्धार्थ और शशांक मुंबई में परिवार संग रहते हैं। उनकी छोटू बहू की पथरी का ऑपरेशन होना था, इसलिए वह मुंबई गई थीं। उन्होंने बताया कि बीती 19 जुलाई की रात उपेंद्र मकान में ताला लगाकर गड़रिया मोहाल स्थित घर चले गए थे। अगले दिन सुबह वहीं से काम पर चले गए। इसी बीच पड़ोसी ने फोन करके जानकारी दी कि मकान में ऊपरी मंजिल का दरवाजा खुला है और दरवाजे के ताले भी टूटे हैं। उपेंद्र श्याम नगर घर पहुंचे और वीडियो बनाते हुए मकान के अंदर दाखिल हुए। उन्होंने फोन कर पुलिस को चोरी की सूचना दी। उपेंद्र ने बताया कि चोर करीब 30 लाख का जेवर ले गए हैं। कई दरवाजों के ताले, अलमारी और लॉकर को लोहे की राड से तोड़ा है। दीवार में बनी अलमारी भी तोड़ डाली है।

## बहन से छेड़छाड़ व रंजिश में की थी लोडर चालक की नृशंस हत्या



**-हत्यारोपियों ने शव के साथ सेल्फी लेकर हुए फरार**

**-24 घंटे के भीतर दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार**

**कानपुर।** जाजमऊ में पुरानी रंजिश व प्रेमिका की छेड़छाड़ का बदला लेने के लिए लोडर चालक की हत्या की गई थी। हत्याकांड के 24 घंटे के भीतर ही पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने गाड़ी चोरी करने की योजना बनाने के बहाने उसे फोन कर बुलाया और गंगा किनारे तार से पहले तार से गला कसा और दूसरे ने चाकू से गर्दन पर ताबड़तोड़ वार कर मौत के घाट उतार दिया। आरोपितों ने शव के साथ सेल्फी भी खींची। बुधवार को पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया।

डीसीपी ईस्ट सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि जाजमऊ के बाजपेई नगर ऊंचा टीला निवासी टेनरी कर्मी रियाज का पुत्र अरबाज खान लोडर चालक था। मंगलवा सुबह उसका शव खुन से लथपथ हालत में ऊंचा टीला के पास घर से करीब 100 मीटर दूर गंगा किनारे मिला है। गर्दन पर चाकूओं के निशान थे। डीसीपी ने बताया कि अरबाज के पिता रियाज ने मुस्लिम, अरमान उर्फ कटी, समीर, मख्तार व शोएब के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था कि मुहल्ले के शोएब ने वर्ष 2023 में बेटी से छेड़छाड़ की थी। विरोध पर मारपीट की, जिस पर उसके खिलाफमुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद पुलिस टीम इस बिंदू पर जांच करने के लिए आरोपित के परिवार समेत कई लोगों को उठाकर पूछताछ की। शोएब से पूछताछ करने पर पता चला कि वह अरबाज से काफी समय से बदला लेना चाहता था। इसलिए उसने दोस्त समीर से बात की। पुलिस ने समीर को उठाया तो उसने बताया कि उसका शोएब की एक बहन से प्रेम प्रसंग था, लेकिन अरबाज भी उसकी प्रेमिका से छेड़छाड़ करता और अन्य लोगों से भी उसे परेशान करवाता था। इसीलिए उसे रास्ते से हटाना चाहता था, लेकिन इस बीच अरबाज का गंगा में छलांग लगाते वीडियो प्रचलित होने पर वह जेल चला गया। रविवार को वह जमानत पर छूटा। समीर ने बताया कि अरबाज उसके पास आया और गाड़ी चोरी करने की योजना बनाने लगा। इस पर शोएब से बात की तो हत्या करने का मौका मिला। सोमवार देर रात अरबाज को फोन कर गंगा किनारे बुलाया और गला कसने के बाद चाकू से गर्दन में वार कर हत्या कर दी। दोनों दोस्तों में अरबाज के खिलाफ इतनी नफरत थी कि उंसक शव के साथ सेल्फी भी ली। डीसीपी ने बताया कि अभियुक्तों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आला कत्ल, खून से सने कपड़े को गंगा पुल के नीचे से बरामद किया गया है।

## कान्हा गौशाला का नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण



कानपुर। नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने बुधवार को जाना गांव स्थित कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में गौशाला में कुल 5346 गोवंश हैं। इन गोवंशों के आहार हेतु 10838 कुंतल भूसा भंडारित है, प्रतिदिन 430 कुंतल हरा चारा गौशाला में आता है तथा 40 कुंतल चुनी/चोकर भी उपलब्ध है। गौशाला में गोवंशों के लिए स्वच्छ पेयजल की समुचित व्यवस्था है एवं जल निकासी प्रणाली सुचारु रूप से संचालित हो रही है। वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए गौशाला में 9 बड़े शेड बनाए गए हैं, ताकि बरसात में गोवंशों को सुरक्षित आश्रय मिल सके। अब तक 5220 गोवंशों की टैगिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है और एचएस टीकाकरण का कार्य अगले सप्ताह तक पूरा कर लिया जाएगा। गौशाला की समुचित देखरेख हेतु 45 कर्मचारी तथा 09 सुरक्षा गार्ड तैनात किए गए हैं। साथ ही 8 स्थानों पर ग्रीन बेल्ट विकास कार्य प्रगति पर है। इस दौरान नगर आयुक्त ने पाया कि गौशाला परिसर में सीसीटीवी कैमरे सक्रिय हैं, सफाई व्यवस्था संतोषजनक है और गोबर उठाने का कार्य भी प्रगति पर है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि गौशाला परिसर में मॉडल एबीसी सेंटर का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, जो वर्तमान में कुशलता से संचालित हो रहा है। सेंटर में प्रतिदिन लगभग 30 कुत्तों की नसबंदी की जा रही है। जिस पर नगर आयुक्त ने निर्देश दिए कि कान्हा गौशाला में जो भी कार्य शेष हैं, उन्हे प्राथमिकता से पूर्ण किया जाए। इसे एक आधुनिक गौशाला के रूप में संरक्षित किया जाए। निरीक्षण में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ आरके निरंजन, पशु चिकित्साधिकारी डॉ शिल्पा समेत नगर निगम अधिकारी मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**-5,26,370 गोवंशों को लगाया जाएगा निःशुल्क टीका**

**कानपुर।** पशुधन को खुरपका-मुंहपका जैसे संक्रामक रोग से बचाने के लिए विशेष टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया। बुधवार को जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम पशुधन की रक्षा और किसानों की आजीविका को सुरक्षित रखने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह अभियान भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय पशुरोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत 7 सितम्बर तक चलेगा। जिले भर में 37 टीमें गठित की गई हैं। प्रत्येक टीम में एक पशु चिकित्सा अधिकारी, एक पशुधन प्रसार अधिकारी और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सहित कुल पाँच सदस्य कार्यरत रहेंगे। अभियान के दौरान सभी टीमें शीत श्रृंखला व्यवस्था के साथ पशुचिकित्सा वाहनों से क्षेत्रवार टीकाकरण करेंगी। इस चरण में 5,26,370 गोवंश एवं महिषवंशीय पशुओं को निःशुल्क टीका लगाया जाएगा, जिनमें 1,39,400 गोवंश और 3,86,970 महिषवंश शामिल हैं। छोटे पशुओं पर टीकाकरण नहीं किया जाएगा। 4 माह से कम आयु के पशुओं एवं गर्भित मादाओं को भी इस चरण में शामिल नहीं किया गया है। ऐसे पशु जो किसी कारणवश टीकाकरण से छूट जाएंगे, उन्हें अगले चरण में शामिल किया जाएगा। जिलाधिकारी ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अभियान के दौरान व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ग्रामीण क्षेत्रों में टीमें समयबद्ध पहुंचें और कोई पशु टीकाकरण से वंचित न रह जाए। उन्होंने पशुपालकों से अपील की कि वे अपने पशुओं को अनिवार्य रूप से टीकाकरण हेतु उपलब्ध कराएं, जिससे यह रोग जड़ से समाप्त हो सके। इस अवसर पर कृषि उपनिदेशक डॉ आर वर्मा मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी आईडीएन चतुर्वेदी, उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सदर डॉ सुशील कुमार, डॉ राजेश कुमार, अजय निरंजन तथा डॉ हरिकान्त समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### ईवीएम व वीवीपैट वेयरहाउस का लिया जायजा

बुधवार को जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने निर्वाचन कार्यालय स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हर एक चीज के बारे में जानकारी ली। मशीन के रख-रखाव से लेकर उसकी सुरक्षा व्यवस्था तक की बातचीत की। किस तरह की सुरक्षा व्यस्था है उसको भी देखा। उन्होंने मशीनों की सुरक्षा, सीसीटीवी निगरानी, अभिलेखों के रख-रखाव एवं वेयरहाउस की संपूर्ण व्यवस्था का गहन अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मशीनों की सुरक्षा में किसी भी स्तर पर कोताही न हो। सीसीटीवी कैमरे पूरी तरह क्रियाशील रहें और सभी गतिविधियों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने कहा कि वेयरहाउस में साफ-सफाई, अग्निशमन यंत्रों की उपलब्धता और अभिलेखों का विधिवत संधारण निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सभी मानकों के अनुसार होना चाहिए। निरीक्षण में उप जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक चतुर्वेदी सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर एक नजर




### यूथ ओलिंपिक मे जे एम डी वर्ल्ड स्कूल के युवा प्रतिभाओं का परचम

*यूथ ऑलंपिक स्विमिंग प्रतियोगिता एवं यूथ ऑलंपिक स्केटिंग प्रतियोगिता दिनाँक 19 जुलाई.2025 यूथ ऑलंपिक स्विमिंग एवं स्केटिंग प्रतियोगिता में जे एम डी वर्ल्ड स्कूल के बच्चों ने उच्चस्तरीय प्रदर्शन करते हुए अपना और जे एम डी स्पोर्टस एकेडमी का परचम लहराया। स्विमिंग मे कुल तीन गोल्डए एक सिल्वर और चार ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किए। जबकि स्केटिंग में तीन ब्रॉन्ज मिले। स्कूल के छात्र . छात्राओं ने यूथ ऑलंपिक प्रतियोगिता में अपने प्रदर्शन से अपनी उपस्थिति दर्ज करायी और दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहे। स्विमिंग प्रतियोगिता द स्पोर्ट्स हब मे संपन्न हुई जिसमें जे एम डी वर्ल्ड स्कूल के युवा प्रतिभाओं ने निम्न स्थान हासिल किया स्कूल प्रधानाचार्या श्रीमती मलिका अरोरा जी ने सभी युवा विजेताओं को बधाई देते हुए भविष्य में उच्च स्तर पर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।स्पोर्ट्स विभागाध्यक्ष श्री विकास विक्टर जी के साथ स्केटिंग कोच श्री राहुल जी एवं स्विमिंग कोच श्री नन्द किशोर त्यागी जी को बधाई देते हुए सम्मानित किया गया। किया गया।*

### सीसीटीवी कैमरों की मदद से पुलिस ने पकड़ा बाइक चोर

घाटमपुर। कैप्टन सुखवासी सिंह स्मारक जनता महाविद्यालय में लगी प्रदर्शिनी के बाहर खड़ी बाइक चोरी जाने पर पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोर को ढूंढ निकाला। जिसके पास से चोरी की बाइक बरामद होने पर पुलिस ने उसे पकड़ कर जेल भेजा है। थाना प्रभारी धनंजय कुमार पांडेय ने बताया कि पुलिस ने कस्बे के जवाहर नगर पश्चिमी निवासी अभियुक्त अभिषेक सिंह उर्फ पंकज 26 बुधवार को भदरस तिराहे से थोड़ी दूर आगे पुलिया से गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से चोरी गई मोटर साइकिल बरामद की गई।

### सड़क हादसों में आधा दर्जन घायल दी रेफर

**घाटमपुर।** थाना क्षेत्र में हुए दो अलग अलग सड़क हादसों में बच्चों समेत आधा दर्जन लोग घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी लाया गया। जिनमें दो की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें उर्सला अस्पताल रेफर किया गया। पहला हादसा भैरम पुर गांव के पास हुआ जहां चार पहिया वाहन की टक्कर से बाइक सवार बावन निवासी शिवम सचान 30 पुत्र बलवीर व उसकी मां सुशील 60 तथा बहिन रिचा 16 घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी लाया गया। वहीं दूसरा हादसा भदरस रोड़ पर पानी की टंकी के पास हुआ जहां शेखवाड़ा वार्ड निवासी बाइक सवार ताबिश 17 पुत्र समीउल्लाह ए नशरा 5 पुत्री सोनू तथा मुसैफ 6 पुत्र सोनू अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी लाया गया। जहां से नशराह व मुसैफ को इलाज केलिए सीएचसी से उर्सला अस्पताल रेफर किया गया।

### किशोरी को भगा ले जाने वाला युवक भेजा गया जेल

घाटमपुर। थाना क्षेत्र के एक गांव से किशोरी को भगा ले जाने वाले युवक को पकड़ कर पुलिस ने जेल भेजा है। किशोरी के पिता ने थाना सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र के सेन पुरा निवासी कठेरिया पुत्र चन्द्र पाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराते हुए आरोप लगाया था कि 19 मई 2025 की रात्रि को उसकी 15 साल की बेटी को बहला.फुसलाकर भगा ले गया है।उस की पुत्री को भगा ले जाने से एक दिन पहले उसने एक मोबाइल भी खरीद कर बेटी को भेजा था। जिस पर पुलिस के साथ परिजनों द्वारा की जा रही किशोरी की तलाश के बीच दोनों के नोएडा में होने की लोकेशन मिली। दोनों को पकड़कर घाटमपुर थाने लाए जाने के बाद मेडिकल के लिए भेजा गया। थाना प्रभारी धनंजय कुमार पांडेय ने बताया कि आरोपी युवक को पकड़ कर जेल भेजा गया है।

### रिज़र्व पुलिस लाइन हमीरपुर में एसपी ने रिक्रूट आरक्षियों को दिया प्रशिक्षण

हमीरपुर। आज पुलिस लाइन, हमीरपुर में रिक्रूट आरक्षियों हेतु विशेष प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक हमीरपुर, द्वारा किया गया। जिन्होंने आरक्षियों को पुलिस सेवा के मूल सिद्धांतों, आचरण और उत्तरदायित्वों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान आरक्षियों को अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा, जनसंपर्क कौशल, अपराध की रोकथाम तथा आपातकालीन स्थितियों में त्वरित कार्रवाई जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बल के आधुनिककरण, साइबर अपराध, महिला एवं बाल सुरक्षा, संवेदनशीलता तथा मानवाधिकारों के संरक्षण जैसे विषयों पर भी चर्चा की। इस अवसर पर रिक्रूट आरक्षियों ने पूरे उत्साह एवं एकाग्रता के साथ प्रशिक्षण में भाग लिया । उन्हें प्रशिक्षण के दौरान प्रश्न पूछने और व्यावहारिक अनुभव साझा करने का भी अवसर प्राप्त हुआ। यह प्रशिक्षण उनके आगामी पुलिस कार्य में अनुशासन एवं दक्षता लाने में सहायक सिद्ध होगा। प्रशिक्षण के अंत में सभी रिक्रूट आरक्षियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी और देश सेवा के प्रति पूर्ण समर्पण भाव से कार्य करने का आवाहन किया।

### प्रभावी पैरवी गैंगस्टर एक्ट के 3 अभियुक्तो को 3-3 वर्ष के कठोर कारावास

हमीरपुर। जनपद हमीरपुर थाना मुस्करा में मुअसं. 211/11 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में अभियुक्त बल्लू उर्फ रामविशाल सैनी पुत्र कठोरी सैनी निवासी तिंदौली थाना श्रीनगर जनपद महोबा उप्र., जुगुल कुमार उर्फ दद्दा पुत्र विन्दावन राजपूत निवासी कुर्रा थाना राठ जनपद हमीरपुर व रामदास पुत्र भदइया प्रजापति निवासी वक्छा थाना सिसोलर जनपद हमीरपुर (पत्रावली अलग चल रही है)। शहजाद अली पुत्र मजिद अली निवासी मुहाल काजीपुरा तालाब कस्बा व थाना पनवाडी जनपद महोबा उप्र. के विरुद्ध अभियोग 23 फरवरी 2011 को पंजीकृत किया गया। जनपद हमीरपुर के आपरेशन कन्विक्शन के तहत चिन्हित अभियोग मे जनपद हमीरपुर के अभियोग मे अभियोजन विभाग से समन्वय करके समयबद्ध रूप से साक्षियों का साक्ष्य कराकर प्रभावी पैरवी किये जाने के फलस्वरुप आज न्यायालय स्पे. जज ईसी एक्ट/गैंगस्टर एक्ट जनपद हमीरपुर द्वारा अभियुक्त बल्लू उर्फ रामविशाल सैनी, जुगुल कुमार उर्फ दद्दा व शहजाद अली उपरोक्त को दोषसिद्ध करते

## अनियंत्रित डंपर ने बाइक व बोलेरा में टक्कर मारते हुए मजदूर को कुचला, मौत

**हादसे के बाद डंपर छोड़कर भागने की कोशिश करने पर मजदूरों व महिलाओं ने दौड़ कर पकड़ने के बाद की चालक व खलासी की पिटाई**

**घाटमपुर।** सजेती कस्बे में साधन सहकारी समिति के सामने हाइवे पर बेकाबू हुए एक डंपर से कुचलकर सड़क किनारे काम कर रहे मजदूर की मौत हो गई।बे काबू डंपर ने इससे पहले मोपेड व साइकिल सवार को टक्कर मारी। हादसों के बाद भागने पर जब उसे रोकने को जब बुलेरो आगे आई तो टक्कर मारते हुए सड़क पर काम कर रहे मजदूर को रौंदता चला गया। जिससे मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। घटना से आक्रोशित साथी मजदूरों व महिलाओं ने डंपर के चालक व खलासी को पकड़कर पिटाई करने के बाद पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर तीनो घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से चालक को उर्सला अस्पताल रेफर किया गया।हमीरपुर जनपद के कुरारा थाना क्षेत्र के भवली निवासी राधेश्याम 38 पीएनसी में मजदूरी करता था। बुधवार की सुबह वह कस्बे में सड़क पर हुए गड्डों को साथी मजदूरों के साथ ठीक कर रहा था। तभी हमीरपुर की ओर से आ रहे गिट्टी लदे डंपर ने बाजार करने आए मऊ नखत निवासी कैलाश मिश्रा की मोपेड में टक्कर मार दी। इसके बाद अज्योरी निवासी साइकिल सवार महावीर को टक्कर मार दी। एक के बाद एक हुए दो हादसों के बाद चालक डंपर भगाकर ले जाने लगा। तभी पीछे चल रही बुलेरो के चालक ने डंपर रोकने का प्रयास किया डंपर उसे टक्कर मारकर सड़क पर काम कराए राधेश्याम को कुचलता चला गया। हादसा होते ही अन्य मजदूरों व ग्रामीणों ने डंपर को चालक व खलासी समेत पकड़ लिया। इसके बाद चालक को लाठी डंडों से पीटना शुरू कर दिया। इससे वह भी गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों डंपर चालक ए कैलाश व महावीर को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से डंपर चालक को उर्सला रेफर कर दिया गया।थाना प्रभारी कमलेश राय ने बताया कि डंपर को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी।



## ऑटो व ई रिक्शा चालकों की मनमानी पर कब कसेगी लगाम



घाटमपुर। नगर के प्रमुख मार्गों पर फर्राटे भरने वाले डग्गामार वाहनों की घाटमपुर में भी अराजकता शबाब पर है। चौराहे से लेकर आस पास जब देखो तब इनकी अराजकता से जाम ही जाम लगा रहता है। इतना ही नहीं चौराहे से लेकर रोड वेज बस स्टैंडए कोतवाली व तहसील तथा सीएचसी के आस पास से डग्गामार वाहन धड़ल्ले से दौड़ते रहते हैं।ऐसा नही कि डग्गामार वाहनों का संचालन का मामला सिर्फ स्थानीय स्तर तक ही गूंजता हो बल्कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में आए अधिकारियों के सामने भी इनके संचालन का मामला गूंजता रहता है। कई बार अधिकारियों द्वारा कड़ी नाराजगी जताने के साथ पुलिस से अभियान चलाकर कार्यवाही किये जाने के दिए गए निर्देशों को भी धता बताकर संचालन जस की होता रहता है। लगने वाले जाम को लेकर डग्गामार वाहनों का संचालन निर्धारित किये गए अडडों से करवाये जाने के लिए किए अब तक किए गए प्रयासों को भी ढंडे बस्ते में डाल दिया गया है। इतना ही नहीं ट्रैफिक पुलिस द्वारा डग्गामार वाहनों के किए जाने वाले चालान खाना पूरी तक ही सीमित रहने के चलते डग्गामार वाहनों पर कार्यवाही का कोई असर नहीं दिखाई देता है। सबसे बुरा हाल तो चौराहे के आस पास व रोड़ वेज बस स्टैण्ड तक के सर्विस रोड़ का है।जहां तक नजर जाए वहां तक सड़क पर वाहन व ई रिक्शा खड़ा कर के चालक सवारियां भरते नजर आएंगे। इन सब की अनदेखी किए जाने से जहां देखो वहां ई रिक्शा चालकों की मनमानी से और भी अराजकता बढ़ने के साथ जाम ही जाम लगा रहता है। ई रिक्शा के रजिस्ट्रेशन व लाइसेंस की लागू व्यवस्था के धड़ाम होने से ई रिक्शों की बाढ़ सी आ गई है। डग्गामार वाहनों के साथ ई रिक्शों का संचालन निर्धारित स्थानों से किए जाने को लेकर कई बार अब तक मांग उठ चुकी है।



### सीएचसी के चिकित्साधीक्षक का चार्ज लेने पर हुआ स्वागत

**चिकित्साधिकारी डॉव कैलाश चन्द्र की जगह डॉव पवन सचान बनाए गए अधीक्षक**

घाटमपुर। सीएचसी में चिकित्सकों की कमी के बीच चिकित्साधीक्षक डॉक्टर कैलाश चन्द्र का भी तबादला सरसौल सीएचसी किए जाने के साथ उनकी जगह सीएचसी के चिकित्साधिकारी डॉव पवन सचान को चिकित्साधीक्षक बनाया गया था। जिनके अवकाश से वापस लौटने पर बुधवार को उन्होंने चार्ज लिया तो लोगों ने खुशी जताई। सुबह से लेकर शाम तक चले उन्हें बधाई देने वालों का सिल सिला बना रहा। वहीं चिकित्साधीक्षक बनाए गए डॉक्टर पवन सचान ने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि शासन की मंशा के अनुरूप साथी चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मचारियों के साथ सीएचसी इलाज केलिए आने वाले मरीजों को पहले की तरह सुलभ चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध करा सकें। साथ ही उन्होंने सब से सहयोग की अपेक्षा भी की। खुशी जताने वालों में पालिकाध्यक्ष पति हाफिज अब्दुल अहद व सभासद विवेक शुक्लाए सभासद मुकेश दीक्षितए शरीफ अलीए उवैस अहमदए राम चन्द्र गुप्ता समेत तमाम लोग शामिल रहे।

## दिवंगत शिक्षिका की पांच वर्षीय बेटी चहक की पचास लाख से हो रही मदद

**स्व0 सीमा गौर की स्मृति में किया गया पौधारोपण**

**मात्र 15.5 रुपए से दस करोड़ में बीस परिवारों की हो रही मदद**

ककवन।आज प्राथमिक विद्यालय उत्तमपुर विकास खंड ककवन कानपुर नगर में शिक्षिका के पद पर कार्यरत रहीं स्व0 सीमा गौर की स्मृति में उनके विद्यालय में टीचर्स सेल्फ केयर टीम ;ज्ैब्द्ध कानपुर नगर ने विद्यालय तथा ब्लॉक संसाधन केंद्र ककवन में वृक्षारोपण किया।जिसमें कानपुर मंडल संयोजक जितेंद्र कुमार यादव ने भी शिरकत की। मंडल संयोजक जितेंद्र कुमार ने बताया कि प्रदेश संस्थापक विवेकानंद आर्या के आव्हान पर प्रत्येक दिवंगत शिक्षक की स्मृति में वृक्षारोपण किया जाएगा। विदित हो सीमा गौर की कैंसर की बीमारी से विगत नवंबर माह में मृत्यु हो गई थी और इस माह होने वाले सहयोग में उनके परिवार को ज्ैब्ज् सदस्यों द्वारा पचास लाख रु0 का सहयोग किया जा रहा है। जिला मीडिया प्रभारी अनूप कुमार यादव ने बताया कि किसी भी शिक्षक या शिक्षिका के जाने से उसके परिवार की तो अपूर्णीय क्षति होती है किंतु विद्यालय के बच्चों की भी हानि होती है। एक अच्छा और योग्य शिक्षक उनके विद्यालय से हमेशा के लिए चला जाता है। उनकी स्मृतियों को उस विद्यालय में शेष रहने के लिए स्व0 सीमा गौर ;प्राथमिक विद्यालय उत्तमपुर ककवन द्ध की माता श्रीमती उर्मिला देवी और भाभी श्रीमती आकांक्षा के साथ स्व0सीमा गौर की पांच वर्षीय पुत्री चहक सिंह जिसे यह भी नहीं पता कि उसकी मां उसे छोड़कर कहां चली गई ने विद्यालय के छात्रों के लिए लोहे की अलमारी तथा एक टीवी और छोटे बच्चों को बैठने के लिए कुर्सियां दान स्वरूप दी । प्राथमिक विद्यालय की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका शमसुन आरा ने विद्यालय में उनके योगदान की चर्चा की तो सभी की आंखे नम हो गई।जिला संयोजक सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि प्रत्येक माह 11 दिन में प्रदेश टीएससीटी के लगभग चार लाख सदस्य अपने बीच के असमय गए साथियों के परिवार को ऑनलाइन ट्रांसफर करके 20 परिवारों को 10 करोड़ रुपए की सहायता राशि देते हैं। अब तक 356 दिवंगत सदस्यों के परिवार को लगभग रु 148 करोड रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जा चुकी है। प्रदेश के इतिहास मे टीएससीटी प्रतिमाह अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ती हुई आर्थिक सहयोग करके एक नया अध्याय लिखती है। इसके लिए ज्ैब्ज् के सभी शिक्षकसदस्य बधाई के पात्र हैं। इस अवसर पर मंडल संयोजक जितेंद्र कुमार जिला संयोजक कानपुर नगर सुनील कुमार वर्मा जिला मीडिया प्रभारी अनूप कुमार यादव सहित जिला बिल्हौर ब्लाक संयोजक आलोक कुमार सहसंयोजक सौरभ कटियार ब्लाक सहसंयोजक ब्लॉक ककवन के सक्रिय साथी पंकज पाल अभिषेक यादव शैलेन्द्र राजपूत वीरेंद्र यादव नीलम देवी दिशा कुशवाहा महेश कुमार सीता देवी अमित बाजपेई निशात नीलम गौतम सुनीता दीपा सहित अनेक शिक्षकध्शिशिकाएं उपस्थित रहे।



## पेयजल संकट से जूझ रही दो वार्डों की महिलाओं ने नगर पंचायत में किया प्रदर्शन

सुमेरपुर-हमीरपुर। सुमेरपुर कस्बे के वार्ड संख्या छह एवं बारह की महिलाओं ने पेयजल समस्या को लेकर नगर पंचायत का घेराव करके जमकर हंगामा काटा। अधिशाषी अधिकारी के पुलिस बुलाने की धमकी से महिलाओं में आक्रोश पनप गया। वार्ड संख्या छह की निवासी आरती, राजकुमारी, पुष्पा, ज्योति, गीता, सुनीता, रानी, गायत्री आदि ने बताया कि उनके वार्ड में पानी की सप्लाई नहीं हो रही है इससे वह परेशान हैं। शिकायत के बाद समस्या का समाधान नहीं हुआ है। ऐसा ही हाल वार्ड संख्या 12 में है। पेयजल संकट से जुझ रही महिलाओं ने नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर समस्या अधिशाषी अधिकारी को बतानी चाही। इस पर नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी दिनेश आर्य भड़क गए और पुलिस बुलाने की धमकी दे डाली। जिससे महिलाओं में आक्रोश व्याप्त हो गया। महिलाओं का कहना था कि यह उनका अपमान है। उनकी समस्या सुनने के बजाय उन्हें धमकाया जा रहा है। अधिशाषी अधिकारी दिनेश आर्य ने कहा कि महिलाएं बेवजह हंगामा कर रही थी। तब उन्हे शांत करने के लिए पुलिस बुलाने की बात कही थी। इस समय नगर पंचायत में बजट नहीं है लेकिन डिमांड लगाई जा चुकी है। जैसे ही बजट आएगा वैसे ही पाइप लाइन डलवा दी जाएगी।


**नगर निगम कानपुर**

**प्रेस विज्ञप्ति**

दिनांक 16.07.2025 को एम०एस०सी०–2 संख्या 485 गिर गई/खो गई है जिसमें क्रम संख्या 01 से 50 तक पेज है। इस एम०एस०सी०–2 का उपयोग नहीं किया गया है। यदि यह एम०एस०सी०–2 कोई प्रयोग करता है तो इसे अवैध माना जायेगा।

**प्रभारी अभियन्ता** (मा०प्र०) नगर निगम कानपुर | **नगर आयुक्त** नगर निगम कानपुर

आर. 126 दि. 23.07.2025

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-फतेहपुर।**

ई0मेल : eeredfatehpur@gmail.com

पत्रांक: 339/ग्रा0अ0वि0/ई–निविदा/2025–26 दिनॉक: 15.07.2025

**ई–निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से उ0प्र0 ग्रामीण अभियंत्रण विभाग में ''ए,बी,सी,डी'' श्रेणी के पात्र सिविल कार्य में पंजीकृत निविदाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | जनपद | कार्य का नाम | लागत (ला0में) | धरोहर धनराशि (रू) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0टी0 सहित (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | फतेहपुर | शिक्षा विभाग | | | | |
| 1 | | श्री गणेश शंकर विद्यार्थी इण्टर कालेज हथगाम फतेहपुर के माध्यमिक विद्यालय के जीर्णोद्वार का निर्माण। | 42.37 | 85000 | 854.00 | 06 माह |
| 2 | | रघुनाथ सहाय इण्टर कालेज हथगाम फतेहपुर के माध्यमिक विद्यालय के जीर्णोद्वार का निर्माण। | 48.74 | 98000 | 854.00 | 06 माह |
| 3 | | स्वामी चन्द्र दास इण्टर कालेज हसवां फतेहपुर के माध्यमिक विद्यालय के जीर्णोद्वार का निर्माण। | 64.99 | 130000 | 854.00 | 06 माह |
| 4 | | जिला चिकित्सालय फतेहपुर में एन0आर0सी0 सेन्टर के सुदृढीकरण एवं उच्चीकरण का कार्य। | 19.55 | 39000 | 854.00 | 06 माह |
| 5 | | समाज कल्याण कार्यालय के पीछे रिक्त स्थान पर आगंतुक हेतु टीन शेड व शौचालय का निर्माण कार्य। | 11.07 | 22000 | 765.00 | 06 माह |

1– कार्य पूर्ण करने की अवधि में वर्षा ऋतु भी सम्मिलित है।
2– बेवसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है जोकि बेवसाइड से डाउनलोड किये जा सकते है। नियम एवं शर्तें उक्त बेवसाइट पर देखी जा सकती है।
3– भरे हुये बिड डाक्यूमेन्ट आनलाइन द्वारा वेबसाइट पर **दिनांक 11.08.2025 से 17.08.2025 के पूर्वान्ह 12:00 बजे तक** अपलोड किये जा सकते है, जिसकी बिड **दिनांक 18.08.2025 को अपरान्ह 02:00 बजे** अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग प्रखण्ड फतेहपुर विकास भवन में खोली जायेगी।
4– निविदा की धरोहर धनराशि एवं निविदा प्रपत्र की मूल्य समस्त कर सहित क्रमशः कालम नं0 05 व 06 के अनुसार UP etender online recurement में केवल इण्टरनेट बैंकिंग (Internet Banking) के माध्यम से ही जमा करना अनिवार्य होगा। अन्य किसी माध्यम से उक्त मूल्य स्वीकार नही किया जायेगा।

**अधिशासी अभियंता**
**ग्रामीण अभियंत्रण विभाग**
**प्रखण्ड फतेहपुर**

उ0प्र0 236066 दिनांक- 18.07.2025
Web.: www.upidadv.gov.in

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, उरई**

पत्रांक 723 /सूपड़ा बकिट/आपूर्ति/निविदा सूचना/(25–26)/न०पा०परि०/उरई दि.22.7.2025

**निविदा सूचना**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पालिका के कूड़ा उठाने हेतु वाहन सोनालिका ट्रैक्टर लोडर का सूपड़ा (बकिट) क्रय किया जाना है। सोनालिका ट्रैक्टर लोडर का सूपडा (बकिट) की दरें प्राप्त करने हेतु निविदा का प्रपत्र दिनांक 02/08/25 को सायं 05.00 बजे तक पालिका में निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त कर सकते है। निविदा दिनांक 03/08/25 को 02.00 बजे तक नगर पालिका परिषद कार्यालय में आमन्त्रित की जाती है एवं निविदा उसी दिन निविदादाताओं के समक्ष 04.00 बजे खोली जायेगी। अन्य जानकारी के लिये किसी भी कार्य दिवस में सफाई अनुभाग सम्पर्क किया जा सकता है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | आगणित धनराशि (समस्त कर सहित) | धरोहर धनराशि 2 प्रतिशत | निविदा प्रपत्र मूल्य (समस्त कर सहित) | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Front Hoe Tractor Loader Bucket On Sonalika Tractor With Fitting and assembly Complete | रु. 1,65,000.00 | रु. 3500.00 | रु. 250,00 | 07 दिवस |

शर्तें–
1. सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी।
2. निविदा में कटिंग मान्य न होगी।
3. निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अध्यक्ष /अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, उरई को होगा।
4. निविदा के साथ 100.00 का जनरल स्टाम्प संलग्न करना अनिवार्य है।
6. आपूर्तिकर्ता द्वारा 01 सप्ताह तक सामग्री उपलब्ध न कराये जाने पर जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगी।

**अधिशासी अधिकारी** नगर पालिका परिषद, उरई | **अध्यक्ष** नगर पालिका परिषद, उरई

स्वतंत्र भारत
कानपुर बृहस्पतिवार , 24 जुलाई 2025 5

# फतेहपुर समाचार

**महिला ने जहर खाकर दी जान**

**फतेहपुर।** चांदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कुंदेरामपुर में घरेलू कलह के चलते 46 वर्षीय महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया जिसे उपचार के लिए सीएचसी लाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर उसे सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। इसी बीच उसने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार कुंदेरामपुर गांव निवासी इन्द्रपाल की पत्नी शकुन्तला ने घरेलू कलह के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजन उसे तत्काल सरकारी एंबुलेंस से उपचार के लिए सीएचसी लाए। हालत ठीक न होने पर चिकित्सक ने उसे रिफर कर दिया। तभी मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया।

## चेयरमैन व ईओ ने डंपरों को दिखाई हरी झण्डी



फतेहपुर। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राजकुमार मौर्य एड. व अधिशासी अधिकारी रविंद्र कुमार ने नगर क्षेत्र की सफाई व्यवस्था हेतु आए नए डंपरों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया साथ ही वार्ड के सुपरवाइजर को एंटी लार्वा का छिड़काव हेतु स्प्रे केमिकल मशीन भी वितरित की। वाहनों को रवाना करते हुए चेयरमैन श्री मौर्य ने कहा कि मुख्य मार्गो पर बड़े वाहनों से कूड़े का उठान किया जाएगा। जिससे जल्द कूड़े का निस्तारण हो सके। उन्होने कहा कि नगर पालिका परिषद सफाई व्यवस्था को लेकर बेहद गंभीर है।

इस मौके पर सभासद विनय तिवारी, अयाज अहमद उर्फ राहत, शादाब अहमद, संतोष पटेल, विवेक यादव, आफताब अहमद, एनुल आब्दीन हुमायूं, गुड्डू यादव, मकबूल अहमद उर्फ भोले नवाब, वसीम खान उर्फ राजू, अतीश पासवान, अरुण यादव, राम सिंह पटेल, मो. आरिफगुड्डा, आशु सिंह, विवेक नागर, आफताब अहमद, पवन द्विवेदी, ऋतिक पाल के अलावा नगर पालिका के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राकेश कुमार गौड़, आर चंद्राकर, मोहम्मद हबीब, क्षेत्र के सफाई नायक गजंफर हुसैन, परवेज अहमद, बिरजू, चंद्र प्रकाश, नफीस अहमद, लईक अहमद, वैभव राजन, श्रवण कुमार, विजय प्रकाश, शशांक, आरिफखान भी मौजूद रहे।

## किसान हुंकार महापंचायत को लेकर भाकियू ने बनाई रणनीति



**फतेहपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट की मासिक बैठक नहर कालोनी प्रांगण में जिलाध्यक्ष नवल सिंह पटेल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें 30 जुलाई को होने वाली किसान यूनियन की हुंकार महापंचायत को लेकर जनपद से किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं के शामिल होने की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में युवा प्रदेश अध्यक्ष अनुज सिंह व मध्यांचल जोन के अध्यक्ष सालिगराम यादव रहे। बैठक के दौरान जिले की खराब विद्युत आपूर्ति को सुधारे जाने, धान व अन्य फसलों की बुवाई के लिए नहरों में पर्यात पानी छोड़े जाने, खाद की कालाबाज़ारी रोकने व समितियों के माध्यम से किसानों को खाद उपलब्ध कराये जाने समेत किसानों की अन्य समस्याओं पर चर्चा की गई। साथ ही तीस जुलाई को प्रयागराज जनपद में किसानों की होने वाली हुंकार महापंचायत की तैयारियों को लेकर समीक्षा की गई।

**■ जनपद से बड़ी संख्या में शामिल होंगे किसान**

जिलाध्यक्ष नवल सिंह पटेल के नेतृत्व में युवा प्रदेश अध्यक्ष अनुज सिंह व मध्यांचल ज़ोन के अध्यक्ष सालिगराम यादव के प्रथम जनपद आगमन पर फूल-मालाओं से लादकर ज़ोरदार स्वागत किया गया। साथ ही किसान यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष रहे राजेन्द्र सिंह को राष्ट्रीय संगठन मंत्री बनाये जाने पर व नवल सिंह पटेल को जिलाध्यक्ष मनोनीत किये जाने पर किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। युवा प्रदेश अध्यक्ष अनुज सिंह ने 30 जुलाई को प्रयागराज जनपद में किसानों की होने वाली हुंकार महापंचायत को सफल बनाने के लिए जनपद से बड़ी संख्या में संगठन के कार्यकर्ताओं से प्रयागराज पहुँचने व कार्यकम को भव्य बनाने की अपील की। इस मौके पर नागेंद्र सिंह, देवनारायण पटेल आदि रहे।

## बीजेपी जिलाध्यक्ष से मिले हनुमान मंदिर चौक के प्रबंधक

**■ कुछ लोगों पर उनकी व पार्टी की छवि बिगाड़ने का मढ़ा आरोप, कार्रवाई की मांग**



फतेहपुर। श्री जय हनुमान मंदिर चौक के सर्वराकार/प्रबंधक एवं भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री राम प्रकाश गुप्ता ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल से मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें कुछ लोगों पर उन्होने उनकी व पार्टी की छवि बिगाड़ने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। भाजपा जिलाध्यक्ष को दिए गए ज्ञापन में मंदिर के सर्वराकार/प्रबंधक राम प्रकाश गुप्ता ने बताया कि वह मंदिर के प्रबंधक हैं। भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष, पूर्व जिला महामंत्री व पूर्व जिला उपाध्यक्ष भी रहे। वर्ष 2012 में भाजपा की ओर से उन्होने नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद का चुनाव भी लड़ा था।

उन्होने आरोप लगाया कि वीरेन्द्र पाण्डेय, पप्पन रस्तोगी, जगन्नाथ प्रसाद गांधी, कालका प्रसाद, राजू पुरवार ने विगत दिनों एक प्रेस वार्ता करके उनकी छवि खराब करने का कुचक्र कर रहे हैं, जबकि मंदिर का मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है। अगर इनके कागजात सही है तो न्यायालय में लगाकर उसका सामना करें। न्यायालय का जो फैसला आएगा उसको मानने के लिए बाध्य हैं। उन्होने भाजपा जिलाध्यक्ष से मांग किया कि पार्टी की छवि खराब करने वालों के खिलाफ न्याय संगत कार्रवाई की जाए।

## संसद के मानसून सत्र में बुंदेलखंड राज्य की मांग उठाएं सांसदः प्रवीण

खागा, (फतेहपुर)। बुंदेलखंड राष्ट्र समिति ने क्षेत्र के सभी सांसदों से अपील किया कि वे मानसून सत्र में संसद में एकजुट होकर पृथक बुंदेलखंड राज्य की मांग को उठाएं और प्रधानमंत्री से मिलकर जनभावनाओं से उन्हें अवगत कराएं। समिति ने चेताया कि यदि सांसद इस अवसर पर भी चुप रहे, तो वे एक ऐतिहासिक मौका खो देंगे। समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण पाण्डेय बुंदेलखंडी ने बताया कि वे अब तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 42 बार अपने खून से पत्र लिखकर पृथक बुंदेलखंड राज्य की मांग कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष चित्रकूट में आयोजित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की पांच दिवसीय बैठक में बुंदेलखंड राज्य का मुद्दा गंभीरता से चर्चा में आया था। संघ के शीर्ष नेतृत्व ने भी माना कि क्षेत्र को विकास की मुख्यधारा में लाने के लिए बुंदेलखंड को उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश के प्रशासनिक बंधनों से मुक्त किया जाना जरूरी है।

प्रवीण पाण्डेय बुंदेलखंडी ने बताया कि जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य द्वारा संघ प्रमुख मोहन भागवत के समक्ष मुखर होकर बुंदेलखंड राज्य की मांग उठाना अत्यंत प्रशंसनीय और प्रेरणास्पद है। उन्होंने कहा कि अब बारी बुंदेलखंड के सांसदों की है कि वे संसद में इस विषय को सामूहिक रूप से उठाएं और मातृभूमि के प्रति अपने उत्तरदायित्व को निभाएं। उन्हें चाहिए कि वे एक संयुक्त प्रतिनिधिमंडल बनाकर प्रधानमंत्री से मिलें और बुंदेलखंड की सामाजिक-आर्थिक दुर्दशा की सच्चाई उन्हें बताएं। उन्होंने यह भी स्मरण कराया कि पूर्ववर्ती सरकार के दौरान उत्तर प्रदेश विधानसभा में बुंदेलखंड क्षेत्र के सभी 19 विधायक एकजुट होकर पृथक राज्य की मांग उठा चुके हैं, जिसके बाद ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुंदेलखंड विकास बोर्ड का गठन किया था। अब वक्त है कि सांसद भी आगे आएं। प्रवीण पाण्डेय बुंदेलखंडी ने अंत में कहा कि लोकसभा चुनाव से पूर्व ही केंद्र सरकार को बुंदेलखंड राज्य की घोषणा कर जनता से किया गया वादा निभाना चाहिए।

## बरमतपुर में अन्यायपूर्ण कार्रवाई पर समिति ने उठाई जांच की मांग

फतेहपुर। बरमतपुर में हुए प्रशासनिक अत्याचार को लेकर जनाक्रोश बढ़ता जा रहा है। बुधवार को युवा विकास समिति के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें तहसील के आधिकारी द्वारा की गई कार्रवाई को न केवल पक्षपातपूर्ण बताया गया, बल्कि इसे एक दलित, दिव्यांग और अत्यंत गरीब परिवार के प्रति अन्याय की संज्ञा दी गई है। जिसमें तहसील प्रशासन की मनमानी व पूर्वाग्रह से ग्रसित रवैये पर सवाल उठाए गए हैं। युवा विकास समिति का कहना है कि गरीबों के अधिकारों का इस प्रकार हनन करना न केवल प्रशासनिक विफलता है बल्कि मानवीय संवेदनाओं का भी अपमान है।

समिति के अध्यक्ष ज्ञानेंद्र मिश्रा ने कहा कि पूरे मामले की न्यायिक जांच कराई जाए और दोषी आधिकारियो पर एफआईआर दर्ज की जाए। साथ ही सदर तहसील में लंबे समय से तहसीलदार का पद खाली है। एक ही अधिकारी जो कि नायब तहसीलदार सदर हैं वही तहसीलदार की भी चार्ज देख रहे है एक अधिकारी दो जिम्मेदारी कैसे उठा सकता है जनहित पर जल्द तहसीलदार पद पर नियुक्त की जाए। वर्षों से एक ही स्थान पर जमे हुए कर्मचारियों की भूमिका संदेहास्पद बनती जा रही है। युवा विकास समिति ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने इस प्रकरण को गंभीरता से नहीं लिया और दोषियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई नहीं की गई तो समिति जनांदोलन करने के लिए बाध्य होगी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष कंचन मिश्रा, ऋषि बाजपेई, श्याम तिवारी, दीप कुमार, अभिषेक, आफताब, आचार्य सरस्वती महाराज आदि रहे।

## एसपी को दरख्वास्त देकर लगाया बहन की हत्या का आरोप

फतेहपुर। मलवा थाना क्षेत्र के गांव भदबा निवासी ललित कुमार ने गाजीपुर थाने के गांव पखरौली निवासी अपनी बहेन के ससुरालीजनों पर बहेन पूजा देवी की दहेज़ की मांग पूरी न होने पर विगत 18 जुलाई को हत्या कर देने का आरोप लगाते हुए कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है।

पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायतीपत्र में ललित कुमार ने गाजीपुर थाना अध्यक्ष पर हत्यारों को बचाने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि उसकी बहन ने घटना के दस मिनट पहले फ़ोन करके ससुरालोजनों द्वारा उसकी हत्या की योजना बनाने की जानकारी दी थी, कुछ देर बाद ही उसको मार दिया गया, जबकि पुलिस ने एफआई.आर. में आत्महत्या दर्शाकर केस कमज़ोर कर दिया है। पुलिस अधीक्षक से ग़ाज़ीपुर पुलिस की भूमिका की भी जाँच करवाने की मांग की है।

## किसान संघर्ष समिति ने सीएम को भेजा ज्ञापन

फतेहपुर। तीन सूत्रीय मांगों को लेकर किसान संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर शिकायतों की गंभीरता से जांच कराकर न्याय दिलाए जाने की मांग की। समिति के प्रदेश अध्यक्ष रंजीत सिंह पटेल की अगुवई में पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे और सीएम को भेजे गए ज्ञापन में बताया कि जीटी रोड से कोराई मार्ग पर गांव किनारे बगल में महादेव का मंदिर व तालाब है। महाशिवरात्रि के दिन हिन्दुओं द्वारा जलाभिषेक किया जाता है। बड़ी संख्या में लोग दंगल से उसी रास्ते से आते-जाते हैं। भूमाफियाओं ने रास्ते पर अवैध कब्जा कर रास्ते को जाम कर दिया है। तत्काल अवैध अतिक्रमण हटाया जाए। शहर में चमनबाग व बड़ी बाग में चल रही प्लाटिंग व हरे पेड़ों को काटे जाने की शिकायत 12 अप्रैल 2023 को जिला प्रशासन से की गई थी इसके बावजूद आज भी कुल्हाड़े चटक रहे हैं। मामले की जांच कराकर दोषीजनों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। शहर के सीओ सिटी आफिस के सामने संचालित प्राइमरी पाठशाला के समीप ही भूमाफिया अवैध कब्जा करने की नियत से प्राइवेट स्कूल चलाते हैं। जो कानून के विरूद्ध है। सभी शिकायतों की गंभीरता से जांच कराकर कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई। इस मौके पर धीरेन्द्र बहादुर पासवान एड., रामनरेश सिंह, विजय सिंह एड., संदीप पाण्डेय एड., रामसागर सिंह एड., रिशू सोनी एड., मणि प्रकाश दुबे एड. भी मौजूद रहे।

## पीड़ित पूर्व सैनिक से मिले संगठन के पदाधिकारी



फतेहपुर। भूतपूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष विद्याभूषण तिवारी संगठन के पदाधिकारियों के साथ मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम गाजीखेड़ा स्थित पूर्व सैनिक हवलदार जगदेव पाल के आवास पहुंचे। अध्यक्ष श्री तिवारी ने बताया कि हवलदार जगदेव पाल एक जांबाज सैनिक हैं। जिसने सेवा के दौरान अपनी बाई टांग खो दी। 20 जुलाई को पड़ोसी लामबंद होकर उसकी जमीन पर अवैध निर्माण करवाने लगे जबकि लेखपाल मेंढक लाल की आख्या पर 16 जुलाई को दोनों पक्षों को निर्माण कार्य न करने का तहसील द्वारा आदेश पारित किया गया था। इसके बावजूद मलवां थाने के इस हलके के एक सिपाही शह पर बजरिया निर्माण करना शुरू कर दिया गया। मना करने पर पूर्व सैनिक, उसकी पत्नी व बहू को मार कर मरणासन्न कर दिया। उसके पश्चात सिपाही पीड़ितों को थाने ले गया। जहां सभी को बैठाए रखा। अपराधियों को निर्माण कार्य करने की खुली छूट दे दी। घायलों को 20 जुलाई की शाम व 21 जुलाई की दोपहर तक थाने पर बैठाने के पश्चात भी मुकदमा पंजीकृत नहीं किया। जिस पर सैनिक संगठन के अध्यक्ष श्री तिवारी ने थाना प्रभारी से बात करके घटना के 32 घंटे बाद मुकदमा पंजीकृत कराया। महिला अध्यक्ष जागृति तिवारी ने बताया कि यदि शुक्रवार की सुबह तक मुलजिमों को शांति भंग में चालान नहीं किया गया तो संगठन का प्रतिनिधिमंडल पुलिस अधीक्षक से शुक्रवार के दिन मिलकर न्याय की मांग करेगा तथा संगठन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

**■ संगठन के अध्यक्ष ने थाना प्रभारी से वार्ता कर दर्ज करवाया मुकदमा**

## जनपद में खुरपका व मुंहपका टीकाकरण अभियान शुरू

**– डीएम ने वेटरनरी वैन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

फतेहपुर। राष्ट्रीय पशु रोगी नियंत्रण विभाग के अंतर्गत खुरपका व मुंहपका टीकाकरण अभियान के छठे चरण को पशुपालन विभाग के मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. वेदब्रत गंगवार द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी रविंद्र सिंह व मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीणा के द्वारा वेटरनरी वन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करवाया गया।

मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि यह टीम प्रत्येक गांव जाकर घर-घर पशुओं में खुरपका व मुंह पका रोगों का टीकाकरण किया जाएगा। इस समय यह रोग बहुत तेजी से पशुओं में फैल रहा है, इसके रोकथाम के लिए यह टीम बनाई गई है। इस मौके पर जिले भर के पशु चिकित्सा अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। उन्होंने जनपद के समस्त पशुपालकों से अपील की है कि पशुपालन विभाग की टीकाकरण टीम ग्राम में आने पर पशुओं को संक्रामक बीमारियों से बचाव हेतु अपने-अपने पशुओं को टीका लगवाने एवं पशुओं की टैगिंग करने में सहयोग करें तथा अपने पशुओं को रोग मुक्त रखें।



## खबर एक नज़र

### लाकर मसले पर शाखा प्रबंधक ने नकारे आरोप

**– खातेदार ने जीवित रहते बंद करवा दिया था लाकर**
**– परिजनों के आरोप निराधारः मो. आमिर**

**फतेहपुर।** भारतीय स्टेट बैंक की बिंदकी रोड (चौड़गरा) के खातेदार रहे राम औतार सिंह (निवासी ग्राम शादीपुर थाना कल्याणपुर जनपद फतेहपुर) की मौत के बाद उनके परिजनों द्वारा बैंक पर लगाए जा रहे आरोपों पर उपरोक्त शाखा के मौजूदा प्रबंधक मो. आमिर ने कहा है कि खातेदार ने अपने जीवन काल में ही बाकायदे दरख्वास्त देकर अपने नाम से ली गई लाकर सुविधा को समाप्त करवा दी गई थी।

उन्होंने दावे के साथ कहा कि उपरोक्त लाकर को बंद करवाने में बैंक की नियमावली के तहत काम हुआ है, कहीं भी कोई गड़बड़ी नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि ग़लती से लाकर की चाभी खातेदार के साथ चली गई होगी, जिसकी पुष्टि के लिए आवश्यक जाँच करवाई जा रही है, इसे मानवीय भूल भी माना जा सकता है।

उन्होंने खातेदार के परिजनों द्वारा बैंक पर लगाए जा रहे आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि खातेदार के जीवित रहते प्रापर-वे पर लाकर बंद हो चुका था, अगर ऐसा न हुआ होता तो इस समयावधि का लाकर चार्ज लिया जाता, जो नहीं लिया गया। उन्होंने कहा कि बैंक के रिकार्ड में सारे दस्तावेज मौजूद हैं, उन्होंने (खातेदार) स्वयं दरख्वास्त देकर लाकर बंद करवाया था।

### प्रतिबंध के बाद भी धड़ल्ले से मत्स्य आखेट जारी

विजयीपुर (फतेहपुर)। क्षेत्र के यमुना तटवर्ती इलाकों में शासन द्वारा मत्स्य आखेट शिकारमाही पूर्णत प्रतिबंध के बाद भी धड़ल्ले से यमुना नदी में सैकड़ो नाविक मछुआरे बेखौफ हो यमुना नदी में प्रजनन काल में भी मछलियों का आखेट कर रहे हैं। किशनपुर थाना क्षेत्र के असहट घाट मंडौली घाट गुरुवल घाट एकडला आदि यमुना घाटों में शाम होते ही दर्जनों नाविक मछुआरे यमुना नदी में जाल महाजाल डालकर कुंतलों मछलियों का शिकार कर रहे हैं। शासन द्वारा माह जून से 1 सितंबर तक तालाबों नदियों में प्रजनन काल में मछलियों का शिकार पूर्णतः प्रतिबंधित है। शासन के निर्देशन पर जिलाधिकारी रविंद्र सिंह द्वारा संबंधितों को आदेश का अनुपालन कर जिम्मेदारियां के प्रति सख्त होने के निर्देश दिए गए थे। हालांकि जिलाधिकारी की सख्ती के बाद भी धड़ल्ले से क्षेत्र में यमुना नदी में शिकार माही जारी है।

### रेडक्रास चेयरमैन ने 228 बच्चों को बांटी होम्योपैथिक दवा

फतेहपुर। इंडियन रेडक्रास सोसाइटी, आरोग्य भारती, दि होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफइंडिया के तत्वावधान व डॉ. सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयोजकत्व में चेयरमैन व आरोग्य भारती के जिला सचिव डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने बरसात के मौसम में होने वाली बीमारियों से बचाव व रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने में सहायक होम्योपैथिक औषधि वितरण महाअभियान पुनः चलाया, जिसके अंतर्गत अनुराग ने कम्पोजिट विद्यालय रस्तोगीगंज नगर क्षेत्र के 81, प्राथमिक विद्यालय तुराबअली का पुरवा के 42, उच्च प्राथमिक आदर्श खेलदार विद्यालय के 105 कुल 228 बच्चों को बरसात के मौसम में होने वाली बीमारियों से बचाव व रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने में सहायक होम्योपैथिक औषधि प्रदान की गई। साथ ही सभी बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। भोजन से पहले व शौच जाने के बाद साबुन से अच्छी तरह से हाथ धुलने के लिए बताया गया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी हसवा जय सिंह, नगर शिक्षा अधिकारी जिलेदार सिंह, प्रधानाचार्या शुभांगी पांडेय, चन्द्रप्रभा उपस्थित रहीं।

### बाल गंगाधर तिलक को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

खागा, (फतेहपुर)। नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में बुधवार को बाल गंगाधर तिलक की जयंती पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य गजेंद्र सिंह ने पुष्प अर्पित किया। कार्यक्रम व्यवस्थापक मनीष कुमार मोदनवाल व विनय सिंह चौहान द्वारा बाल गंगाधर तिलक की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर हुई। उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से चर्चा की। लोकमान्य तिलक स्वराज्य के पहले और मजबूत अधिवक्ताओं में से एक थे। वह भारतीय अन्तःकरण में एक प्रबल आमूल परिवर्तनवादी थे। उन्होंने ब्रिटिश शासन के विरुद्ध भारतीय जनमानस को एकता के सूत्र में बांधने का कार्य किया और स्वतंत्रता आंदोलन को एक महत्त्वपूर्ण दिशा दी। आकर्षित मिश्रा, मोहम्मद ईशान, शैलजा अग्रहरि, आराध्या मिश्रा, इकरा बानो, आकाश, अंशिका यादव, पूर्णिमा केसरवानी, दिव्यांश शुक्ला, अनिका तिवारी, शुची सोनी, आदित्य सिंह, सुचित अपनी अभिव्यक्ति दी। प्रधानाचार्य गजेंद्र सिंह ने कहा कि बाल गंगाधर तिलक का जीवन एक आदर्श जीवन है जो हम सबकी हमें प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने चर्चा को आगे बढ़ाते हुए कहा कि उन्होंने स्वतंत्रता की वह अलख जगाई है। जिसके कारण आज हम सब स्वाधीन भारत में रह रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन बहन अनिका तिवारी ने किया। इस अवसर पर कामता प्रसाद, दीपक, जगदीश सिंह, रामकुमार, रामभवन मौर्य मौजूद रहे।

### क्रीड़ा अधिकारी की अभद्रता पर बिफरे हॉकी खिलाड़ी

फतेहपुर। खेल विभाग की आयोजित जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता बुधवार को स्पोर्ट स्टेडियम में कराया गया जिसमें जिलों की कई टीमों ने प्रतिभा किया परंतु खेल के दौरान खिलाड़ी को चोट लगने पर उपचार हेतु जिला क्रीड़ा अधिकारी सुनील कुमार भारती से कहा गया तो उन्होंने खिलाड़ियों से अभद्रता करते हुए भाग जाने को कहा। इसके अलावा खिलाड़ियों को पीने का पानी मांगने पर कीड़ाधिकारी द्वारा कहा गया अपने-अपने घर से लेकर आओ हम तुम्हारे बाप के नौकर नहीं है। कीड़ा अधिकारी के किए गए दुर्व्यवहार व अभद्र रवैए को देखते हुए आज की विजई टीम सरस्वती विद्या मंदिर के सभी खिलाड़ियों ने पुरस्कार का बहिष्कार किया। वहीं दोबारा हमारे साथ ऐसा व्यवहार न हो इसके लिए उच्चाधिकारियों से मिलकर शिकायत करने की बात कही। खिलाड़ियों के साथ हो रहे खिलवाड़ स्टेडियम में ठेकेदार व कुछ गलत व्यक्तियों के आवागमन से वहां का माहौल खेलने योग्य नहीं रहा। खिलाड़ियों ने जिलाधिकारी से मिलकर अपनी बात रखने की बात कही अन्यथा सभी खिलाड़ी कल अपनी हॉकी जिलाधिकारी को सौंपकर हॉकी से त्याग लेने की बात कही।

### प्रतिबंध के बाद भी धड़ल्ले से मत्स्य आखेट जारी

विजयीपुर, (फतेहपुर)। क्षेत्र के यमुना तटवर्ती इलाकों में शासन द्वारा मत्स्य आखेट शिकारमाही पूर्णत प्रतिबंध के बाद भी धड़ल्ले से यमुना नदी में सैकड़ो नाविक मछुआरे बेखौफ हो यमुना नदी में प्रजनन काल में भी मछलियों का आखेट कर रहे हैं। किशनपुर थाना क्षेत्र के असहट घाट मंडौली घाट गुरुवल घाट एकडला आदि यमुना घाटों में शाम होते ही दर्जनों नाविक मछुआरे यमुना नदी में जाल-महाजाल डालकर कुंतलों मछलियों का शिकार कर रहे हैं। शासन द्वारा माह जून से 01 सितंबर तक तालाबों नदियों में प्रजनन काल में मछलियों का शिकार पूर्णतः प्रतिबंधित है। शासन के निर्देशन पर जिलाधिकारी रविंद्र सिंह द्वारा संबंधितों को आदेश का अनुपालन कर जिम्मेदारियां के प्रति सख्त होने के निर्देश दिए गए थे, हालांकि जिलाधिकारी की सख्ती के बाद भी धड़ल्ले से क्षेत्र में यमुना नदी में शिकार माही जारी है।

### पेड़ से लटका मिला युवक का शव, महिला ने लगाई फांसी

फतेहपुर। चांदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रूस्तमपुर में घर से लापता हुए 20 वर्षीय युवक का शव गांव के बाहर पेड़ से लटका मिला। इसी प्रकार थरियांव थाने के ग्राम रामपुर में संदिग्ध अवस्था में 27 वर्षीय महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार रूस्तमपुर गांव निवासी राम सिंह का पुत्र सुमित मंगलवार की शाम घर से निकल पड़ा और वापस नहीं लौटा। काफी देर बीत जाने पर परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी, लेकिन उसका कोई सुराग न लगा। आज सुबह जब गांव वाले शौचक्रिया के लिए जा रहे थे तब गांव वालों ने सुमित का शव पेड़ पर लटका देखा। गांव वालों ने परिजनों को इसकी जानकारी दी। रोते-बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए। उधर थरियांव थाने के रतीपुर गांव निवासी अन्नू की 27 वर्षीय पत्नी अनीता ने संदिग्ध अवस्था में मंगलवार की रात घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने दोनों शवों को विच्छेदन गृह भेज दिया। मृतका के पति अन्नू ने बताया कि उसने अनीता के साथ ढाई वर्ष पूर्व प्रेम विवाह किया था। कल शाम बर्तन धोने को लेकर वाद-विवाद हो गया, जिस पर उसने एक थप्पड़ जड़ दिया था। क्षुब्ध होकर उसने फांसी लगाकर जान दे दी।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## आरोपों के घेरे

जांच एजेंसियों का काम बेहद उलझे या विवादित-जटिल मामलों की तह तक जाकर उनकी परतें खोलना होता है लेकिन इस प्रक्रिया के दौरान अगर उनके ऊपर सवाल खड़े होने लगें तो सीधे उनकी छवि पर ही असर पड़ता है। ईडी यानी प्रवर्तन निदेशालय पिछले लगभग एक दशक से काफी सक्रिय है लेकिन उसके ऊपर विपक्षी दलों को निशाना बनाने, सत्ता दल के सदस्यों पर नरमी बरतने से लेकर शक्तियों के दुरुपयोग, पारदर्शिता की कमी तक के आरोप अक्सर लगते हैं। यहां तक कि कई बार तो अदालतें भी उसकी कार्यप्रणाली पर संदेह जता देती है। इस ताकतवर एजेंसी के पास मनी लांड्रिंग जैसे आर्थिक अपराधों की जांच जैसे महत्वपूर्ण काम खासतौर पर हैं। लेकिन इस पर इसी के दुरुपयोग का आरोप राजनीतिक दलों की ओर से लगाया जाता रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी एक बार कहा है कि यदि जांच एजेंसी के पास मौलिक अधिकार हैं तो उसे लोगों के अधिकारों के बारे में भी सोचना चाहिए। जांच के दौरान कानूनी सलाह देने या मुवक्किलों का प्रतिनिधित्व करने वाले वकीलों को ईडी द्वारा तलब किए जाने के मामले में तो शीर्ष अदालत ने यहां तक कह दिया है कि ईडी सारी हदें पार कर रही है। इसी तरह कर्नाटक के सीएम की पत्नी से संबंधित भूखंड आवंटन मामले में कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि राजनीतिक लड़ाई मतदाता के सामने लड़ी जानी चाहिए और इसमें ईडी जैसी जांच एजेंसियों को हथियार की तरह नहीं इस्तेमाल किया जाना चाहिए। इससे पहले मद्रास उच्च न्यायालय टिप्पणी कर चुका है कि ईडी कोई ड्रोन नहीं जो आपराधिक गतिविधि का पता चलते ही हमला कर दे। उसका यह भी कहना था कि जांच एजेंसी 'सुपर कॉप' नहीं है कि उसके संज्ञान में आने वाली हर चीज की वह जांच ही करने लगे। इन कथनों की पृष्ठभूमि में कहा जा सकता है कि हर जांच एजेंसी के काम करने के तरीकों में कुछ कमियां तो निकल ही आती हैं पर जब इन्हें लेकर एक के बाद एक सवाल उठने लगें तो असर एजेंसी की छवि पर ही पड़ता है। बेहद गंभीर आरोपों और गड़बड़ियों की जांच करने वाली ईडी के लिए यह बात अच्छी नहीं मानी जा सकती। जब एजेंसी की संदेहों से घिरती जाएगी तो उसकी विश्वसनीयता कैसे पुख्ता होगी। यहां ध्यान रखने की बात यह भी है कि ईडी की ओर से दर्ज मामलों में दोष सिद्धि की दर कम होने को लेकर भी तमाम बार सवाल उठाए जा चुके हैं।

## आवश्यक सलाह

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने कुछ दवाओं के एक्सपायरी डेट समाप्त हो जाने या उनका इस्तेमाल न होने पर फेंकने के बजाय उन्हें शौचालय में बहा देने का जो सुझाव दिया है, वह बेहद दूरगामी महत्व का है। संगठन ने ऐसी 17 दवाओं की सूची जारी की है, जिनमें ट्रामाडोल, टेपेंटाडोल, डायजेपाम, ऑक्सीकोडोन, फेंटानाइल, मॉर्फिन सल्फेट आदि हैं। इनमें से अधिकांश दवाओं का उपयोग तीव्र या पुराने दर्द, मांसपेशियों में खिंचाव या चोट, चिंता या घबराहट, सर्जरी के बाद दर्द कम करने और नींद न आने पर किया जाता है। कुछ मामलों में तो इनकी एक खुराक भी बहुत घातक साबित हो सकती है। जिस व्यक्ति के लिए दवा निर्धारित की गयी, उसके बजाय किसी और व्यक्ति द्वारा इनका सेवन भी घातक हो सकता है। इन दवाओं की गुणवत्ता, सुरक्षा और प्रभावकारिता सुनिश्चित करना एक महत्वपूर्ण पहलू है. इन दवाओं को शौचालय में बहा देने से घर के लोगों और पालतू जानवरों को इनके नुकसान से बचाया जा सकता है। वन्यजीवों या लोगों द्वारा उपयोग किये जाने वाले जलस्रोतों में अगर ये दवाएं मिल जायें, तो उनके लिए यह बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। अनुचित निपटान के कारण कई बार ये दवाएं जलस्रोतों में पहुंच जाती हैं, जिसका मानव स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। संगठन ने कहा है कि पर्यावरण और सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा के लिए एक्सपायर्ड या अप्रयुक्त दवाओं का सुरक्षित और उचित निपटान महत्वपूर्ण है। इस दस्तावेज का उद्देश्य औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम एवं नियमों तथा अन्य लागू कानूनों के अनुसार समाप्त हो चुकी और अप्रयुक्त दवाओं के सुरक्षित निपटान के लिए स्पष्ट और व्यापक निर्देश प्रदान करना है। इस दस्तावेज में राज्य औषधि नियंत्रण विभागों तथा संबंधित केमिस्ट और ड्रगिस्ट एसोसिएशन को संयुक्त रूप से चुनींदा स्थानों पर 'ड्रग टेक बैक' कार्यक्रम शुरू करने की सलाह दी गयी है, जहां लोग अपने-अपने घरों से एक्सपायर्ड या अप्रयुक्त दवाएं लाकर वहां दे सकते हैं। दस्तावेज में कहा गया है कि एक्सपायर्ड दवाओं को पुनः बिक्री के लिए बाजार में भेज दिये जाने का खतरा भी है. यह दस्तावेज, जाहिर है, कानूनी आवश्यकताओं का अनुपालन सुनिश्चित करने, पर्यावरणीय असर को न्यूनतम करने और सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिम कम करने में मदद करेगा।

## काँव-काँव

♦♦♦

**महिलाओं के नाम जमीन रजिस्ट्री शुल्क में छूट**
कोई आईएएस अपने नाम जमीन नहीं लेता!
**जगदीप धनखड़ की राष्ट्र सेवाएं महत्वपूर्ण-मोदी**
जाते जाते सरकार को भी जवाबदेह बना गये!
**बोइंग ने भारत को दिये तीन अपाचे हैलिकॉप्टर**
विमान दुर्घटना मामले में बोइंग कंपनी बेदाग!
**लोन के बदले रिश्वत मामले में चंदा कोचर दोषी**
अब अजित पवार से गुरुमंत्र लेकर आगे बढ़ें!
**आधार, वोटर कार्ड पहचान पत्र हैं-चुनाव आयोग**
हाईस्कूल की मार्कशीट नागरिकता की गारंटी है!
**कांवड़यात्रा मार्ग के होटल दिखायें लाईसेंस-कोर्ट**
बाकी होटल अपने लाइसेंस को छिपाकर रखें?

♦♦♦

# इतिहास और शिक्षा की नई दिशा

**- अवनीश कुमार गुप्ता**


भारत में इतिहास शिक्षा केवल एक अकादमिक अनुशासन नहीं, बल्कि सांस्कृतिक चेतना, राष्ट्रीय दृष्टिकोण और लोकतांत्रिक विचारधारा का आधार भी है। एनसीईआरटी द्वारा वर्ष 2025 के लिए इतिहास की पाठ्यपुस्तकों में किए गए संशोधनों ने इस भूमिका को पुनः बहस के केंद्र में ला दिया है। पाठ्यक्रमों में मुग़ल काल, दिल्ली सल्तनत और अन्य मध्ययुगीन अवधियों से संबंधित अध्यायों में कटौती की गई है, जबकि गुरुकुल परंपरा, वैदिक गणराज्य, तीर्थयात्रा संस्कृति और पवित्र भूगोल जैसे विषयों को जोड़ा गया है। बाबर को क्रूर और अकबर को सहनशील लेकिन हिंसक बताने वाले विवरणों ने भी व्यापक चर्चा को जन्म दिया है। आलोचकों का मत है कि इस तरह के बदलाव ऐतिहासिक घटनाओं की वैज्ञानिक व्याख्या की बजाय वैचारिक पुनर्लेखन के प्रयास प्रतीत होते हैं। उनका तर्क है कि भारत का इतिहास केवल एक गौरवशाली संस्कृति की यात्रा नहीं, बल्कि विभिन्न मत, विचार, संघर्ष, सह-अस्तित्व और बदलावों का सम्मिलित दस्तावेज़ है। आलोचना का एक बड़ा आधार यह भी है कि मध्यकालीन इतिहास को हटाकर एक विशेष सांस्कृतिक दृष्टिकोण को प्रधानता दी जा रही है, जिससे भारत की बहुलतावादी परंपरा को खतरा हो सकता है। इतिहास शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों को आलोचनात्मक विवेक, तुलनात्मक दृष्टिकोण और प्रमाणाधारित विश्लेषण से सुसज्जित करना होता है। जब पाठ्यक्रम में कुछ वर्गों, विचारों या समुदायों को प्रमुखता और अन्य को उपेक्षा मिलती है, तो शिक्षा केवल ज्ञान नहीं, बल्कि एक विचारधारा का वाहक बन जाती है। हालाँकि, इस समग्र विमर्श में यह भी आवश्यक है कि हम उन पक्षों को समझें जो इन संशोधनों को भारतीय परंपराओं की पुनर्प्रतिष्ठा के रूप में देखते हैं। लंबे समय तक औपनिवेशिक प्रभावों के कारण भारतीय इतिहास लेखन पश्चिमी दृष्टिकोण से प्रभावित रहा है। 'एंग्लो-सैक्सन' शैली में लिखे गए इतिहास ग्रंथों में भारतीय परंपराओं, मूल्यों और सांस्कृतिक पहचान को या तो गौण माना गया या 'आधुनिकता के अवरोधक' के रूप में चित्रित किया गया। इसी कारण से कई शिक्षाविदों का मानना है कि नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत एनसीईआरटी का यह प्रयास एक प्रकार की सांस्कृतिक पुनर्स्थापना है, जो भारतीय आत्मबोध को पुनः सक्रिय करता है। भारतीय संदर्भों में यह जरूरी हो जाता है कि विद्यार्थी केवल विदेशी आक्रांताओं, युद्धों और सत्ता-संघर्षों के माध्यम से ही इतिहास न पढ़ें, बल्कि ऋषि-परंपरा, उपनिषदों की वैचारिक गहराई, भक्ति आंदोलन की समावेशिता, आदिवासी ज्ञान परंपराओं, लोक इतिहास और स्त्री दृष्टिकोणों को भी समझें। यदि नई पाठ्यपुस्तकें इन पहलुओं को सम्मिलित करती हैं, तो यह निस्संदेह सकारात्मक पहल हो सकती है। साथ ही, यह भी आवश्यक है कि यह पुनर्लेखन केवल गौरवगाथा या पौराणिकता की ओर न झुके, बल्कि ऐतिहासिक तथ्यों की कसौटी पर परखा जाए और विद्वत्तापूर्ण विवेचना का आधार बने। जो अध्याय हटाए गए हैं, जैसे कि मुग़ल काल, वह भारत के इतिहास का एक आवश्यक हिस्सा हैं। बाबर की विजय से लेकर अकबर की धार्मिक सहिष्णुता तक, शाहजहाँ की स्थापत्य कला से औरंगज़ेब की कट्टर नीतियों तक इन सभी घटनाओं ने भारत के सामाजिक-सांस्कृतिक ढांचे को प्रभावित किया है। इनसे भारतीय उपमहाद्वीप की विविधता, सह-अस्तित्व और राजनीतिक जटिलताओं को समझने में सहायता मिलती है। यदि इन्हें हटा दिया जाता है या केवल नकारात्मक दृष्टि से प्रस्तुत किया जाता है, तो विद्यार्थियों में एक पक्षीय सोच विकसित हो सकती है। दूसरी ओर, यह भी सत्य है कि पाठ्यपुस्तकों में लंबे समय से कुछ सांस्कृतिक तत्वों की उपेक्षा की गई थी। उदाहरणस्वरूप, भारत के वैदिक गणराज्यों, बौद्ध गणसंघों, चोल, मौर्य, गुप्त या अहोम वंशों की प्रशासनिक दक्षता और सामाजिक संरचनाओं पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया। ऐसे में यदि एनसीईआरटी इन विषयों को पुनः प्रमुखता देता है, तो यह सुधारात्मक कदम माना जा सकता है। परंतु यह सुधार तभी उपयोगी है जब वह समावेशी हो, न कि प्रतिस्थापनपरक। शिक्षा का उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि छात्र को विवेकशील नागरिक बनाना भी है। जब वह विभिन्न विचारों और दृष्टिकोणों से इतिहास को समझता है, तब वह वर्तमान घटनाओं को अधिक संतुलित ढंग से देखने की क्षमता प्राप्त करता है। यदि पाठ्यपुस्तकें केवल सांस्कृतिक महिमा का चित्रण बन जाएँ और संघर्षों, विवादों, विविधताओं की व्याख्या से वंचित रहें, तो विद्यार्थी की ऐतिहासिक समझ अधूरी रह सकती है। यह भी स्मरणीय है कि भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में इतिहास शिक्षा एक माध्यम है, जिससे नागरिक बहुलतावादी लोकतंत्र के मूल्य सीखते हैं। यदि पाठ्यपुस्तकों में से



उन अवधियों को हटा दिया जाए, जहाँ सह-अस्तित्व, धार्मिक सहिष्णुता और सामाजिक समरसता की मिसालें थीं, तो वह लोकतंत्र की नींव पर भी प्रभाव डाल सकता है। इसलिए यह आवश्यक है कि एक साथ गुरुकुल और मदरसे की भूमिका, काव्य और क़सीदा की परंपरा, वेदों और फ़ारसी साहित्य, मंदिरों और मस्जिदों की वास्तुकला–सभी का संतुलित अध्ययन हो।

कुछ इतिहासकार यह भी कहते हैं कि अगर मुग़ल इतिहास को संकुचित करके प्रस्तुत किया जा रहा है, तो यह इतिहास से नहीं, बल्कि वर्तमान राजनीतिक विमर्श से प्रेरित निर्णय प्रतीत होता है। किंतु अगर यह समकालीन ऐतिहासिक दृष्टिकोण को समावेशित करके एक बहुसांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य गढ़ने का प्रयास है, तो यह स्वागतयोग्य पहल हो सकती है। वास्तविक समाधान इन दोनों ध्रुवों के बीच संतुलन में है। भारत की ऐतिहासिक चेतना को पुनर्जीवित करने के लिए आवश्यक है कि हम स्थानीय इतिहास, ग्रामीण सामाजिक संरचनाओं, आदिवासी परंपराओं, दक्षिण और उत्तर के सत्ता-संघर्ष, स्त्री आंदोलन, जातिगत इतिहास और किसान संघर्षों को भी पाठ्यक्रम में लाएँ। साथ ही, विदेशी आक्रांताओं की भूमिका और प्रभाव को नकारा नहीं जाए, बल्कि तटस्थता और ऐतिहासिक प्रमाणों के आधार पर उसका मूल्यांकन हो। भारत जैसे लोकतांत्रिक राष्ट्र में इतिहास लेखन एक सतत संवाद की प्रक्रिया होनी चाहिए, जिसमें राज्य, विद्वान, शिक्षक और छात्र सभी सक्रिय भागीदार बनें। पाठ्यक्रम का उद्देश्य ज्ञान के साथ-साथ आलोचना, बहस और संवाद को बढ़ावा देना होना चाहिए। जब पाठ्यपुस्तकें इस प्रकार तैयार की जाती हैं, तो वे केवल ज्ञान का माध्यम नहीं रहतीं, बल्कि एक सोचने-समझने वाले समाज का निर्माण करती हैं। अतः आवश्यक यह नहीं है कि इतिहास किसे हटाया या जोड़ा गया, बल्कि यह कि उसका चयन किस तर्क, उद्देश्य और प्रक्रिया के तहत हुआ। अगर प्रक्रिया पारदर्शी, समावेशी और अकादमिक संवाद पर आधारित है, तो पाठ्यपुस्तकों में बदलाव समाज के लिए सकारात्मक दिशा तय कर सकते हैं। किंतु यदि बदलाव पूर्वग्रह और एकांगी सोच पर आधारित हैं, तो यह शिक्षा के उद्देश्य और संविधान के मूल्यों के विरुद्ध जाएगा। भारत का इतिहास किसी एक धर्म, जाति या विचारधारा का नहीं, बल्कि सभी का साझा इतिहास है। उसे उसी बहुलता, विविधता और संवाद की भावना से पढ़ाया जाना चाहिए। यही भारतीय दृष्टिकोण का वास्तविक अर्थ है-समावेश, संतुलन और सत्य की खोज।

## प्रेमचंद की कहानियां



### मृतक-भोज

धनीराम ने ऊपर देखकर कहा-पानी का छींटा कहां से आया ? सन्तलाल-बाई बैठी रो रही है। उसने रुक्के पर अपने रक्त के आंसुओं की लगा दी है। धनीराम - (ऊंचे स्वर में) अरे, तो तू रो क्यों रही है, बाई ? यह रोने का समय मुहर नहीं है, तुझे तो प्रसन्न होना चाहिए कि पंच लोग तेरे घर में आज यह शुभ-कार्य करने के लिए जमा हैं। जिस पति के साथ तूने इतने दिनों भोग-विलास किया, उसी का पीछा सुधारने में तू दुःख मानती है ?

बिरादरी में रुक्का फिरा। इधर तीन-चार दिन पंचों ने भोज की तैयारियों में बिताये। घी धनीरामजी की आढ़त से आया। मैदा, चीनी की आढ़त भी उन्हीं की थी। पांचवें दिन प्रातःकाल ब्रह्म-भोज हुआ। संध्या-समय विरादरी का ज्योनार। सुशीला के द्वारे पर वग्घियों और मोटरों की कतारें खड़ी थीं। भीतर मेहमानों की पंगतें थीं। आंगन, बैठक, दालान, बरोठा, ऊपर की छत नीचे-ऊपर मेहमानों से भरा हुआ था। लोग भोजन करते थे और पंचों को सराहते थे। खर्च तो सभी करते हैं; पर इन्तजाम का सलीका चाहिए। ऐसे स्वादिष्ट पदार्थ बहुत कम खाने में आते हैं।

'सेठ चम्पाराम के भोज के बाद ऐसा भोज रामनाथजी का ही हुआ है।'

'अमृतियां कैसी कुरकुरी हैं!'

'रसगुल्ले मेवों से भरे हैं।'

'सारा श्रेय पंचों को है।'

धनीराम ने नम्रता से कहा-आप भाइयों की दया है जो ऐसा कहते हो। रामनाय से भाई-चारे का व्यवहार था। हम न करते तो कौन करता। चार दिन से सोना नसीब नहीं हुआ। आप धन्य है! मित्र हों तो ऐसे हों।

'क्या बात है! आपने रामनाथजी का नाम रख लिया। बिरादरी यही खाना-खिलाना देखती है। रोकड़ देखने नहीं जाती।'

क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**लाक्षादि-तैल-नीलीनां कौसुम्भ-मधु-सर्पिषाम्।**
**विक्रेता मद्य मांसानां सः विप्रः शूद्र उच्यते।।**

लाख आदि का, तैल का, नील व साबुन का, कपड़े रंगने वाले रंगों का तथा शहद, मदिरा व मांस आदि का व्यापार करने वाला ब्राह्मण शूद्र कहलाता है।

♦♦♦

# बिहार, अपराध और राजनीति



**–निर्मल रानी**

बिहार में नीतीश कुमार का मुख्यमंत्री के रूप में कार्यकाल 22 नवंबर 2025 को समाप्त हो रहा है। उम्मीद की जा रही है कि चुनाव आयोग बिहार विधानसभा की सभी 243 सीटों के लिए इसी वर्ष ( 2025 )के अंत तक यानी अक्टूबर और नवंबर में चुनाव करा सकता है। आगामी चुनावों के मद्देनज़र राज्य में चुनावी सरगर्मियां काफ़ी तेज़ हो गयी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हों या कांग्रेस नेता राहुल गाँधी या अन्य दलों के शीर्ष नेता सभी चुनावी माहौल को अपने पक्ष में करने की जी तोड़ कोशिश में लग चुके हैं। जब भी बिहार का चुनाव क़रीब आता है मीडिया में 'गुंडाराज' और जंगल राज जैसे शब्द सुनाई देने लगते हैं। चाहे वह वर्तमान भाजपा-जे डी यू सरकार के लोगों द्वारा एक दशक से भी पहले के लालू यादव राज को याद कर उसे 'गुंडा राज' सम्बोधित कर मतदाताओं में दहशत फैलाने की ग़रज़ से की जाने वाली चर्चा हो या फिर विपक्ष द्वारा नितीश सरकार के शासन में बेख़ौफ़ अपराधियों द्वारा अंजाम दी जाने वाली दुस्साहसिक अपराधी घटनाओं के हवाले से सत्ता पर 'गुंडाराज' को संरक्षण देने की बात हो। परन्तु बिहार चुनावों में गुंडाराज की चर्चा छिड़ना लगभग स्वाभाविक सा हो गया है। हालाँकि देश के कई अन्य राज्यों में भी अपराध और राजनीति का गहरा सम्बन्ध है। परन्तु बिहार में घटने वाली कुछ आपराधिक घटनाएं ऐसी होती हैं जो पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींचती है। उदाहरण स्वरूप बिहार की राजधानी पटना में 17 जुलाई 2025 की उस सनसनीखेज़ घटना को ही देख लीजिये जबकि पांच सशस्त्र अपराधियों द्वारा पारस HMRI अस्पताल के आई सी यू में घुसकर चंदन मिश्रा नाम के गैंगस्टर की गोली मारकर हत्या कर दी गयी । यह घटना सुबह करीब 7:15 बजे पुलिस मुख्यालय से मात्र दो किलोमीटर दूर हुई। इस घटना के बाद बिहार की क़ानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठना स्वाभाविक था। जिस दुस्साहसिक अंदाज़ में पांच हमलावर, बिना चेहरा ढके हुये , बेख़ौफ़ अंदाज़ में अस्पताल की दूसरी मंजिल पर पहुंचे और केवल चंद सेकंड में इस हत्या को अंजाम देकर बड़ी ही आसानी से अस्पताल से बाहर चले गये इससे राज्य की क़ानून व्यवस्था पर सवाल उठना लाज़िमी था। कांग्रेस ने नितीश सरकार पर क़ानून-व्यवस्था को नियंत्रित करने में विफल रहने का आरोप लगाया तो राजद ने हमलावरों को 'सरकारी अपराधी' क़रार देते हुए कहा कि बिहार में 'जंगलराज' की वापसी हो रही है। कई नेताओं ने इस घटना को नीतीश कुमार सरकार की नाकामी का सबूत बताया। ऐसी घटनाएं बिहार में अपराधियों के बढ़ते हौसले के साथ साथ अस्पतालों की सुरक्षा और पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाती हैं। आश्चर्य की बात तो यह कि इस शूट आउट से केवल एक दिन पहले यानी 16 जुलाई 2025 को ही बिहार पुलिस ने यह दावा किया था कि संगठित अपराध और पेशेवर शूटरों पर शिकंजा कसा जा रहा है। परन्तु इस घटना ने तो पुलिस के दावों की पोल ही खोल कर रख दी । उसी दिन यानी 17 जुलाई को ही पटना में एक और हत्या की घटना पेश आई। इस घटना में दानापुर के शाहपुर थाना क्षेत्र में 20 वर्षीय युवक शिवम उर्फ़ बंटी नामक युवक की अपराधियों द्वारा तेज़ धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। इसी तरह 21 जुलाई 2025 को आदित्य कुमार नामक एक युवक की दुल्हिन बाज़ार थाना क्षेत्र के सदावह गांव में दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या की गई।

इन्हीं चुनावी माहौल के बीच एक और अप्रत्याशित ख़बर ने राज्य में धमाका कर दिया है। बिहार सरकार के नगर विकास एवं आवास मंत्री जीवेश मिश्रा सहित 9 लोगों को राजस्थान की राजसमंद कोर्ट ने 4 जून 2025 को 15 साल पुराने यानी 2010 के एक नक़ली दवा मामले में दोषी ठहराया है। ख़बरों के अनुसार जीवेश मिश्रा पहले दवा कारोबार से जुड़े




थे और दिल्ली की आल्टो हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के निदेशक थे। इस मामले ने बिहार की राजनीति में हलचल मचा दी है, और विपक्षी दलों, विशेष रूप से कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल ने उनके इस्तीफ़े की मांग तेज़ कर दी है। विपक्ष का कहना है कि कि जीवेश मिश्रा को दोषी ठहराए जाने के बावजूद नीतीश कुमार की सरकार और बीजेपी उन्हें संरक्षण दे रही है। कोई जीवेश मिश्रा को 'मौत का सौदागर' कह रहा है तो कोई उन्हें 'नक़ली दवा माफ़िया' क़रार देकर उसे बर्ख़ास्त करने की मांग कर रहा है। इस मामले में 1 से 3 साल तक की सज़ा और 20,000 रुपये तक का जुर्माना हो सकता था परन्तु जीवेश मिश्रा को केवल जुर्माना देकर छोड़ दिया गया। आख़िर ऐसा क्यों ? उधर जीवेश मिश्रा ने इन आरोपों को राजनीति से प्रेरित बताया और कहा कि वे कोर्ट में जवाब देंगे। बहरहाल इस मामले ने ख़ासकर 2025 विधानसभा चुनाव से पहले बिहार की राजनीति में नया तूफ़ान ज़रूर खड़ा कर दिया है।

चुनावी वातावरण के बीच बिहार में भारतीय जनता पार्टी के और भी कई नेताओं पर आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने के आरोप लगे हैं। मिसाल के तौर पर आरा में भाजपा नेता बबलू सिंह ने कार में रगड़ लगने जैसी मामूली घटना के बाद दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। जंगल राज का इससे बड़ा सुबूत और क्या हो सकता है? इसी तरह एक अन्य मामले में, भाजपा नेता आलोक कुमार चौहान पर शराब तस्करों को छुड़ाने के लिए 150 लोगों के साथ थाने पर हमला करने, थानाध्यक्ष को पीटने और उनकी वर्दी फाड़ने का आरोप लगा। उधर कुछ दिन पूर्व बिहार सरकार में मंत्री और पूर्व उपमुख्यमंत्री रेणू देवी के भाई पर ज़मीन हड़पने, अपहरण, हत्या और रंगदारी जैसे संगीन मामलों में शामिल होने का आरोप लगा । एक घटना में मंत्री रेणू देवी के भाई पर बेतिया में एक व्यक्ति का अपहरण कर होटल में ले जाकर मारपीट करने जैसा गंभीर आरोप लगा। हाल के आंकड़ों में बिहार में जिन 31 हत्याओं का उल्लेख किया गया, उनमें से कुछ में राजनीतिक नेताओं के कथित संबंध भी सामने आए। इसी तरह पिछले दिनों पटना में भाजपा नेता विक्रम झा की हत्या और व्यवसायी गोपाल खेमका की हत्या जैसे मामलों ने क़ानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए। ऐसे में जहां राजद नेता तेजस्वी यादव भाजपा को 'गुंडों, अपराधियों और बलात्कारियों की पार्टी' क़रार दे रहे हैं वहीँ जवाब में भाजपा ने राजद-कांग्रेस गठबंधन को 'अपराध की संस्कृति' का जनक बताया है। कहा जा सकता है कि सुशासन के लाख दावों के बावजूद दुर्भाग्यवश बिहार में आज भी अपराध और राजनीति का चोली दामन का साथ है।

## प्रेरक प्रसंग

### युवक का आदर्श

ग्रीस की बात है। वहां एक युवक एथेंस नगर की बड़ी पाठशाला में पढ़ता था। वह बहुत ही गरीब था। उसके शरीर पर पूरे कपड़े भी नहीं रहते थे, पर वह पढ़ने में बहुत ही होशियार था। उसके संगी-साथी उससे ईर्ष्या करते थे। गरीब होने पर भी वह अपनी फीस बराबर दे दिया करता था। उसके साथियों ने सोचा कि यह इतना गरीब है कि पूरे कपड़े भी नहीं पहन पाता। तब यह फीस कहां से लाता है ? हो न हो, यह अवश्य चोरी करता होगा। इसके बाद उन्होंने षड्यंत्र रचकर उस लड़के को पकड़वा दिया। अदालत में उसकी पेशी हुई। जज ने कहा, तुम्हें अपनी सफाई में क्या कहना है ? लड़के ने उत्तर दिया, श्रीमानजी, मुझे तो कुछ नहीं कहना है। मेरे दो गवाह हैं। उनकी बात सुन ली जाये। जज ने इसकी अनुमति दे दी। दो गवाह पेश किये गए। उनमें एक माली था। दूसरा एक बुढ़िया थी। माली ने कहा, मैं जिस बगीचे में काम करता हूं उसमें यह नौजवान पानी खींचने और सिंचाई करने में मेरी मदद करता है। उसकी मजदूरी के इसे पैसे मिलते हैं।

बुढ़िया ने कहा, मैं बूढ़ी हो गई हूं। मेरे हाथ-पैर नहीं चलते। यह लड़का घर के काम में मेरा हाथ बंटाता है। उसके बदले मैं उसे कुछ पैसे दे देती हूं।

यह सुनकर जज ने उसे बरी कर दिया। इतना ही नहीं उसे कुछ सहायता भी देनी चाही जिससे वह अपना पूरा समय पढ़ाई में लगा सके, लेकिन युवक ने यह कहकर उसे स्वीकार नहीं किया कि मैं अपनी मेहनत की कमाई से पढ़ना चाहता हूं, किसी के दान से नहीं।

## आपका पत्र मिला

### फांसी की सजा से मुक्ति कितनी उचित

हाई कोर्ट द्वारा फांसी की सजा पाए अपराधियों को यूं छोड़ देना कतई उचित नहीं है. इस फैसले को लेकर पूरा देश स्तब्ध है. 11 जुलाई 2006 को मुंबई की लोकल ट्रेनों में हुए सिलसिलेवार बम धमाकों ने न केवल सैकड़ों जिंदगियों को छीन लिया, बल्कि देश की सुरक्षा व्यवस्था और न्यायिक प्रक्रिया पर भी गहरे सवाल खड़े कर दिए। इन सात धमाकों में 187 लोगों की मौत और 800 से अधिक घायल हुए। यह हमला भारत के इतिहास के सबसे भयानक आतंकी हमलों में से एक माना जाता है। लेकिन 19 वर्षों बाद भी जब बंबई उच्च न्यायालय ने विशेष अदालत द्वारा दी गई फांसी की सजा को रद्द कर दिया, तो यह पीड़ित परिवारों और आम नागरिकों के लिए बेहद पीड़ादायक और हताशाजनक सिद्ध हुआ। हाई कोर्ट का फैसला पढ़ने से यह स्पष्ट होता है कि दोषियों को छोड़ने के पीछे कानूनी प्रक्रिया में भारी चूकें हुईं। पुलिस की ओर से प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज नहीं कराना, शिनाख्त परेड समय से न कराना, और कई महत्वपूर्ण गवाहों को कोर्ट में पेश न करना न्याय की पूरी प्रक्रिया पर प्रश्नचिन्ह लगाता है। यहां तक कि एक घायल पुलिस कांस्टेबल, जिसने आतंकियों को देखा था, उसकी गवाही तक दर्ज नहीं कराई गई। यह न सिर्फ लापरवाही का संकेत है, बल्कि कहीं न कहीं एक सोच-समझकर की गई चूक भी प्रतीत होती है। विशेष अदालत ने जब फांसी की सजा सुनाई थी, तब उसने उपलब्ध तथ्यों और परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर यह निर्णय लिया था। ऐसे में यदि हाई कोर्ट उन साक्ष्यों को सिरे से खारिज कर देता है, तो यह सवाल उठता है कि फिर आतंकियों को सजा कौन दिलाएगा? इस फैसले से यह संदेश जाता है कि आतंकवादी संगठनों को भारत की न्याय व्यवस्था का भय नहीं है। जब इतने बड़े हमले के दोषी छूट सकते हैं, तो आने वाले समय में ऐसे अपराधियों का मनोबल और बढ़ेगा।

**सुभाष बुड़ावन वाला**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।** आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com*



# पियर शेप बॉडी पर कौन-सी जीन्स लगती हैं स्टाइलिश?

*अगर आपकी बॉडी शेप पियर है और आप परफेक्ट जीन्स की तलाश में हैं, तो यह लेख आपके लिए है। पियर शेप वाली महिलाओं का वजन हिप्स और थाइज पर ज्यादा होता है, जबकि उनका अपर बॉडी पार्ट स्लिम रहता है। ऐसे में, सही जीन्स चुनने से न केवल आपका लुक स्टाइलिश बनेगा, बल्कि आपके हिप्स को बैलेंस और फिगर को फ्लैटरिंग लुक भी मिलेगा। आइए जानते है कौन-कौन सी जीन्स पियर शेप की महिलाओं के लिए परफेक्ट हैं और इन्हें कैसे स्टाइल करें।*

**हाई-वेस्ट जीन्स**

हाई-वेस्ट जीन्स पियर शेप महिलाओं के लिए एक बेहतरीन विकल्प है। यह जीन्स आपकी नेचुरल वेस्टलाइन से ऊपर रहती है, जिससे आपकी कमर को डिफाइन किया जा सकता है। यह आपके पैरों को लंबा दिखाने में मदद करती है और आपके फिगर को एक लंबा और संतुलित लुक देती है। इसे आप कैजुअल आउटफिट्स के साथ या किसी भी खास मौके पर आसानी से पहन सकती हैं। टी-शर्ट और क्रॉप टॉप के साथ हाई-वेस्ट जीन्स का कॉम्बिनेशन बेहद आकर्षक लगता है।

**बूटकट जीन्स**

बूटकट जीन्स उन महिलाओं के लिए परफेक्ट है, जो अपने चौड़े हिप्स को बैलेंस करना चाहती हैं। इस जीन्स की खासियत है कि यह घुटनों तक फिट रहती है और नीचे की तरफ हल्का फ्लेयर देती है। इससे आपकी बॉडी का सिल्हूट और भी बेहतर नजर आता है। यह जीन्स न केवल आपके पैरों को लंबा दिखाती है, बल्कि आपकी कमर को भी हाइलाइट करती है। इसे स्नीकर्स या बूट्स के साथ पहनें और अपने लुक को क्लासिक टच दें।

**वाइड-लेग जीन्स**

पियर शेप महिलाओं के लिए वाइड-लेग या प्लाजो जीन्स एक शानदार ऑप्शन है। यह जीन्स आपके पैरों के निचले हिस्से पर वाल्यूम जोड़ती है, जिससे आपके हिप्स और थाइज का लुक बैलेंस हो जाता है। साथ ही, वाइड-लेग जीन्स आपकी कमर को एक डिफाइन लुक देती है। इसे आप टक-इन टॉप या फिटेड ब्लाउज़ के साथ पहन सकती हैं। इससे आपका स्टाइल अधिक आकर्षक और कंफर्टेबल लगेगा।

**मॉम जीन्स**

मॉम जीन्स न केवल आरामदायक होती हैं, बल्कि पियर शेप महिलाओं पर बहुत ही खूबसूरत लगती हैं। यह जीन्स हिप्स और थाइज के आसपास हल्का लूज फिट देती है, जिससे आपका लुक बेहद स्टनिंग नजर आता है। मॉम जीन्स आपकी कमर और पैरों को लंबा दिखाने में भी मदद करती है। इसे सिंपल टी-शर्ट, फुल-स्लीव शर्ट या डेनिम जैकेट के साथ पहनें।

**जीन्स खरीदते समय ध्यान रखें ये बातें**

**सही फिट**

आपके हिप्स और थाइज के लिए सही फिटिंग वाली जीन्स बेहद जरूरी है। ऐसी जीन्स चुनें जो आपके निचले हिस्से पर अच्छी तरह फिट हो लेकिन इतनी टाइट न हो कि आपको असहज लगे। सही फिटिंग वाली जीन्स आपके कर्व्स को बैलेंस करती है और आपके लुक को ज्यादा आकर्षक बनाती है। फिट का ध्यान रखते हुए आप स्ट्रेचेबल जीन्स भी ट्राई कर सकती हैं, जो मूवमेंट में आसानी देती हैं।

**डार्क शेड्स**

डार्क ब्लू, ब्लैक और नेवी शेड्स वाली जीन्स आपके लुक को क्लासी और एलिगेंट बनाती हैं। डार्क शेड्स न केवल आपके हिप्स को स्लिमर दिखाते हैं, बल्कि आपकी ओवरऑल बॉडी को भी बैलेंस करते हैं। अगर आप पतले और लंबे दिखना चाहती हैं, तो डार्क शेड्स का चुनाव करें। इसके साथ, हल्के या पेस्टल कलर के टॉप्स पहनकर आप अपने लुक को और भी निखार सकती हैं।

**कमर पर फोकस**

हाई-वेस्ट और मिड-वेस्ट जीन्स पियर शेप महिलाओं के लिए परफेक्ट मानी जाती हैं। ये जीन्स आपकी कमर को डिफाइन करती हैं और नेचुरल कर्व्स को हाइलाइट करती हैं। हाई-वेस्ट जीन्स आपके पैरों को लंबा दिखाने में मदद करती हैं, जिससे आप ज्यादा लंबी और स्लिम दिखती हैं। इसे पहनने पर आपका ध्यान कमर पर जाएगा, जिससे आपका ओवरऑल लुक बेहद आकर्षक नजर आएगा।

**फैब्रिक**

फैब्रिक का चुनाव बहुत मायने रखता है। स्ट्रेचेबल और सॉफ्ट फैब्रिक वाली जीन्स पहनने में आरामदायक होती हैं और पियर शेप महिलाओं के लिए खासतौर से सही रहती हैं। ये फैब्रिक न केवल आपके कर्व्स को बैलेंस करता है, बल्कि मूवमेंट में भी सहूलियत देता है।

**हार्ड या स्टिफ फैब्रिक से बचें** क्योंकि यह आपके हिप्स और थाइज को ज्यादा उभार सकता है। इसलिए, हमेशा ऐसे फैब्रिक की जीन्स चुनें जो आपके शरीर को कॉम्प्लिमेंट करे और पूरे दिन आरामदायक महसूस कराए।

**एडिशनल टिप्स**

बेल्ट्स और एक्सेसरीज़ का इस्तेमाल करें, जो आपकी कमर को हाइलाइट करें। वाइड हेम या बूटकट जीन्स के साथ हील्स पहनें, जो आपके लुक को और भी बेहतर बनाएगी। अपनी जीन्स को सही टॉप और फुटवियर के साथ पेयर करें, ताकि आपका पूरा लुक परफेक्ट लगे। पियर शेप महिलाओं के लिए सही जीन्स चुनना उनके पूरे लुक को बदल सकता है। अपने बॉडी शेप को ध्यान में रखते हुए जीन्स खरीदें और उन्हें स्टाइलिश टॉप्स और फुटवियर के साथ पेयर करें। इससे आप हर मौके पर खूबसूरत और आत्मविश्वासी दिखेंगी।

# पुरानी साड़ियों से बनाएं डिजाइनर आउटफिट्स

*अगर आप अपने पुराने आउटफिट पहनकर बोर हो गई हैं तो और नए कपड़े खरीदने के लिए बजट नहीं है तो परेशान होने की बिल्कुल जरूरत नहीं है। अपनी मां की अलमारी खोलिए और वहां से वो साड़ी उठाइए जिसे उन्होंने सालों से नहीं पहना है। ये पुरानी साड़ियां न केवल यादों से भरी होती हैं, बल्कि इन्हें नए अंदाज में इस्तेमाल करके आप अपनी खुद की स्टाइल स्टेटमेंट भी बना सकती हैं। यहां कुछ क्रिएटिव और आसान तरीके दिए गए हैं-*



**अनारकली या सूट बनाएं :** साड़ी की सिल्क, कॉटन, या जॉर्जेट फैब्रिक से खूबसूरत अनारकली या स्ट्रेट सूट बनवाया जा सकता है। बॉर्डर का इस्तेमाल दुपट्टे और सूट के किनारों पर करें। यह एक ट्रेडिशनल और एलिगेंट लुक देगा।

**लॉन्ग स्कर्ट और क्रॉप टॉप :** रानी साड़ी से एक फ्लोई लॉन्ग स्कर्ट बनाएं। इसे कंट्रास्टिंग क्रॉप टॉप या ब्लाउज के साथ पेयर करें। फेस्टिवल और पार्टियों के लिए परफेक्ट लुक रहेगा। वहीं शिफॉन या जॉर्जेट की साड़ी का मैक्सी ड्रेस या गाउन बनवा सकते हैं। फ्लोरल या बनारसी प्रिंट से गाउन खूबसूरत लगेगा।

**साड़ी का दुपट्टा बनाएं :** साड़ी के हल्के और प्रिंटेड हिस्से को काटकर स्टाइलिश दुपट्टा बनाएं। इसे कुर्ते या सूट के साथ पेयर करें। इसके बाद साड़ी के बॉर्डर और सुंदर हिस्से का इस्तेमाल करके यूनिक डिजाइन वाले ब्लाउज बनवाएं। इसे किसी भी प्लेन साड़ी या स्कर्ट के साथ पेयर करें।

**फ्यूजन लुक के लिए इस्तेमाल करें :** साड़ी को धोती स्टाइल में डेप करें और बेल्ट के साथ पहनें। इसे शर्ट या जैकेट के साथ पेयर करें। यह एक परफेक्ट इंडो-वेस्टर्न लुक है। आप चाहें तो साड़ी के कपड़े का इस्तेमाल करके शॉर्ट या लॉन्ग जैकेट भी बनवा सकती हैं। इसे सिंपल कुर्ते या वेस्टर्न आउटफिट के साथ पहनें। साड़ी को टॉप या कुर्ती में बदलें साड़ी के फैब्रिक से एथनिक कुर्ती या स्टाइलिश टॉप बनाएं। इसे जींस या पलाज़ो के साथ पहनें।

## पैरों की खूबसूरती को बढ़ा देगी प्लेटफॉर्म हील्स, मिलेगा गॉर्जियस लुक

अपनी खूबसूरती में चार चांद लगाने के लिए महिलाएं हर प्रयास करने को तैयार हो जाती हैं। ऐसे में वे आउटफिट से लेकर एक्सेसरीज तक हर एक चीज परफेक्ट मैच कर पहनना पसंद करती हैं। ऐसे में अगर आप भी अपने लुक को गॉर्जियस बनाना चाहती है, तो यह खबर आपके लिए खास हो सकती है। आज हम आपको कुछ ऐसी प्लेटफार्म हील्स के बारे में बताएंगे, जिन्हें ट्राई कर आप अपने लुक को गॉर्जियस बना सकती है।

**टेक्सचर्ड कॉर्क फ़िनिश प्लेटफ़ॉर्म हील्स-** अगर आप ऑफिस में फॉर्मल ड्रेस पहनकर जा रही हैं और अपने लुक को डिफरेंट और एलिगेंट टच देना चाहती हैं, तो आप इस तरह की टेक्सचर्ड कॉर्क फ़िनिश प्लेटफॉर्म हील्स को ट्राई कर सकती हैं। इस तरह की हील्स आपके लुक को गॉर्जियस और डिफरेंट बनाने में मदद करेगी। आप ऐसी ही हील्स को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती है। इस तरह की हील्स में आपको और ही कई कलर मिल सकते हैं।

# हरी साड़ी हो या सूट, ये ज्वेलरी और मेकअप देगी आकर्षक लुक



सावन का महीना अपनी हरियाली के लिए पहचाना जाता है। ऐसे में महिलाएं इस महीने में हरा रंग पहनना ज्यादा पसंद करती हैं। इस महीने में जो त्योहार भी आते हैं, उनके लिए भी ज्यादातर महिलाएं हरे रंग का आउटफिट तैयार कराती हैं। हरे रंग का आउटफिट अपने आप में बेहद खास होता है, लेकिन अगर इसे गलत तरीके से कैरी किया जाए तो ये पूरा लुक बिगाड़ सकता है। इसी के चलते हरे आउटफिट के साथ आपका मेकअप और ज्वेलरी भी उतनी ही खास और कॉम्प्लिमेंटिंग होनी चाहिए, ताकि पूरा लुक संतुलित और आकर्षक लगे। तो आइए आपको बताते हैं कि हरे रंग के आउटफिट के साथ कैसा मेकअप और कैसी ज्वेलरी अच्छी लगेगी।

**ऐसा होना चाहिए मेकअप**

**1. बेस मेकअप हो क्लीन-** यदि आप हरे रंग का आउटफिट कैरी कर रही हैं तो उसके साथ बेस मेकअप को सही से सेट करें। इसके लिए आपको लाइट फाउंडेशन या बीबी क्रीम की जरूरत पड़ेगी, जिससे स्किन नेचुरल लगे। इसके अलावा अपने लुक को कंप्लीट करने के लिए गालों पर हल्का सा ब्लश और चीक बोन्स पर हाइलाइटर जरूर अप्लाई करें।

**2. आई मेकअप का रखें खास ध्यान-** हरे रंग के आउटफिट के साथ कभी भी हरे रंग का ही आईशैडो इस्तेमाल न करें। इससे आपका लुक बिगड़ सकता है। हरे आउटफिट के साथ गोल्डन, कॉपर या ब्रॉन्ज शिमर आईशैडो कैरी करें। ये बेहद खूबसूरती के साथ हरे रंग से मैच करता है। हां अगर आप चाहें तो ग्रीन आईलाइनर या काजल से हल्का एक्सपेरिमेंट कर सकती हैं। अपनी आंखों को बढ़ा दिखाने के लिए मस्कारा अवश्य ही अप्लाई करें।

**3. लिपस्टिक हो सबसे खास-** अब बारी आती है लिपस्टिक की तो आपको हरे आउटफिट के साथ सही लिपस्टिक का चयन करने की जरूरत है। इसके लिए न्यूड, पीच या रोज पिंक लिपस्टिक हरे कपड़ों के साथ बेहतरीन लगती है। अगर आप डार्क लिपस्टिक अप्लाई करना चाहती हैं तो डार्क मरून या वाइन शेड भी प्यारा लगेगा।

**1. गोल्ड ज्वेलरी में मिलेगा क्लासिक लुक-** अगर आप उन महिलाओं में शामिल हैं, जिन्हें हमेशा से ही क्लासिक लुक पसंद है तो गोल्ड ज्वेलरी का चयन करें। गोल्ड ज्वेलरी त्योहारों के मौकों पर सबसे खास लगती है। ऐसे में हरे आउटफिट के साथ बेधड़क गोल्ड ज्वेलरी कैरी करें।

**2. कुंदन या पोल्की पहनकर दिखाएं शाही लुक-**अगर आप शाही लुक दिखाना चाहती हैं तो कुंदन की ज्वेलरी कैरी करें। कुंदन ज्वेलरी (व्हाइट + ग्रीन बीड्स के साथ) हरे आउटफिट के साथ बेहद शाही लुक देती है। अगर आप हरे आउटफिट के साथ लाल स्टोन वाली ज्वेलरी पहनेंगी तो भी ये प्यारी लगेगी।

**3. ऑक्सिडाइज्ड सिल्वर देगा फ्यूजन लुक-**बहुत सी महिलाओं को एथनिक वियर के साथ फ्यूजन लुक कैरी करना पसंद है। तो ऐसे में आप अपने हरे आउटफिट के साथ सिल्वर ऑक्सीडाइज ज्वेलरी कैरी कर सकती हैं। सिल्वर झूमके और स्टेटमेंट नेकपीस आपके एथनिक वियर को मॉडर्न टच के लिए परफेक्ट रहेगा।

# नेल आर्ट के टिप्स : घर बैठे बनाएं प्रोफेशनल डिज़ाइन

आजकल नेल आर्ट का ट्रेंड हर लड़की के दिल को भा रहा है। यह आपके नाखूनों को खूबसूरत और आकर्षक बनाने का बेहतरीन तरीका है। हालांकि, पार्लर में नेल आर्ट करवाने में काफी पैसे खर्च होते हैं। लेकिन अब आपको इसके लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं है। कुछ आसान टिप्स अपनाकर आप घर पर ही शानदार नेल आर्ट कर सकती हैं। आइए जानते हैं, कैसे। **ईयरबड से बनाएं खूबसूरत नेल आर्ट डिज़ाइन :** ईयरबड की मदद से आप घर पर ही खूबसूरत और यूनिक नेल आर्ट डिज़ाइन बना सकती हैं। इसके लिए सबसे पहले अपने नाखूनों पर बेस कलर लगाएं और इसे सूखने दें। इसके बाद ईयरबड का इस्तेमाल करते हुए नाखूनों पर छोटे-छोटे डॉट्स बनाएं। इन डॉट्स को आप फ्लावर डिज़ाइन या किसी अन्य आकर्षक पैटर्न में बदल सकती हैं। इसके ऊपर हल्का स्पार्कल नेल पॉलिश लगाएं और अंत में जेल नेल पॉलिश लगाकर इसे अच्छे से सूखने दें। इस आसान तरीके से आपके नाखून सुंदर और आकर्षक नजर आएंगे।

**सेफ्टी पिन से बनाएं यूनिक नेल आर्ट :** सेफ्टी पिन एक साधारण और सस्ता विकल्प है, जिसकी मदद से आप घर पर यूनिक नेल आर्ट बना सकती हैं। सबसे पहले अपने नाखूनों पर बेस कलर लगाएं और इसे सूखने दें। इसके बाद एक कॉन्ट्रास्ट कलर चुनें और इसे अपने नाखूनों पर लगाएं। अब सेफ्टी पिन की नोक का इस्तेमाल करते हुए नाखूनों पर जिक-जैक या पोल्का डॉट्स जैसी डिजाइन बनाएं। इसके ऊपर जेल नेल पॉलिश लगाएं और इसे सूखने दें। इस विधि से आपके नाखून प्रोफेशनल लुक देंगे और आपको पार्लर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

**मल्टी कलर नेल आर्ट से पाएं ब्राइट लुक :** अगर आप अपने नाखूनों को और भी कलरफुल और ब्राइट लुक देना चाहती हैं, तो मल्टी कलर नेल आर्ट एक बेहतरीन विकल्प है। सबसे पहले डार्क बेस कलर लगाएं और इसे सूखने दें। इसके बाद अलग-अलग रंगों की नेल पेंट से नाखूनों पर पतले-पतले स्ट्रोक्स बनाएं। इसके ऊपर हल्का स्पार्कल जोड़ें ताकि यह और चमकदार दिखे। अंत में इसे अच्छे से सूखने दें। इस आसान तरीके से आपके नाखून फेस्टिव और ट्रेंडी लुक देंगे।



**स्पॉन्ज से बनाएं ग्रेडिएंट डिज़ाइन :** ग्रेडिएंट डिज़ाइन आपके नाखूनों को मॉडर्न और कूल लुक देने का एक बेहतरीन तरीका है। इसके लिए आपको स्पॉन्ज की मदद लेनी होगी। सबसे पहले दो या तीन रंगों का चयन करें। स्पॉन्ज पर एक साथ इन रंगों को लगाएं और इसे नाखूनों पर टैप करें। इसके बाद जेल नेल पॉलिश लगाएं और इसे सूखने दें। इस तकनीक से आपके नाखून आकर्षक और स्टाइलिश दिखेंगे, जिससे आपका लुक और भी बेहतर हो जाएगा।

**ट्रांसपेरेंट और ग्लिटर नेल आर्ट करें :** ट्रांसपेरेंट नेल पॉलिश का बेस लगाएं। इसके ऊपर हल्का-सा ग्लिटर नेल पॉलिश लगाएं। इसे सिंपल और एलिगेंट लुक के लिए सूखने दें। यह तरीका ऑफिस से लेकर पार्टी लुक तक के लिए परफेक्ट है।

**घर पर नेल आर्ट के फायदे**

**पैसे की बचत :** पार्लर जाने की जरूरत नहीं। **समय की बचत :** घर पर ही तुरंत तैयार हो सकती हैं। **क्रिएटिविटी :** आप अपनी पसंद और स्टाइल के अनुसार डिज़ाइन बना सकती हैं। इस तरह के आसान टिप्स की मदद से आप घर पर ही प्रोफेशनल नेल आर्ट बना सकती हैं। अब आपको पार्लर में हजारों रुपये खर्च करने की जरूरत नहीं है। इन टिप्स को आज़माकर अपने नाखूनों को स्टाइलिश बनाएं। इस लेख के बारे में अपनी राय हमें कमेंट बॉक्स में जरूर दें।

# तीज पर ये प्रिंटेड साड़ियां आपके लुक में लगाएंगी चार-चांद

इस साल 27 जुलाई को हरियाली तीज मनाई जाएगी और इस मौके पर जहां महिलाएं सोलह श्रृंगार करती हैं, वहीं ट्रेडिशनल लुक पाने के लिए साड़ी स्टाइल करती हैं। हरियाली तीज पर पहनने के लिए साड़ियां आपको कई सारे रंग और डिजाइन ऑप्शन्स के साथ मिल जाएंगी। लेकिन, अगर आप न्यू लुक और खूबसूरत नजर आना चाहती हैं, तो आप इस तरह की प्रिंटेड साड़ी पहन सकती हैं। इस साड़ी में आपका लुक बेहद ही खूबसूरत और स्टाइलिश नजर आएगा। हरियाली तीज पर पहनने के लिए हम आपको कुछ लेटेस्ट डिजाइन की प्रिंटेड साड़ियां दिखा रहे हैं। इस तरह की साड़ियों में आपका लुक बेहद ही खूबसूरत और सबसे अलग नजर आएगा।



**ब्लॉक प्रिंट साड़ी**

अगर आप कुछ न्यू ट्राई करना चाहती हैं, तो आप इस तरह की ब्लॉक प्रिंट साड़ी का चुनाव कर सकती हैं। इस साड़ी में बेहद ही खूबसूरत प्रिंट करके डिजाइन बनाया गया है और इस साड़ी को स्टाइल करने के बाद आप अलग और स्टाइलिश नजर आएंगी। इस तरह की साड़ियां आपको कई सारे डिजाइन ऑप्शन्स के साथ मिल जाएंगी जिन्हें आप बाजार या ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से सस्ते दाम में खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं।

**जरी वर्क शिफॉन साड़ी**

अगर आप इस खास मौके पर लाल रंग की साड़ी सर्च कर रही हैं, तो आप इस तरह की रेड जरी वर्क शिफॉन साड़ी पहन सकती हैं। इस साड़ी में जरी वर्क किया हुआ है और यह शिफॉन फैब्रिक में है। यह साड़ी हरियाली तीज के मौके पर ट्रेडिशनल लुक पाने के लिए बेस्ट है और इस साड़ी में आप बेहद ही खूबसूरत नजर आएंगी। यह साड़ी आपको ऑनलाइन या ऑफलाइन दोनों ही जगहों से लगभग 1,500 रुपये की कीमत में मिल सकती है।

**फ्लोरल प्रिंटेड साड़ी**

अगर आप कुछ न्यू ट्राईकरना चाहती हैं साथ ही, ये भी चाहती हैं कि आपका लुक सबसे अलग नजर आए, तो आप इस तरह की फ्लोरल प्रिंटेड साड़ी का चुनाव कर सकती हैं। यह साड़ी फ्लोरल प्रिंट में है और यह हरियाली तीज के मौके पर आपके लुक में चार-चांद लगा देगी। यह साड़ी आपको आसानी से कई सारे फ्लोरल प्रिंट ऑप्शन्स के साथ मिल जाएंगी, जिन्हें आप सस्ती कीमत पर खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**

**बृहस्पतिवार, 24 जुलाई 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके1947 श्री सूर्य दक्षिण अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते वर्षा ऋतौ श्रावण मासोत्तमे कृष्ण पक्षे, अमावस्या तिथौ गुरु वासरे 24/41/ पुनर्वसु नक्षत्रे 16/44/ हर्षण योग 09/51/ चतुष्पद करणे 13/35/ कर्क राशिगत चन्द्रमा घं.10मि.59पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** स्नान दान श्रद्धादि की अमावस्या। हरियाली अमावस्या। चितलगी अमावस्या। आदि अमावस्या।

**मेष :** मनोरंजन पर व्यय होगा। प्रभावी व्यक्तियों से भेंट होगी। व्यवसाय में सावधानी से कदम उठाएं।

**वृष :** कोई निकट सहयोग मदद कर सकता है। आजीविका के लिए संघर्ष करेंगे। शिक्षा में अड़चन आएगी।

**मिथुन :** आत्मिक हर्ष होगा। परिश्रम से सफलता मिलेगी। व्यापारिक अवरोध की निवृत्ती होगी। परिजनों की उपेक्षा मिलेगी।

**कर्क :** गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। पुरुषार्थ सार्थक होगा। रुके कार्य में प्रगति होगी।

**सिंह :** जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा। धन सम्मान में वृद्धि होगी। आय-व्यय में संतुलन आवश्यक है। आलस्य त्यागे।

**कन्या :** व्यर्थ की उलझन रहेगी। यात्रा की स्थिति सुखद एवं लाभकारी रहेगी। व्यस्तता अधिक होगी। आत्मबल में सुधार होगा।

**तुला :** वरिष्ठ परिजनों पर व्यय होगा। धर्म में आस्था बढ़ेगी। मनोमालिन्य दूर होगा। इच्छाशक्ति क्षीण रहेगी।

**वृश्चिक :** सुख में कमी रहेगी। कटु वचन ना कहें। यात्रा से लाभ। धैर्य बनाएं रखें। आर्थिक मामलों में जोखिम न उठाएं। व्यय भार बढ़ेगा।

**धनु :** शारीरिक सुख में वृद्धि होगी। परिवार में सुख साधन की वृद्धि होगी। दुर्गा जी की उपासना से लाभ होगा। असम्मान का भाव रहेगा।

**मकर :** बुद्धि चातुर्य से उत्तम धन लाभ होगा। संयम एवं धैर्य से कार्य के होने की संभावना है। यात्रा का योग।

**कुंभ :** यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद एवं लाभकारी रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग। व्यावसायिक प्रगति का योग बनेगा।

**मीन :** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। यात्रा सुख में होगी। मनोमालिन्य दूर होगा।

# जालौन ललितपुर, झांसी

**बारिश के चलते मकान गिरने पर मांगा गया मुआवजा**

तालबेहट। बाबूलाल साहू पुत्र अजुद्दी साहू निवासी मुहल्ला चौबयाना वार्ड. 1 अम्बेडकर नगर ने राजस्व विभाग को प्रार्थनापत्र सौपा, जिसमें उन्होंने बताया कि भारी बारिश के चलते उनका मकान गिर गया, जिससे जान तो बच गई, लेकिन मकान गिरने की वजह से वह बेघर हो गया व उसे काफी नुकसान हो गया व वह सम्पूर्ण समाधान दिवस में भी इस संबंध में प्रार्थना पत्र दे चुका है व उसने गिरे हुये मकान का जो नियत मुआवजा हो दिलाये जाने की मांग की है।

## खबर एक नज़र

### कारगिल विजय दिवस; पर जिला स्तरीय गोष्ठी 26 जुलाई को




उरई : बैठक लेती उर्विजा दीक्षित ।

**उरई(जालौन)।** आज भारतीय जनता पार्टी ने भाजपा कार्यालय उरई पर आगामी 26 जुलाई को ष्कारगिल विजय दिवसष्पर आयोजित ष्जिला स्तरीय गोष्ठी पर कारगिल युद्ध में शहीद सैनिकों के परिवार युद्ध में सम्मिलित वीर योद्धाओ का सम्मान कारगिल युद्ध में शहीद वीरों की प्रतिमा पर स्वच्छता कर माल्यार्पण/शहीद वीरों के नाम पर पौधारोपण एवं 27 जुलाई मन की बात को लेकर जिला पदाधिकारियों और मॉनिटरिंग टीम के सदस्यों के साथ तैयारी बैठक की कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने की उन्होंने बताया की तीनों विधान सभाओं में शहीदों के सम्मान में कार्यक्रम अलग अलग स्थानों पर किए जाएंगे शहीदों के नाम भाजपा के द्वारा प्रत्येक बूथ पर एक पेड़ लगाया जाएगा इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित जिला महामंत्री रविंद्र प्रताप अग्निवेश चतुर्वेदी विवेक कुशवाहा मनोज पालीवाल रेखा वर्मा हरेंद्र विक्रम मनोज यादव वीरप्रताप जादौन ज्योतिष व समस्त जिला पदाधिकारीगण सोशल मीडिया एवं आई.टी.के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

### तिलक नगर निवासियों की समस्या निराकरण हेतु एस डी एम ने किया स्थलीय निरीक्षण



कोंच : कंजड़ बाबा डेरा का निरीक्षण करती एसडीएम ।

**कोंच (जालौन)।** बीते दिन मुहल्ला तिलक नगर कंजड़ बाबा डेरा निवासियों ने उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह को एक प्रार्थना पत्र देते हुए बताया था कि हमारे मुहल्ले में करीब एक बर्ष पहले बिजली के खम्भे व लाइन बिछा दी गयी थी लेकिन उनमें बिधुत सप्लाई प्रवाहित नहीं की गयी जिसके कारण हम लोगों को बांस बल्लियों के सहारे बिधुत लाइन घरों तक लाना पड़ रही है जिससे बरसात के मौसम में करेंट आने का खतरा बना रहता है जिस पर दिन बुधवार को एस डी एम ने समस्या समाधान हेतु उपखण्ड अधिकारी रविन्द्र कुमार एवं अवर अभियंता अमन पांडेय मौके पर पहुंच गयीं और लोगों से बातचीत करते हुए समस्या के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया जिसमें बिधुत करेंट की जांच एवं बिधुत आपूर्ति बहाल करने हेतु दो दिन का समय दिया गया है साथ ही साथ बन बिभाग को बिधुत तार से सटे हुए पेड़ों की जांच कर करेंट से बचाव हेतु पेड़ों की कांट छांट हेतु निर्देशित किया गया एस डी एम ने उपखण्ड अधिकारी को दो दिन के अंदर बिधुत सप्लाई बहाल न होने पर सम्बंधित ठेकेदार के विरुद्ध कार्यवाही हेतु आख्या देने के लिए निर्देशित किया गया।

### 'किसानों की समस्यायों का हर संभव निस्तारण किया जायेगा- तारा शुक्ला'



तहसीलदार सुश्री तारा शुक्ला

**जालौन।** किसानों की हर संभव समस्याओं को निस्तारित कर उन्हें सरकार द्वारा मिलने वाले लाभों को दिलाए जाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा, इस समय अंश त्रुटि से ज्यादातर किसान परेशान है इसे सुधार किए जाने का कार्य प्राथमिकता से किया जाएगा, यह बात नव आगंतुक तहसीलदार सुश्री तारा शुक्ला ने कही। तहसीलदार ने कार्य भार संभालते हुये सभी लेखपालों कानूनगो के साथ बैठक कर उन्हें सख्त निर्देश देते हुए बताया कि किसानों की समस्या का हर संभव निस्तारण करें उनके साथ शालनीता से बात कर उन्हें समझाये।इस समय तहसील क्षेत्र में ज्यादातर किसान अंश त्रुटि से परेशान हो कर भटक रहे जैसे उनके हिस्से की जमीन गलत खाते में चली गई है, ऐसे खातों को चिन्हित कर उन्हें सुधार किया जाये। यह कार्य प्राथमिकता के तौर पर किया जाये। किसानों की समस्याओं का हर संभव निस्तारण किया जाएगा किसी भी प्रकार से किसान अपने लाभ से वंचित न हो यह हर संभव प्रयास किया जाएगा कि उनको सरकार की योजनाओं का पूरा-पूरा लाभ मिल सके।

### वृहद पुनरीक्षण कार्यक्रम सम्पन्न कराये जाने हेतु डीएम ने दिये दिशा निर्देश

ललितपुर। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने समस्त जन सामान्य को अवगत कराया है कि राज्य निर्वाचन आयोग लखनऊ की संशोधित अधिसूचना के द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में इस कार्यालय की सार्वजनिक सूचना में संशोधन करते हुये जनपद में त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली का राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा समय सारणी के अनुसार वृहद पुनरीक्षण कार्यक्रम सम्पन्न कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं व 18 जुलाई से 18 अगस्त तक किसी ग्राम पंचायत के आंशिक भाग के किसी अन्य ग्राम पंचायत अथवा नगरीय निकाय में समाहित होने की स्थिति में विलोपन एवं मतदाता सूची के प्रिंट करने की कार्यवाही व बीएलओ एवं पर्यवेक्षकों को उनके कार्य क्षेत्र का आवंटन, उन्हें सत्सम्बन्धी जानकारी देना, प्रशिक्षण तथा स्टेशनरी आदि का वितरण व उपर्युक्त दोनों कार्यवाही पृथक पृथक तथा समान्तर चलेंगी व 19 अगस्त से 29 सितम्बर बीएलओ द्वारा घर घर जाकर गणना और सर्वेक्षण एवं हस्तलिखित पाण्डुलिपि तैयार करने की अवधि व 19 अगस्त से 22 सितम्बर तक ऑनलाईन आवेदन करने की अवधि व 23 से 29 सितम्बर तक ऑनलाईन प्राप्त आवेदन पत्रों की घर घर जाकर जांच व 30 सितम्बर से 6 अक्टूबर तक निर्वाचक गणना पत्रक के आधार पर परिवर्धन, संशोधन एवं विलोपन की तैयार हस्तलिखित पाण्डुलिपि सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में जमा करने की अवधि व 7 अक्टूबर से 24 नवम्बर तक ड्राफ्ट नामावलियों की कम्प्यूट्रीकृत पाण्डुलिपि तैयार करना व 25 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक निर्वाचक नामावलियों के कम्प्यूटरीकरण के उपरान्त मतदान केन्द्र स्थलों का क्रमांकन, मतदाता क्रमांकन, मतदेय स्थलों के वार्डों की मैपिंग, मतदाता की डाउनलोडिंग, फोटो प्रतियां कराने आदि व 5 दिसम्बर अंतिम मतदाता सूची के आलेख का प्रकाशन व 6 दिसम्बर से 12 दिसम्बर तक आलेख्य के रूप में प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची का निरीक्षण व 6 दिसम्बर से 12 दिसम्बर तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करना व 13 से 19 दिसम्बर तक दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण व 20 से 23 दिसम्बर तक दावे, आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त हस्तलिखित पाण्डुलिपियां तैयार करना, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में जमा करने की अवधि व 24 दिसम्बर 2015 से 8 जनवरी 2026 तक दावे और आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त पूरक सूचियों की कम्प्यूटरीकरण की तैयारी तथा उन्हें मूल सूची में यथा स्थल समाहित करने की कार्यवाही व 9 जनवरी से 14 जनवरी तक पूरक सूचियों की कम्प्यूटीकरण के उपरान्त मतदान केन्द्र, स्थलों का क्रमांकन, मतदाता क्रमांकन, मतदेय स्थलों की वार्डों की मैपिंग, मतदाता सूची की डाउनलोडिंग, फोटो प्रतियां कराने आदि व 15 जनवरी को निर्वाचक नामावलियों का जनसामान्य के लिये अंतिम प्रकाशन व जनपद के समस्त विकास खण्डों मडावरा, महरौनी, तालबेहट, बार, बिरधा, जखौरा की निर्वाचक नामावली का वृहद पुनरीक्षण आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार किया जाना है, समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रकरण अधिकारी,उप जिलाधिकारी के द्वारा अपने क्षेत्राधिकारी के अंतर्गत त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावलियों के वृहद पुनरीक्षण कार्यक्रम का प्रमुख स्थानीय समाचार पत्रों में व्यापक प्रचार प्रसार किया जायेगा तथा सार्वजनिक जानकारी हेतु समस्त संबंधित कार्यालयों के सूचना पटट पर भी यह कार्यक्रम प्रदर्शित किया जायेगा व खण्ड विकास अधिकारी अपने क्षेत्राधिकार की ग्राम पंचायतों में उपरोक्त कार्यक्रम का डुग्गी पिटवाकर मुनादी कराना सुनिश्चित करेंगे व निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण के दौरान पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों में संबंधित कार्यालय खुले रहेंगे तथा निर्धारित समय सारणी के अनुसार निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण का कार्य पूर्ण कराया जायेगा।

## एक पेड़ मां के नाम पर डा0 अम्बेडकर विद्यालय में पर्यावरण गोष्ठी

**0 स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत बच्चों की रैली को हरी झण्डी दिखाई अतिथियों ने**

**0 विद्यालय में विभाग द्वारा उपलब्ध पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया प्रबन्धक रामशरण जाटव ने**

**उरई(जालौन)।** डॉ0 अम्बेडकर शिक्षण एवं समाज सेवी संस्थान के अन्तर्गत संचालित डा0 अम्बेडकर विद्यालय हूसपुरा रेंढर (नदीगांव) में वृक्षोरोपण अभियान के तहत विद्यालय में वृक्षारोण कार्यक्रम विद्यालय के संस्थापक / प्रबन्धक रामशरण जाटव के मुख्य आतिथ्य में 'एक पेड़ माँ; के नाम को लेकर वृक्षरोपण किया गया। इसके पूर्व विद्यालय के शिक्षकों ने स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत बच्चों की रैली को भी अतिथियों ने हरी झण्डी दिखाकर विद्यालय के बच्चों के प्रवेश के लिए उत्साहित किया। शिक्षा विभाग के निर्देशों के तहत ज्यादा से ज्यादा बच्चों को विद्यालय में प्रवेश कराने हेतु अभिभावकों को प्रोत्साहित किया। इसके उपरान्त विद्यालय में विभाग द्वारा उपलब्ध पाठ्य पुस्तकों का वितरण करते हुए विद्यालय प्रबन्धक / चेयरमैन रामशरण जाटव ने कहा कि बाबा साहेब डॉ0 अम्बेडकर का सपना था कि देश की भावी पीढ़ी शिक्षित होकर समाज व देश तरक्की कर सकेगा। उन्होंने पर्यावरण को सुरक्षित और संरक्षित हेतु अधिक से अधिक पेड़ लगाये जाने पर बल दिया।



उरई : विधालय में पौधारोपण करते प्रबंधक रामशरण जाटव व अन्य ।

इस अवसर पर मुख्य रूप पूर्व प्रधान गजराज सिंह कुशवाहा, पूर्व सदस्य जिला पंचायत सुभाषचन्द्र शाक्यवार, पूर्व प्रधान चित्रांगद कुमार पाण्डेय, ग्राम प्रधान रेंढर के0के0 रजक, पूर्व शिक्षाविद् श्यामजी शर्मा, विद्यालय प्रधानाचार्य पूरन सिंह चौहान, प्रधानाध्यापक रामरूप जाटव, शिक्षक रूप सिंह कुशवाहा, शिक्षक विमल कुमार द्विवेदी, शिक्षक बलवीर सिंह पाल, आंगनवाड़ी कार्यकत्री पूजा कुशवाहा, समाजसेवी डॉ0 कोमल सिंह कुशवाहा, समाजसेवी भगवत प्रसाद दाऊ रेंढर, कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती सावित्री देवी ने की तथा संचालन वरिष्ठ समाजसेवी राजनैतिज्ञ सुधीर शर्मा ने किया। इस अवसर पर समाजसेवी अशोक दोहरे, सुरेश कुमार दाऊ, धीरज कुशवाहा उपस्थित रहे।

## रामपुरा ब्लाक प्रमुख ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया सन्देश



रामपुरा : पौधरोपण करते रामपुरा ब्लाक प्रमुख ।

**- 'एक पेड़ माँ के नाम; अभियान के तहत ग्राम भिटौरा में किया वृक्षारोपण**

**रामपुरा (जालौन) ।** विकासखंड रामपुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत भिटौरा के जंगल में वन विभाग द्वारा वृहद वृक्षारोपण करके त्रिवेणी वन की स्थापना की गई । इस अवसर पर विकासखंड रामपुरा के ब्लॉक प्रमुख अजीत सिंह सेंगर ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण हैं वृक्षों के बगैर मानव जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती अतः प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर उन्हें पूर्ण आकार लेने तक उन्हें संरक्षित करना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ वायु मिल सके। वन क्षेत्राधिकारी रणजीत सिंह ने बताया कि त्रिवेणी वन स्थापना योजना अंतर्गत एक ही गड्ढे में तीन अलग-अलग पीपल बरगद नीम के वृक्ष रोपितप करना होता है । यह तीनों वृक्ष मानव जीवन के लिए बेहद कल्याणकारी है । पंचनद का वन तीर्थ क्षेत्र है एवं विभिन्न प्रकार के औषधीय वृक्षों से आच्छादित है, प्रकृति के इस अनूठे वन क्षेत्र को और अधिक सजाने संवारने के लिए यहां अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की योजना बनाई जा रही है। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी विजय द्विवेदी पत्रकार, संतोष प्रजापति भाजपा मंडल अध्यक्ष, मनोज कुमार सिंह सेंगर प्रधान भिटौरा ,हरेंद्र सिंह चंदेल अध्यक्ष साधन सहकारी समिति, अनिरुद्ध सिंह सेंगर ,राहुल सिंह सेंगर, अमित कुमार वन दरोगा, काशी प्रसाद वन दरोगा , शिवम वेद वनरक्षक, विक्रम कुमार वनरक्षक, धनीराम वनरक्षक सहित अनेक वनकर्मी व क्षेत्रीय लोग उपस्थित थे।

## विद्यालयों के प्रतिभावान एवं जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को पुस्तके बांटी

बुधवार को समाजसेवी संस्था न्यू लोक कल्याण समिति के तत्वावधान में निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालयों के प्रतिभावान एवं जरूरतमंद छात्र-छात्राओं का पुस्तके बांटी गयी।

खादी ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अतिथि के तौर पर पधारे विधायक विनोद चतुर्वेदी ने कहा कि बिना शिक्षा के कोई भी राष्ट्र एवं समाज तरक्की नहीं कर सकता। इसलिए तरक्की तथा खुशहाली के लिए शिक्षा जरूरी है। उन्होंने नारी शिक्षा पर ज़ोर दिया। निःशुल्क पुस्तक वितरण करने पर संस्था के सदस्यों तथा समाजसेवियों की सराहना की। संस्था के अध्यक्ष सुरेश चन्द्र वर्मा ने कहा कि कोई भी बालक बालिका किताबों की समस्या की वजह से शिक्षा से वंचित न रह सके। इसके लिए संस्था बीते 10 वर्षो से छात्र छात्राओं को निःशुल्क पुस्तकें वितरण किया जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव ने कहा कि शिक्षा ऐसी चीज है जो बांटी नहीं जा सकती। इसलिए शिक्षा के लिये अभिभावक, छात्र छात्राओं को निरंतर प्रयत्नशील रहना चाहिए।



उरई : निःशुल्क पुस्तक वितरण करते पालिकाध्यक्ष ।

इस मौके पर पूर्व विधायक अरुण मेहरोत्रा, प्रशिक्षण केन्द्र के प्राचार्य शिशुपाल सिंह गोयल, प्रधानाचार्य सुशील कुमार, रमेश मिश्रा, भाजपा नगर अध्यक्ष सुबोध द्विवेदी, पुरुषोत्तम गहोई, आसिफ कुरैशी, तौहीद राईन सभासद, दिनेश श्रीवास सभासद, धर्मेंद्र सिंह पाल सभासद, लालू श्रीवास, संजय सविता, प्रदीप गांधी, डब्बू श्रीवास्तव, राजेश गुप्ता एडवोकेट, कौशलेंद्र सिंह आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व प्रधानाचार्य आशुतोष मिश्रा के द्वारा किया गया। पुस्तक पाकर छात्र छात्राओं के चेहरे खिल उठे इस अवसर पर एम एस वी इंटर कालेज कालपी, नगर पालिका बालिका इंटर कॉलेज, आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज ठक्कर बापा इंटर कॉलेज आदि विद्यालयों के विद्यार्थियों को निःशुल्क पुस्तक वितरण की गई।

## 19बर्षीय पुत्र तीन दिन से लापता

जालौन। 19 वर्षीय पुत्र के तीन दिन से लापता होने की सूचना गायब पुत्र के पिता ने कोतवाली में दी । पुलिस ने पिता की सूचना पर गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी।

मोहल्ला रापतगंज निवासी संतोष कोस्टा ने कोतवाली में सूचना देते हुए बताया कि उसका 19 वर्षीय पुत्र उमंग कोष्टा सोमवार को घर से यह कह कर निकाला था कि वह गोहन जा रहा है रात तक वह घर नहीं लौटा तो उसकी खोजबीन की लेकिन उसका कहीं अता पता नहीं चला नाते रिश्तेदारी में पूछताछ की लेकिन कोई भी सुराग नहीं चल सका । पुलिस ने पिता की सूचना पर गायब पुत्र की गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी।

## गर्भवती विवाहिता फाँसी के फंदे पर झूली, इकौना गांव का मामला



कदौरा(जालौन)। विवाहिता के पेट मे पल रहे मासूम को ससुरालीजनों द्वारा दूसरे का बच्चा बता कर घर से निकालने से आहत विवाहिता ने मायके मे साड़ी का फंदा गले मे डाल कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोष्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना क्षेत्र के ग्राम इकौना निवासी गुड़िया पुत्री रामपाल निषाद 22 वर्ष ने बुधवार सुबह फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली मृतका के पिता रामपाल ने पुलिस को बताया की उसने अपनी पुत्री का विवाह तीन वर्ष पूर्व जय सिँह पुत्र प्रकाश उर्फ़ करिया निवासी ग्राम जल्ला थाना कुरारा हमीरपुर के साथ अपने सामर्थ्य के अनुसार किया था। पुत्री गुड़िया के पेट मे 7 माह का गर्भ पल रहा था। एक हफ्ते पूर्व पति पुत्री को मायके इकौना छोड़ गया था। मंगलवार को वह पुत्री को छोड़ने ससुराल ग्राम जल्ला गया तो ससुरालीजनों ने पेट मे पल रहे बच्चे को किसी और का बताते हुए घर मे नहीं घुसने दिया। मारपीट कर घर से भगा दिया। जिससे आहत हो कर वह पुत्री को इकौना ले आया। ससुरालीजनों द्वारा चरित्र पर इल्जाम लगाने से पुत्री मानसिक रूप से अवसाद में रही। बुधवार को मौका देख कर उसने अपनी साड़ी से फांसी लगा ली। पुत्री को फांसी पर लटका देख घर मे कोहराम मच गया सूचना पर सीओ अवधेश कुमार सिंह, थानाध्यक्ष प्रभात कुमार सिंह फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पोष्टमार्टम के लिए भेज दिया।

वही इस सम्बंध मे थाना प्रभारी प्रभात कुमार सिंह का कहना है कि ग्राम इकौना मे महिला के द्वारा आत्महत्या करने की सूचना पर गए थे पूछताक्ष मे परिजनों ने बताया की चरित्र पर इल्जाम लगाने से आहत हो कर आत्महत्या की है बाकी छानबीन की जा रही है शव को पोष्टमार्टम के लिए भेजा गया है ।

## स्मार्ट मीटर लगाने से उपभोक्ताओं का इंकार,सभासदों ने एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

**कदौरा(जालौन)।** नगर में विद्युत विभाग द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर अब उपभोक्ताओं के लिए मुसीबत बनते जा रहे हैं। नगर के विभिन्न मोहल्लों से लगातार ऐसी शिकायतें सामने आ रही हैं कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं को विभागीय कर्मचारियों द्वारा उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है। इस बढ़ते हुए उत्पीड़न के खिलाफ अब स्थानीय जनप्रतिनिधिओ ने भी आवाज उठाना शुरू कर दी है। बुधवार को सभासदों ने एसडीओ को ज्ञापन सौंपा और समस्या के समाधान की मांग की।



उरई : एसडीओ अरविंद कुमार को ज्ञापन देते सभासदगण ।

गौरतलब है कि विगत दिन नगर पंचायत कार्यालय के प्रांगण में विधुत समाधान कैम्प का आयोजन किया गया था। जिसमे विधुत विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों की मौजूदगी में नगर पंचायत के सभासदों द्वारा एक ज्ञापन एसडीओ को सौंप कर बताता था कि अवगत एक कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर नगर के विभिन्न वार्डों में लगाए जा रहे हैं। लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर से अधिक बिल निकल रहा है। जिससे गरीब उपभोक्ताओं के साथ साथ व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सभासदों ने कहा कि इस कंपनी को सरकारी कार्यालयों एवं कालोनियों में ही स्मार्ट मीटर लगाने की अनुमति मिली है। लेकिन कंपनी की तरफ से आए कर्मचारी नगर के सभी आवासों में भी मीटर लगाने का कार्य कर रहे हैं। जिससे लोगों में रोष व्याप्त है। सभासदों ने कहा कि नगर में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य बंद किया जाये। अगर कार्य बंद नहीं हुआ तो उच्चधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। समस्या का समाधान नहीं हुआ तो धरना प्रदर्शन को बाध्य होंगे। एसडीओ अरविन्द्र कुमार का कहना है कि शासन के निर्देशानुसार स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य किया जा रहा है। जो हर जगह लगाये जा रहे। सरकारी कार्यालयों कालोनियों एवं उपभोक्ताओं के आवासों में भी स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य चल रहा है। जो आगे भी जारी रहेगा। इस कार्य को जनता के सहयोग से भी किया जा रहा है।

इस दौरान अवर अभियंता मिठाईलाल,अमन खान,सभासद,राज कुमार,गंभीर गौतम,शरीफ खान,राजेस कुमार,सकील राईन,गीता देवी,मो बसीम,विजय लक्ष्मी, आफ्ताब अहमद,अब्दुल अलीम,राकेश बाबू,आदि लोग मौजूद रहे।

## जनपद प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने सरकारी योजनाओं व विकास कार्यों की अधिकारियों के साथ की समीक्षा

**ललितपुर विकास करेगा तो प्रदेश विकास करेगा, इसके लिए सभी मिलकर करें काम-प्रभारी मंत्री**

**ललितपुर।** राज्यमंत्री अल्पसंख्यक कल्याण मुस्लिम वक्फएवं हज जनपद प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कलैक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक करते हुए जनपद के विकास कार्यों की हकीकत जानी और अधिकारियों को शासन की मंशा के अनुरुप कार्य करने के सख्त निर्देश दिये। प्रभारी मंत्री ने कहा कि जनपद के विकास कार्यों में हीलाहवाली बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी, इसके लिए अधिकारी पूरी तत्परता के साथ अपने कार्यों को पूर्ण करायें, इसके साथ ही क्षेत्र में बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य और रोजगार से सम्बंधित शिकायतों का प्राथमिकता पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए व जनप्रतिनिधियों के फोन अनिवार्य रुप से उठाये जायें और उनके द्वारा बतायी गई जनसमस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित कराते हुए लिखित रुप में जनप्रतिनिधियों को अवगत भी कराया जाए, अन्यथा उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। कार्यक्रम में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुश्ताक ने सभी जनप्रतिनिधियों का बुके भेंट कर स्वागत किया व जनपद के विकास कार्यों की एक-एक कर विभागवार समीक्षा की गई व यूपीसीडा के क्षेत्रीय प्रबंधक संदीप कुमार ने जनपद के ग्राम सैदपुर में यूपीसीडा द्वारा 1472 एकड़ में बनाये जा रहे बल्क ड्रग फार्मा पार्क के बारे में बताया कि तीन चरणों में फार्मा पार्क का कार्य किया जाना है, प्रथम चरण में 352.91 एकड़ भूमि पर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है, साथ ही औद्योगिक इकाईयों की स्थापना के लिए निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से प्लाट आवंटन भी शुरु कर दिया गया है, जिसमें अब तक चार प्लाट आवंटित भी किये जा चुके हैं व जल निगम शहरी एवं ग्रामीण के अधिशासी अभियंताओं को कड़े निर्देश दिये कि हर घर तक शुद्ध पेयजल की उपलब्धता को हर हाल में सुनिश्चित करें और रोड रेस्टोरेशन का कार्य त्वरित गति से पूर्ण करायें व विद्युत विभाग के दोनों अधिशासी अभियंताओं को कड़े निर्देश दिये कि जनपद में रोस्टर के अनुसार आपूर्ति होनी चाहिए और जनप्रतिनिधियों के फोन आये तो अनिवार्य रुप से अटेण्ड किया जाए तथा उनके द्वारा बतायी गई जन समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए, इसके साथ ही स्मार्ट मीटरों में यदि शिकायत आ रही है तो क्षेत्र में जाकर उसका सत्यापन करें और समस्या का निस्तारण करायें, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए व स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिये कि मेडिकल कॉलेज में विद्युत और पेयजल की समस्या का जल्द से जल्द निस्तारण कराया जाए, इसके लिए बनाये जा रहे फीडर का कार्य त्वरित गति से आगे बढ़ाया जाए, ताकि आने वाले छात्रों को कोई समस्या न रहे, उन्होंने लोक निर्माण विभाग व नगर पालिका के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर के प्रवेश द्वार को और अधिक आकर्षक बनाया जाए, ताकि लोग दूर से ही उसे देख सकें, इसके लिए प्रवेश द्वार से 100 मीटर दूरी पर एलईडी लाइट्स, द्वार पर फसाड लाइट, सीसीटीवी कैमरे व डिस्प्ले स्क्रीन आदि लगाई जाये, ताकि लोगों को लगे कि वे किसी शहर में प्रवेश कर रहे हैं। सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा में बताया गया कि प्रदेश की रैंकिंग में जनपद को 6वां स्थान प्राप्त हुआ है, इस पर प्रभारी मंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन को बधाई दी और आगे भी अच्छा कार्य करने के लिए अधिकारियों का उत्साहवर्धन किया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि पर्यटन की दृष्टि से जनपद समृद्ध है, इसके लिए जनपद में स्वीकृत 14 प्रोजेक्टों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश पर्यटन के प्रोजेक्ट मैनेजर को दिये।




प्रभारी मंत्री ने कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि ललितपुर की अधिकांश आबादी कृषि पर निर्भर है, इसलिए कृषि विभाग के अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि यहां के किसानों को खाद, बीज और उर्वरकों की कमी न होने पाये, इसके अलावा जनपद में समय से क्रय केन्द्र खोले जायें। बैठक के अंत में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने जनपद के पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सभी जनप्रतिनिधियों को जनपद के पर्यटन से सम्बंधित पोट्रेट और कैलेण्डर भेंट किये। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री के द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के माध्यम से मिशन शक्ति अभियान 3.0 के अन्तर्गत प्रशिक्षित महिला उद्यमियों को स्वावलम्बी बनाने हेतु 5 महिला उद्यमियों क्रमशः अंजली देवी राय, शिवानी कुशवाहा, सुलोचना रजक, अभय तिर्की, खिलन अहिरवार को वित्त पोषित ई-रिक्शा एवं टूलकिट प्रदान की गयी व उन्होंने कहा कि ललितपुर में यह प्रदेश का पहला और देश का चौथा ड्रग फार्मा पार्क तैयार हो रहा है, जो ललितपुर के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा व इसके विकसित होने से बड़ी-बड़ी दवा कम्पनियां व कारोबारी यहां अपने यूनिट स्थापित करेंगे और करोड़ों रुपए का निवेश करेंगे, जिससे यहां के लोगों को रोजगार मिलेगा और ललितपुर आर्थिक रुप से समृद्ध होगा। बैठक में राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, जिलाध्यक्ष हरिश्चन्द्र रावत व अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अंकुर श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, सीएमओ, प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज, पीडी डीआरडीए, डीडीओ, डीसी मनरेगा सहित अन्य कार्यदायी विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# इलाज में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

- कमिश्नर ने सीएचसी का किया निरीक्षण, दिए निर्देश
- बेवजह मरीजों को रिफर न करने की दी नसीहत



बांदा : सीएचसी का निरीक्षण करते कमिश्नर अजीत कुमार ।

बांदा। मरीजों के इलाज में लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं होगी। बेवजह किसी भी मरीज को रिफर न करें। अगर मरीजों के परेशान किए जाने की शिकायत मिली तो वह तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। उपरोक्त निर्देश कमिश्नर ने सीएचसी के निरीक्षण के दौरान दिए।

आयुक्त अजीत कुमार द्वारा बुधवार को जनपद हमीरपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) कुरारा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कई खामियाँ पाई गईं। डॉक्टरों का ड्यूटी रोस्टर दीवार पर लगा तो था, किंतु उसमें अस्थायी रूप से चाक से नाम लिखे गए थे, जो अस्वीकार्य है। इसके अतिरिक्त दवाओं की सूची सार्वजनिक स्थान पर प्रदर्शित नहीं की गई थी। वहीं शौचालयों के दरवाजे और टाइलें भी खराब अवस्था में पाई गईं। इन खामियों को गंभीरता से लेते हुए आयुक्त महोदय ने स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक को मौके पर ही तत्काल सुधार कार्य सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी डॉक्टर एवं कर्मचारी समय से ड्यूटी पर उपस्थित रहें। मरीजों को समुचित, संवेदनशील व सम्मानजनक उपचार उपलब्ध कराया जाए। परिसर में सफाई, शुद्ध पेयजल और बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बिना उचित कारण के किसी भी मरीज को रिफर न किया जाए। मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार सुनिश्चित किया जाए और किसी भी समस्या की स्थिति में तत्काल उच्चाधिकारियों को सूचित किया जाए। आयुक्त अजीत कुमार ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि आमजन को समय पर, समुचित और गरिमापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# चोरी के मामले में अभियुक्त को हुई सजा

बांदा। चोरी के मामले में अदालत ने अभियुक्त को दोषी करार दिया है। सजा के साथ आरोपी पर 5000 का जुर्माना भी लगाया है।

पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 लखनऊ के द्वारा चलाये जा रहे अभियान ÷आपरेशन कन्विक्शन÷ के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक रेलवे अनुभाग झांसी विपुल कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में एवं पुलिस उपाधीक्षक रेलवे अनुभाग झांसी शोहराब आलम के पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक नवेन्दु शेखर अग्निहोत्री/सम्बन्धित विवेचक थाना जीआरपी द्वारा की गयी गुणवत्तापूर्ण विवेचना/पैरवी के साथ ही अभियोजन अधिकारी बीरेन्द्र त्रिवेदी रेलवे अनुभाग झांसी के द्वारा किये जा रहे सघन अभियोजन कार्य के फलस्वरूप न्यायालय ए0सी0जे0एम0 रेलवे कोर्ट दिव्यकान्त सिंह राठौर के द्वारा थाना जीआरपी बांदा पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 324/17, मुकदमा नम्बर-4464/17 धारा 379/411 भादवि0 थाना जीआरपी से सम्बन्धित अभियुक्त मनोज कुमार लखेरा उर्फ मुनीम पुत्र प्रागीलाल निवासी चूड़ीवाली गली सुभाष नगर थाना अतर्रा जिला उ0प्र0 को उपरोक्त मुकदमे में जेल में बिताई गयी अवधि एवं 5000 अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है एंव अर्थदण्ड अदा न करने पर अभियुक्त को 6 माह के साधारण कारावास से दण्डित किया गया है। प्रभारी निरीक्षक नवेन्दु शेखर अग्निहोत्री ने बताया कि वादी वेद कुमार पुत्र छोटेलाल निवासी ग्राम व पोस्ट मौरी थाना रैपुरा जिला चित्रकूट झांसी का मोबाइल ट्रेन तुलसी एक्सप्रेस से रेलवे स्टेशन अतर्रा के पास अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लेने पर वादी की तहरीर पर मुकदमा उपरोक्त थाना जीआरपी बाँदा में पंजीकृत कराया था जिसमें थाना जीआरपी बांदा पुलिस द्वारा अभियुक्त उपरोक्त के कब्जे से वादी का चोरी गया मोबाइल बरामद होने पर नियमानुसार कार्यवाही कर जिला कारागार भेजा गया था जिसमें जीआरपी पुलिस टीम द्वारा प्रभावी पैरवी करते हुये अभियुक्त उपरोक्त को न्यायालय द्वारा सजा करायी गयी है।

# खाद की काला बाजारी करने वालों पर करें कार्यवाही-अजीत



बांदा : कर्मचारियों को निर्देशित करते आयुक्त ।

- खाद के नाम पर किसानों को बेवजह न परेशान किए जाने की कमिश्नर ने दी हिदायत
- सहकारी समितियों में लगातार जारी है कमिश्नर की औचक छापेमारी

बांदा। खाद के नाम पर काला बाजारी करने वालों के विरुद्ध तत्काल कार्यवाही करें। अगर ओवर रेट में खाद बिक्री की शिकायत मिली तो वह खुद कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। उपरोक्त निर्देश कमिश्नर ने सहकारी समिति के निरीक्षण के दौरान दिए।

आयुक्त अजीत कुमार द्वारा बुधवार को उपायुक्त एवं उप निबन्धक, सहकारिता, चित्रकूटधाम मण्डल के साथ जनपद हमीरपुर स्थित बहुउद्देश्यीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (बी-पैक्स) हेलापुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान केंद्र पर 300 बैग डीएपी खाद एवं 400 बैग यूरिया खाद उपलब्ध पाई गई। इस अवसर पर आयुक्त महोदय ने केंद्र पर उपस्थित कृषकों से खाद की उपलब्धता व वितरण के संबंध में जानकारी ली, जिस पर किसानों ने बताया कि खाद की उपलब्धता बनी हुई है तथा वितरण नियमित रूप से किया जा रहा है। आयुक्त अजीत कुमार ने उपायुक्त एवं उप निबन्धक, सहकारिता को निर्देशित किया कि मण्डल के सभी सहकारी समितियों व वितरण केंद्रों पर खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी केंद्र पर खाद की कमी न हो। साथ ही सभी केंद्रों का नियमित एवं औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए। आयुक्त ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ओवर रेटिंग, नकली खाद की आपूर्ति या वितरण में लापरवाही की स्थिति में संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कठोर दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कृषकों के हितों की सुरक्षा एवं पारदर्शी खाद वितरण प्रणाली शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही कदापि स्वीकार्य नहीं होगी।

## खबर एक नज़र

### आवारा कुत्तो ने ली मासूम की जान

बांदा। दुकान से बिस्कुट लेकर घर जा रहे मासूम को आवारा कुत्तो ने घेर लिया। उसे नोच नोच कर मार डाला। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में चीख पुकार मच गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गिरवां थाना क्षेत्र के पतरहा गांव निवासी 4वर्षीय कृष्णकांत उर्फ कृष्णा पुत्र पंकज कुशवाहा बुधवार की सुबह घर से दो सौ मीटर दूर स्थित परचून की दुकान से बिस्कुट लेकर घर लौट रहा था। तभी सूचना मौका देख आवारा कुत्तो ने उसे घेर लिया। कुत्ते उसका पैर पकड़ कर घसीट कर सूनसान जगह पर ले गए। कृष्णा को नोच नोच कर मार डाला। कुछ देर बाद मौके पर पहुंची पड़ोसी महिला ने देखा तो पत्थर मार कर कुत्तो को भगाया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनो देखा तो उसकी मौत हो चुकी थी। शव देखते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के पिता ने बताया कि वह मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता है। कृष्णा उसका इकलौता पुत्र था। उसके चार बेटी है। अचानक हुई इस घटना से मां गीता का रो रोकर बुरा हाल हो गया।

### डीजे की धुन में दब गई मासूम की चीखे

बांदा। बिस्कुट लेकर घर लौट रहे मासूम को पांच आवारा कुत्तो ने घेर लिया। उसे घसीट कर लिए जा रहे थे। उसी वक्त गांव में डीजे के साथ कावड़ यात्रा आई थी। गांव के लोग गांव यात्रा देखने में व्यस्थ थे। मासूम चीखता चिल्लाता रहा। लेकिन डीजे की आवाज में कृष्णा की चीखे किसी को सुनाई नही दिया। इसी बीच पड़ोसी महिला बेल पत्ती तोड़ने गई थी। उसने देख लिया। नही तो कुत्ते कृष्णा को नोच नोच कर पूरा खा जाते उसका नामो निशान मिट जाता फिर परिजन उसकी तलाश करते रहे।

### श्रीजी इण्टरनेशनल स्कूल के छात्र ने बढ़ाया गौरव




चित्रकूटः प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 18 से 21 जुलाई तक आयोजित सीबीएसई क्लस्टर एथलेटिक मीट-2025 में जिले के श्री जी इंटरनेशनल स्कूल के छात्र हेमंत कुमार ने अंडर 17 बालक वर्ग के ट्रिपल जंप इवेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल प्राप्त कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए है। विद्यालय के निदेशक स्वपनिल अग्रवाल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में लखनऊ, सीतापुर, रायबरेली, उन्नाव, कानपुर, हरदोई, लखीमपुर खीरी, बांदा सहित कई जिलों में संचालित सीबीएसई विद्यालयों के अंडर 14, अंडर 17 व अंडर 19 के लगभग 2000 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। जिसमें विद्यालय के छात्र ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया है तथा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के उसका चयन किया गया है।

# सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम किया गया आयोजित

**महोबा ।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज आल्हा चौक में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रधानाचार्य के द्वारा वृक्षों का पूजन करके किया गया । विद्यालय के सभी छात्र भैयाओं और छात्रा बहिनों को एक एक वृक्ष विद्यालय के द्वारा प्रदान कर उसकी सुरक्षा तथा देखभाल के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य कमलेश सिंह ने शपथ दिलाई और कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत छात्र.छात्राओं को अधिक से अधिक पौधरोपण करना चाहिए। विद्यालय में अतिथि रूप में पधारे शिशु शिक्षा निकेतन के प्रधानाचार्य अरुण कुमार उपाध्याय को भी विद्यालय के प्रधानाचार्य कमलेश सिंह ने वृक्ष उपहार स्वरूप भेंट किया। इस अवसर पर आचार्य बन्धुए आचार्या बहिनों के साथ नगर के प्रतिष्ठित बन्धु और अभिभावक बन्धु उपस्थित रहे स सभी को एक एक वृक्ष देकर उसकी देखभाल की शपथ दिलाई गई ।

# परिवहन मंत्री के निर्देश पर परिवहन निगम की स्यावन बस सेवा हुई शुरू

**महोबा ।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की मुख्यालय से स्यावन तक चलने वाली बस सेवा का एक बार फिर से शुभारंभ कर दिया गया है। यह बस सेवा पहली बार नवंबर 2024 में शुरू की गई थी स जिससे महोबा व कुलपहाड़ की ओर आने जाने वाले स्यावन क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक गांवों के यात्रियों को अत्यंत सुविधा मिली थी। हालांकि छह माह बाद अप्रैल 2025 में यह सेवा अचानक बंद कर दी गई थी स जिससे स्थानीय लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। लगातार परिवहन विभाग में शिकायतें करने के बावजूद कोई समाधान नहीं निकल पाया। इसके बाद क्षेत्र के भाजपा मंडल उपाध्यक्ष कुलदीप सोनीए वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता राजेश बाबू रावत बबलू महाराज व बूथ अध्यक्ष वीर सिंह राजपूत ने इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह से मुलाकात की। मंत्री से अनुरोध किए जाने के बाद जनहित को ध्यान में रखते हुए मंगलवार से इस बस सेवा को पुनः प्रारंभ कर दिया गया स क्षेत्रवासियों में बस सेवा की वापसी से खुशी की लहर है और लोगों ने भाजपा नेताओं के प्रयासों की सराहना करते हुए सरकार का आभार जताया है। ख्8रू00 च्डए 7द्23द्2025, ्रैनतमी श्रप ज्ञंदचनतरू पीएम श्री राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज में सफाई कर्मचारियों को किया गया सम्मानित

## नगर पालिका परिषद के स्वच्छता कर्मचारियों का सम्मान समारोह का आयोजन

**महोबा ।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2024.25 के परिणामों की घोषणा के उपलक्ष्य में पीएम श्री राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज द्वारा नगर पालिका परिषद के स्वच्छता कर्मचारियों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या की गरिमामयी उपस्थिति में नगर पालिका के सभी सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इन कर्मठ कर्मचारियों ने नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है उन्हें समारोह के दौरान उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्वच्छता अपनाओए बीमारी भगाओ अभियान के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। नागरिकों को जागरूक करते हुए बताया गया कि स्वच्छता न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैए बल्कि यह एक जिम्मेदारी भी है जिसे सभी को निभाना चाहिए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जनमानस को जागरूक करना और नगर के सफाई कर्मचारियों के परिश्रम और सेवा भाव को सम्मान देना था। इस तरह के आयोजनों से न केवल सफाईकर्मियों का मनोबल बढ़ता हैए बल्कि समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी व्यापक रूप से फैलती है।

## मई जून माह से ज्यादा खतरनाक गर्मी वर्तमान समय में पड़ रही है

**अतर्रा।** भीषण वर्षा होने के बावजूद भी गर्मी लोगों को बेहाल कर रही है माह मई जून से ज्यादा खतरनाक गर्मी जुलाई माह में पड रही है लोग इससे बचकर रहे। जानकारी के अनुसार जितनी तेज वर्षा इस वर्ष हुई है शायद दो.चार वर्षो पहले कभी नहीं हुई है इसके बावजूद भी माह जुलाई में पड रही भीषण गर्मी से लोग बेहाल हो रहे हैं,इसी महीने की गर्मी से कालरा जैसी गंभीर बीमारियां होने की प्रबल संभावना रहती है क्योंकि लोग इस खतरनाक गर्मी को समझ नहीं पाते हैं और पानी पीने की मात्रा कम कर देते हैं इसके अलावा खानपान भी उल्टा सीधा करने पर हैजा कालरा होने की प्रबल संभावना रहती है यह बात डॉक्टरों द्वारा भी सहमति बताई गई।

# एसडीएम को बुंदेलखंड किसान यूनियन अराज के द्वारा दिया गया ज्ञापन



स्वतंत्र भारत संवाददाता अतर्रा बांदा । एक फोटो सहित। आज दिन बुधवार को दो मांगों को लेकर बुंदेलखंड किसान यूनियन के पदाधिकारीयो के द्वारा उपजिलाधिकारी अतर्रा राहुल द्विवेदी को ज्ञापन देते हुए दोनों समस्याओं का समाधान कराए जाने की मांग की गई। मिली जानकारी के अनुसार बुंदेलखंड किसान यूनियन के अराज के पदाधिकारीयो मैं राजा मनीष तिवारी के नेतृत्व में मोतीलाल एवं करण शुक्ला सरोज कुमार आदि यूनियन के सदस्यों के द्वारा दिए गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि वर्तमान समय में धान की रोपाई पूरे तहसील क्षेत्र में चल रही है जिसके कारण अन्ना जानवरों के द्वारा काफी नुकसान किया जा रहा है प्रत्येक ग्राम सभा में गौशालाएं संचालित हैं अन्ना जानवरों को गौशालाओं में रखे जाने के लिए ग्राम प्रधानों एवं ग्राम सचिवों को गौशालाओं में प्रबंधन कराए जाने के लिए आदेशित करें। जिससे किसानों की फसलों का नुकसान ना हो सके। वर्तमान समय में धान की रोपाई के अलावा अरहर एवं मूंग की फसलों का नुकसान भी अन्ना जानवर कर रहे हैं।

# नदियों में पूजन सामग्री का विसर्जन रोकने के लिए अलग से बनाए कुण्ड- डीएम



चित्रकूट ब्यूरोः जिला गंगा समिति, जिला पर्यावरण समिति एवं जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक बुधवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें डीएम ने समितियों से सम्बन्धित कार्यो की समीक्षा करते हुए सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने गंगा समिति के सदस्यों से नदियों में मिलने वाले नालों के बायोरेमेडीएशन की स्थिति की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि नदियों में फूल-माला पूजा सामग्री आदि का विसर्जन रोकने के लिए अलग से विसर्जन कुंड बनाया जाए। साथ ही नदियों के किनारे स्थित आश्रमों में होने वाले भंडारों में सिंगल यूज प्लास्टिक एवं थर्माकोल से बने उत्पादों के प्रयोग को रोकने के लिए नोडल अधिकारी जागरूकता कार्यक्रम कर जागरूक करें तथा प्रकृति के अनुकूल उत्पादों का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करें। पर्यावरण समिति के सदस्यों से डीएम ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक एवं थर्माकोल से बने उत्पादों की रोकथाम के लिए अभियान चलाकर दुकानों पर छापामार कार्रवाई करें तथा पॉलिथीन जब्त के साथ ही जुर्माना भी लगाए। इसके अलावा जनपद के सभी अस्पतालों व पैथोलॉजी अस्पतालों से निकलने वाले अपशिष्ट को अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के प्रावधानों के अनुरूप उचित उपचार एवं निपटान की व्यवस्था न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करें। डीएम ने वृक्षारोपण समिति के सदस्यों से वर्तमान वर्ष में रोपित किए गए पौधों की जियो ट्रैकिंग की प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि सभी विभाग रोपित किए गए पौधों की शत-प्रतिशत जियो ट्रैकिंग कराएं तथा इसके लिए सभी विभाग एक व्यक्ति को नामित कर सुरक्षित पौधों की सूचना शासन को भेंजे। बताया कि शासन द्वारा ग्रीन चौपाल नामक एक समिति बनाई जाएगी। जिसमें ग्राम प्रधान, सेक्रेटरी व वनरक्षक होंगे, जो ग्राम वन सहित बनाए गए अन्य वनों की देखरेख व सफाई करेंगे ।

इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, उपजिलाधिकारी राजापुर आरआर रमन, उप कृषि निदेशक राजकुमार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ एसके पांडेय, जिला खनिज अधिकारी रणवीर सिंह, जीएमडीआईसी एसके केसरवानी, अपर प्रभागीय वनाधिकारी राजीव रंजन सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी लालजी यादव सहित समिति के सदस्य आदि मौजूद रहे।

# संत रामदास ने मानस कथा के जरिए श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध



**राजापुर, चित्रकूटः** तहसील मुख्यालय स्थित तुलसी जन्मकुटीर में चल रहे दस दिवसीय तुलसी जन्म जयंती महोत्सव के दूसरे दिन बुधवार को पूजन-अर्चन के बाद ओम नमः शिवाय गौशाला वंशीवट वृंदावन के सन्त रामदास महराज ने श्रीरामचरितमानस नवान्हपारायण पाठ कर श्रोताओं को कथा का रसपान कराया।

सन्त रामदास महराज ने बालकाण्ड में शिव चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि त्रेता युग मे राजा दक्ष द्वारा द्वारा एक यज्ञ किया गया। जिसमें भगवान शंकर को आमंत्रित न किये जाने के बावजूद उनकी पत्नी माता सती अपने पिता दक्ष के यहाँ पहुंचीं। माता सती ने यज्ञ स्थल पहुंचकर देखा तो भगवान शिव के अतिरिक्त सभी देवता आए हुए थे। जब माता सती ने पिता दक्ष से भगवान शिव को न बुलाने का कारण पूंछा तो दक्ष ने भगवान शिव का अपमान किया। अपने पति भगवान शिव का अपमान माता सती सहन नहीं कर सकीं और हवनकुण्ड में कूदकर अपनी देह त्याग दी। यह ज्ञात होने पर भगवान शिव को क्रोध आया। भगवान शिव के क्रोध से वीरभद्र प्रकट हुए और वीरभद्र ने दक्ष का यज्ञ विध्वंस करते हुए सिर काट दिया। कहा कि इस प्रसंग से यह सीख मिलती है कि अहंकार और ईर्ष्या संबंधों को नष्ट कर देती है। कहा कि प्रत्येक रिश्ते व समाज के लिए सम्मान, विनम्रता और समभाव आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि श्रीरामचरित मानस के पाठ से मातृ-पितृ भक्ति, भ्रातृत्व प्रेम, कर्तव्य निष्ठा, सहनशीलता, भक्ति, प्रेम व त्याग आदि की सीख मिलती है। श्रीरामचरितमानस से प्राणी मात्र को विभिन्न प्रकार की शिक्षाएँ और सत्मार्ग में चलने की प्रेरणा मिलती है।

इस मौके पर मानस पीठ के पुजारी रामाश्रय त्रिपाठी, तुलसी जन्मकुटीर के पुजारी शिवाकांत चतुर्वेदी, राजेन्द्र पाण्डेय (काशी), सतीश मिश्रा, राधेश्याम सोनी, अशोक सोनी, सुनील मिश्रा, सन्तोष अग्रहरि, रामप्रसाद गर्ग, रामनरेश द्विवेदी, चुन्नू तिवारी, राजेश तिवारी, शंकरदयाल जायसवाल, भरतलाल जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# अच्छे विचारों से ही होता है अच्छे समाज का निर्माण- प्रो. शिशिर



चित्रकूट ब्यूरोः जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय एवं अंतराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की जयंती के अवसर पर भगवान बुद्ध व लोकमान्य तिलक के परिप्रेक्ष्य में कर्म की अवधारणा विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शिशिर कुमार पाण्डेय ने ब्रिटिश शासन के समय बाल गंगाधर तिलक के योगदान को विभाजन कार्य नीतियों के खिलाफ एक आध्यात्मिकवादी सोच का परिचायक बताया। कहा कि वर्तमान समय के रूपांतरण के लिए भगवान बुद्ध के विचारों को अपनाया जाना अत्यंत आवश्यक है। मानविकी संकाय के अधिष्ठाता डॉ महेंद्र कुमार उपाध्याय ने कहा कि भगवान बुद्ध तथा बाल गंगाधर तिलक के योगदान को सभी अध्यात्म और वर्तमान युग के समन्वयकारी दृष्टि के रूप में देख सकते हैं। इसके बाद आयोजित तकनीकी सत्र में श्रीलंका के डॉ वेनजुलमपटये पुण्यासार ने जातक कथाओं तथा विनय पिटक की अवधारणा को व्यक्त करते हुए कर्म की अवधारणा को स्पष्ट किया। अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के निदेशक डॉ राकेश सिंह ने कहा कि अच्छे विचारों से ही अच्छे समाज का निर्माण होता है, यही बुद्ध का मूल मंत्र है। इसके साथ ही बाल गंगाधर तिलक के विचार आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक है। सदस्य डॉ तरुणेश कुमार मिश्र ने कहा कि कर्म की परिधि में पुनर्जन्म का अत्यंत महत्व है। उन्होंने कर्म के रूपांतरण के लिए आत्म बल के महत्व को स्पष्ट किया। संगोष्ठी में विभिन्न शोधार्थियों ने 25 से अधिक शोध पत्रों का वाचन किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षा विभाग की प्रभारी डॉ नीतू तिवारी ने किया।

इस मौके पर शिक्षा संकाय के डॉ निहार रंजन मिश्र, संस्कृत विभाग की प्रभारी डॉ प्रमिला मिश्रा, डॉ शांत कुमार चतुर्वेदी, डॉ अरविंद कुमार, डॉ दलीप कुमार, डॉ अमिता त्रिपाठी, डॉ रवि प्रकाश शुक्ला, डॉ सुनीता श्रीवास्तव, डॉ शशिकांत त्रिपाठी, डॉ रीना पांडेय, अंग्रेजी विभाग के अध्यक्ष डॉ शशिकांत त्रिपाठी, संगोष्ठी संयोजक डॉ हरिकांत मिश्र आदि मौजूद रहे।

# वर्षा जल का संचयन कर करें भूजल रिचार्ज, किया जागरूक



चित्रकूट ब्यूरोः भूजल सप्ताह के समापन के अवसर पर मंगलवार को वाटरएड एवं जिला वॉश फोरम के संयुक्त तत्वाधान में ब्लाक स्तरीय जल चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों को भूजल जल संरक्षण एवं वर्षा जल संचयन के प्रति जागरूक किया गया।

अपर अभियंता लघु सिचाई विभाग प्रशान्त कुमार शुक्ल ने बताया कि संसाधनों की कमी होने पर वाटर बजटिंग की जाती है। बजटिंग में संसाधनों का समुचित उपयोग किया जाता है। कहा कि वर्षा जल के उचित संचयन न होने पर का भूजल रिचार्ज कम मात्रा में होता है। जिससे भूगर्भ जलस्तर निरंतर घटता जा रहा है। भूगर्भ जल स्तर को संतुलित करने के लिए वाटर बजटिंग के तहत नालो में डैम व तालाब बनाकर वर्षा जल संग्रहण करने का काम किया जा रहा है। संस्था के निदेशक अशोक कुमार ने कहा कि प्रकृति मनुष्य को जीवन यापन करने के लिए संसाधन प्रदान करती है, जबकि मनुष्य भौतिकवादी विकास की वजह से इन संसाधनों का दोहन कर रहा है। जिससे प्रकृति में असंतुलन उत्पन्न होता है तथा जलवायु परिवर्तन के कारण सूखा, अत्यधिक वर्षा, ओला वृष्टि की घटनाएं हो रही है। इन घटनाओं को रोकने के लिए वृक्षारोपण, बागवानी, खेती के तरीको में बदलाव करने की जरूरत है। इसके लिए युवाओं सहित जनपद के गणमान्य व्यक्ति आदि को जोड़कर काम करना होगा तभी हम प्रकृति को बचा पायेगे। जिला वॉश फोरम चित्रकूट के शंकरदयाल पयासी ने कहा कि पृथ्वी का जल स्तर दिनोदिन नीचे जा रहा है जिसके लिए हम सभी को मिलकर सामूहिक प्रयास करने होगे। अगर भूजल स्तर बढ़ाना है तो वर्षा जल को हर हाल में रोकना होगा। इस मौके पर अपर जिला पंचायत राज अधिकारी रमेश गुप्ता, जिला वॉश फोरम के शंकरदयाल पयासी, श्रवण कुमार, वाटरएड के जिला समन्वयक सुनील कुमार, रेनू मिश्रा, राजाराम, तेजचन्द्र, अवधेश नारायण, लवकुश, राजेन्द्र यादव, संगीता सिंह, हीरालाल आदि मौजूद रहे।

### कार में टक्कर लगने पर बस चालक को पीटा

सुमेरपुर-हमीरपुर। बुधवार को करीब 11 बजे महोबा से कानपुर जा रही परिवहन निगम की बस की जरा सी टक्कर हाईवे में पशु बाजार के समीप कार में लग जाने से कार सवारों ने बस चालक को जमकर पीटा। चालक बस लेकर थाने पहुंचा और घटना की मौखिक जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने कार सवारों को पकड़ा और थाने ले आई। बाद में दोनों पक्षों में समझौता हो गया। इस घटना के कारण बस में सवार यात्री परेशान रहे।

# बैंक के लाभार्थियों के ऋण प्राथमिकता पर स्वीकृत करें

स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रूखाबाद। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के सभी विभागों की बैंक से संबंधित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा हेतु समस्त क्षेत्रीय प्रबंधकों एवं जिला समन्वयकों के साथ बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि लक्ष्य के सापेक्ष सभी विभाग प्रगति सुधारें तथा जनपद को शीर्ष पर लाये लापरवाही बरतने पर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी सभी बैंक विभागीय योजनाओं के लाभार्थियों के ऋण प्राथमिकता पर स्वीकृत करें।

बैठक में पी0डी0 डी0आर0डी0ए0 कपिल कुमार एल0डी0एम0 जिला कृषि अधिकारी बीके सिंह व जिलास्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।



## देश को आजादी चंद्रशेखर आजाद जैसे महान क्रांतिकारियों की बदौलत मिली



स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रूखाबाद । कायमगंज में राष्ट्रीय प्रगतिशील फोरम के तहत शहीदे आजम चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने उन्हें विश्व का कालजयी अग्निपुत्र क्रांतिकारी बताया ।

प्रोफेसर रामबाबू मिश्र रत्नेश ने कहा कि देश को आजादी न तो बिना खड़ग बिना ढाल और न सत्य और अहिंसा के अर्थ हीन नारों से मिली ।भारत को आजादी चंद्रशेखर आजाद जैसे पराक्रमी शहीदों के अभूतपूर्व बलिदानों से प्राप्त हुई ।हमने शहीदों की चिताओं पर मेले लगाने की बात कही थी लेकिन मेले लगे नहीं और हम सियासी मजमों में भटक गए।

गीतकार पवन बाथम ने कहा कि हमारे राष्ट्रीय चरित्र के पतन का प्रमुख कारण बलिदानी सपूतों की उपेक्षा है ।आजादी के बाद जो आदर्श समाज के सामने आए उनसे युवा पीढ़ी दिशाहीन हो गई आज के नेताओं को देखकर लगता नहीं है कि इस देश की युवा पीढ़ी किसी उद्देश्य को लेकर बलिदान हुई होगी। देश की राजनीति युवाओं के समक्ष कोई आदर्श प्रस्तुत नहीं कर पाई और वे भ्रम और दिशाहीनता के दलदल में फंस गए।

प्रधानाचार्य शिवकांत शुक्ला ने कहा कि क्रांतिकारियों की वीर गाथाएं अनिवार्य रूप से पाठ्यक्रम में शामिल की जाएं ।शिक्षा के साथ निरंतर हो रहे प्रयोगों से हालात बिगड़ रहे हैं।

डॉ सुनीत सिद्धार्थ ने कहा कि देवी देवताओं के मंदिर मस्जिद तो सिर माथे लेकिन अब समय की पुकार है कि हर शहरए कस्बा और गांव में शहीदों के मंदिर भी बनवाए जाएं और इसके लिए सरकारों का मुंह देखने के बजाय समाज के समृद्ध विचारवान लोगों को आगे आना चाहिए।

युवा कवि अनुपम मिश्रा ने कहा कि

युवा रचेंगे देश का अब एक नया विधान ।

राष्ट्र करे समवेत हो वीरों का सम्मान।।

छात्र यशवर्धन ने कहा कि

मातृभूमि की वेदिका पर जो हुए शहीद ।

मने उन्हीं की याद में अब होली और ईद।। गोष्ठी में जेपी दुबे ए वीएस तिवारीए मनीष गौड़ आदि ने प्रमुख रूप से सहभागिता की। अलीगंज से आए कवि बृजनंदन पुजारी ने शहीदों की शान में काव्य पाठ किया।

## छात्राएं मोबाइल का सीमित उपयोग कर इंस्टाग्राम फेसबुक रील्स पर समय बर्बाद ना करे



फर्रूखाबाद । एन ए के पी इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति अभियान के तहत जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल चंद्र ने छात्राओं को मोबाइल का सीमित उपयोग करने एवं ए0आई0 से सावधान रहकर मोबाइल का उपयोग करने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी भी फ्रॉड कॉल से सावधान रहना है। यदि कोई समस्या आए तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। उन्होंने बताया कि अभ्युदय योजना के तहत छात्र छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की निशुल्क तैयारी कराई जाती है

जिला प्रोवेशन अधिकारी ने इसके साथ ही 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 112 इमरजेंसी नम्बर के विषय में भी बताया।बाल संरक्षण अधिकारी सचिन सिंह ने छात्राओं से कहा कि फेसबुक इंस्टाग्राम व्हाट्सएप से दूरी बनाए और रील्स पर अपना कीमती समय नष्ट न करें क्योंकि रील्स देखते समय का अंदाजा भी नहीं लगता कि कब 2 या 3 घंटे बीत गए। उन्होंने बाल संरक्षण से संबंधित विषय पर भी जानकारी दी। जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल चंद्र ने मिशन शक्ति अभियान में विद्यालय की ओर से विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाली छात्राओं को डायरी और गिफ्ट देकर सम्मानित किया और उनका मनोबल बढ़ाया। प्रधानाचार्या इंदु मिश्रा ने छात्राओं से कहा कि कोई भी समस्या होने पर सबसे पहले अपने माता पिता को जानकारी दें और उनकी बात अवश्य माने। इस अवसर पर सभी शिक्षिकाएं एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

## प्रधानाध्यापिका का फांसी पर झुलता मिला शव

भरथनाए इटावा। भरथना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मोढी निवासी 48 वर्षीय सरकारी विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मृदुला दोहरे पुत्री रामेश्वर दयाल दोहरे के परिजनों में बुधवार की सुबह साढ़े 10 बजे उस समय कोहराम मच गया जब प्रधानाध्यापिका मृदुला दोहरे का शव घर के दरवाजे की चौखट पर संदिग्ध अवस्था में फांसी के फंदे पर झूलता देखा गया।

घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम के सहयोग से घटना स्थल का निरीक्षण कर मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मुख्यालय भेजा है। मृतका मृदुला दोहरे क्षेत्र की ग्राम पंचायत लहरोई के मजरा ग्राम मोहन में संचालित सरकारी प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापिका के पद पर तैनात थीए ग्रामीणों ने बताया मृदुला बीते कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान चल रही थीए जिसके इलाज के लिए मृदुला कुछ दवाइयां खाती थी। मृतका अपने पिता की पांच संतानों में कुल तीन बहनों में सबसे बड़ी थी उसके दो भाइयों में सुनील दोहरे परिवार में सबसे बड़ा भाई था जबकि दूसरा शुभम छोटा भाई थाएमृदुला ने पिता के निधन हो जाने के कारण अपनी दोनों छोटी बहनों और छोटे भाई की शादी स्वयं की थी। मृदुला के पिता रामेश्वर दयाल का वर्ष 2002 में निधन हो गया था। प्रधानाध्यापिका मृदुला की मौत से 75 वर्षीय बुजुर्ग मां देवकी दोहरेएभाई सुनील शुभम समेत उसके परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस घटना के सम्बन्ध में जांच कर रही है।

## विधिक साक्षरता शिविर में मध्यस्थता अभियान के तहत निस्तारित होने वाले मामलों की जानकारी दी गई



स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रूखाबाद। विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से तहसील सदर में मध्यस्थ अभियान के तहत विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया इस साक्षरता शिविर में स्थानीय स्तर के लोगों को मध्यस्थता अभियान की जानकारी देकर निस्तारित होने वाले मामलों को मध्यस्थता केंद्र में संदर्भित करने के लिए जागरूक किया गया ।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अपर जिला जज संजय कुमार ने यहां बताया कि वैवाहिक विवाद के मामले घरेलू हिंसा वाणिज्यिक विवाद सेवा सामान्य आपराधिक मामले ऋण वसूली बेदखली अन्य उपयुक्त दीवानी दुर्घटना दावे चेक बाउंस के सेवा विभाग उपभोक्ता विवाद संपत्ति के बंटवारे से संबंधित भूमि अधिग्रहण के मामलों को मध्यस्थता केंद्र में निस्तारित हो सकते हैं। इस अवसर पर अधिकारी गणों ने अधिक से अधिक मामलों को राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान में संदर्भित कर निस्तारण कराने की अपील की गई जिससे अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण कराकर अभियान को सफल बनाया जा सके। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता बार एसोसिएशन पूर्व अध्यक्ष जवाहर सिंह गंगवार ने किया । इस दौरान तहसीलदार सनी कनौजिया नामिका अधिवक्ता पराविधिक स्वयंसेवक एवं अधिकारी गण मौजूद रहे।

## ग्राम निगोह के लोग जो लेखपाल आरोपों को वता रहे निराधार

छिबरामऊ कन्नौज ग्राम निगोह के लोग जो लेखपाल आरोपों को वता रहे निराधार यह वो लोग हैं मुकेश कुमार पूर्व प्रधान प्रतिनिधि ए गीता देवी पूर्व प्रधानए अबधेश कोटेदारए गोपाल दुबेए ओमवीर रोजगार सेवकए कुलदीप दिवाकरए मंटू दुबेए संगमए आनन्द मोहन दुबेए राजनए शिखा देवीए नन्ही देवीए सरिता देवीए राजेन्द्र कठेरियाए सरोज देवी

ग्राम हमीरपुर के लोगो ने कुछ दिन पूर्व क्षेत्रीय लेखपाल अशवनी 5 कुमार पर रुपये लेकर पैमाइश के लगाए थे आरोपएजिसके बाद आज ग्राम निगोह ख़ास के लोगो ने क्षेत्रीय लेखपाल अशवनी कुमार के ऊपर पैमाइश के नाम पर रुपये के आरोपों को बताया निराधारएजो लोग रुपये लेकर पैमाइश के लगा रहे आरोप वह वो लोग हैं जिनकी कम जमीन थी और अधिक जोते हुए थे वह लोग केवल आरोप लगा रहे हैं क्यू की उनकी जमीन खाली करा दी गई है जिसको लेकर लगा रहे आरोप

क्यू की जो लोग अबैध जमीन कब्जा किये हुए थे उनके पास से करीब 750 बीघा जमीन को कब्जा मुक्त कराया ग्राम हमीरपुरए जमामर्दपुरए रुद्रपुरए भोजपुरएसहित निगोह ख़ास के लोगो से मुक्त कराई गई 750 बीघा जमीन जिसको लेकर हमीरपुर के लोगो ने लेखपाल पर किया था जान लेवा हमला और रुपये लेकर पैमाइश के लगाए थे आरोप झूठे

## तालाब की जमीन का सीमांकन में मिले अवैध कबजेदारों के खिलाफअभियोग दर्ज

छिबरामऊ बिशुनगढ़ कन्नौज उप जिला अधिकारी के आदेश अनुसार गाटा संख्या 1609 के सीमांकन के दौरान सरकारी कर में बाधा करीब फेंकना व आधार कार्ड हथियार से से मारने की धमकी देने का अभियोग राजस्व निरीक्षक द्वारा दर्ज कराया गया लेखपाल अवनीश कुमार उप जिला अधिकारी के आदेश अनुसार राजस्व टीम के साथ सीमांकन करने के लिए पहुंचे राजीव कुमार यादव व हरिओम यादव पुत्रगढ़ कश्मीर सिंह द्वारा जनता को भड़काने एवं हरवीर वी बृजभान यादव पुत्रगण ओमकार यादव ओमकार यादव पुत्र छविनाथ द्वारा राजस्व टीम को गाली गलौज करीब फेंकने हुआ धारदार फावड़ा से हमला करने करने की धमकी देते हुए अभियुक्त भाग गए ओमकार यादव पुत्र छाबड़ा सिंह हरवीर व्रजभान पुत्र ओंकार 0ण809 हेक्टर तालाब की सरकारी भूमि ना छोड़ने वह अवैध कब्जे का अभियोग लेखपाल द्वारा दर्ज कराया गया

# पंडित चंद्रशेखर आजाद एवं बाल गंगाधर तिलक की जयंती धूमधाम से मनाई गई

छिबरामऊ कन्नौज भगवान परशुराम उत्थान सेवा समिति के बैनर के तले 100 सैया संयुक्त चिकित्सालय रोड स्थित तिवारी के हाथे में पंडित चंद्रशेखर आजाद एवं महान क्रांतिकारी बाल गंगाधर तिलक की जयंती धूमधाम से मनाई गई

पंडित चंद्रशेखर आजाद एवं महान क्रांतिकारी बाल गंगाधर तिलक की जयंती भगवान परशुराम उत्थान सेवा समिति द्वारा सौ सैया संयुक्त चिकित्सालय रोड स्थित तिवारी के हाथों में धूमधाम से मनाई गई कार्यक्रम का संचालन अभिषेक शुक्ला ने किया तमाम वक्ताओं ने महान क्रांतिकारियों के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला कार्यक्रम में पंडित चंद्रशेखर आजाद एवं बाल गंगाधर तिलक के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम प्रारंभ हुआ कार्यक्रम में मुख्य रूप से शैलेंद्र द्विवेदी डॉक्टर रजनीश द्विवेदी चंदन दीक्षित ऋषभ मिश्रा अनुपम बाजपेई रूपेश दुबे राजा शुक्ला मुकेश पांडे पंकज दुबे गौतम बाबू दुबे कार्यक्रम के मुख्य संयोजक राहुल तिवारी शशि तिवारी विवेक दीक्षित अभिषेक पाठक विमल मिश्रा कमलेश दुबई कौशलेंद्र मिश्र आईपी मिश्रा डॉक्टर अजीत मोहन तिवारी अनुराग तिवारी अनुज तिवारी सर शुक्ला मोहित दुबे मोनू शुक्ला पिंकू दीक्षित सहित ब्राह्मण समाज के सैकड़ो युवा मौजूद रहे





# गुरु शिष्यों को ऐसी शिक्षा दें जो समाज और राष्ट्र के प्रति समर्पित रहे

स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रूखाबाद। भारतीय शिक्षण मंडल पूर्वी उत्तर प्रदेश जिले की इकाई की ओर से एन ए केपी इंटर कॉलेज में आयोजित व्यास पूजा उत्सव में मुख्य वक्ता वरिष्ठ अधिवक्ता राजेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि व्यास जी ने चारों वेदों का संयोजन किया 18 पुराण एवं महाभारत की रचना की। गुरु शिष्य शब्द का विशेष महत्व है

संस्था अध्यक्ष डॉ रक गुप्ता ने व्यास पूजा उत्सव का उद्देश्य एवं महत्व बताया संचालन करते हुए मंत्री डॉ संदीप कुमार चतुर्वेदी ने भारतीय शिक्षण मंडल गठन एवं महत्व पर विशेष चर्चा करते हुए कहा कि शिक्षा पद्धति का विशेष महत्व है गुरु ऐसे शिष्यों को पैदा करें जो समाज एवं राष्ट्र के प्रति समर्पित रहे

संघ कार्यवाह विजय अवस्थी ने कहा कि आरएसएस का शताब्दी वर्ष चल रहा है वर्षभर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे

व्यास सम्मान से सम्मानित किए गए डॉक्टर कृष्णकांत अक्षर में व्यास पूजा का महत्व विस्तार से बताया कार्यक्रम संयोजिका एन ए केपी इंटर कॉलेज प्रधानाचार्य हिंदू मिश्रा ने कल्याण मंत्र पड़ा इस अवसर पर डॉक्टर आलोक बिहारी शुक्ला मुन्नू सिंह तोमर रामकिशोर मिश्र लक्ष्मी देवी प्रजापत सुमन त्रिपाठी एस्तर रोज दयाल डॉ शशि किरण सिंह डॉ विनीत कुमार चौहान अनिल कुमार मिश्रा प्रगति शुक्ला कल्पना वर्मा विवाह सिंह विजय कुमारी प्रभात कुमार अवस्थी भारती मिश्रा डॉक्टर विनोद कुमार तिवारी डॉ विनीत तिवारी डॉक्टर पारुल मिश्रा रामानंद पांडे राजेश निराला अवनीश कुमार डॉक्टर धनंजय कुशवाहा स्वेता शाक्य भूमिका सक्सेना प्रीति पुष्पा तिवारी ऋतु सक्सैना रुचि यादव मेघा पांडे पूनम शुक्ला धर्मवीर सिंह आदि मौजूद रहे




## खबर एक नज़र

### रसीद बनवाकर जमा कराई गयी जुर्माने की धनराशि

खबर का असर

सुमेरपुर-हमीरपुर। ईंट लदी ट्राली से पुलिया क्षतिग्रस्त होने पर नगर पंचायत कर्मी द्वारा वसूल किए गए दो हजार जुर्माने की खबर फैलते ही आनन फानन में रसीद काटकर शुल्क नगर पंचायत में जमा कराया गया। पीड़ित ने मामले की शिकायत जिलाधिकारी से की थी। कस्बे के लखनापुरवा निवासी लूपचंद वर्मा ने मकान निर्माण के लिए ट्रैक्टर ट्राली से ईंट मंगवायी थी। मैथिलीशरण गुप्त मार्ग में ईंट लदी ट्राली का पहिया पुलिया में धंस गया था और पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई थी। यह घटना देखकर नगर पंचायत के सह सफाई नायक संजय गुप्ता पीड़ित से जुमाने के नाम पर दो हजार रुपये ऑनलाइन लिए थे लेकिन रसीद नहीं दी थी। इस खबर के फैलते ही गर्दन फंसती देखकर संजय गुप्ता ने जुर्माने की धनराशि नगर पंचायत कार्यालय में जमा करायी है। बता दें कि इस तरह के तमाम कृत्य आए दिन नगर पंचायत कर्मी कर रहे हैं। मामला प्रकाश में आने के बाद बचाव में उतर आते हैं।

### शासन के आदेश ठेंगे पर छुट्टा घूम रहा बेसहारा गोवंश

सुमेरपुर-हमीरपुर। शासन प्रशासन के आदेशों को ठेंगा दिखाते हुए ग्राम प्रधान बेसहारा गोवंश को संरक्षित करने के बजाय छुट्टा किए है। यह गोवंश जहां खरीफकी फसलें चौपट कर रहे हैं। वहीं सड़कों में डेरा जमाकर हादसे बढ़ा रहे हैं। कस्बा सहित ब्लॉक क्षेत्र में करीब 9000 बेसहारा गोवंश है। शासन प्रशासन के स्पष्ट निर्देश है कि उन्हें अस्थाई गौशाला में संरक्षित करके भूसा चारा पानी के पुख्ता इंतजाम कराएं जाए। इसके लिए शासन प्रतिदिन पचास रुपये प्रति गोवंश के हिसाब से बजट भी दे रहा है। इसके बाद कस्बे से लेकर पंचायतों में शासन का यह आदेश ठेंगे पर है। ग्राम प्रधान फर्जी ढंग से वीडियोग्राफी कराकर इनको संरक्षित करने का दावा कर रहे हैं। जबकि हकीकत में यह कहीं भी संरक्षित नहीं है। गौशालाएं खाली पड़ी हैं। दिनभर यह गोवंश खेत खलिहानों में धमा चौकड़ी मचाकर किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। रात में सड़कों पर कब्जा जमा कर हादसों को न्योता देते हैं। जिससे लोग परेशान हैं। पशु चिकित्सा अधिकारी डा. अंकुर सचान ने बताया कि सभी को गोवंश संरक्षित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी सप्ताह के अंदर यह पूर्ण रूप से संरक्षित हो जाएंगे।

### युवक हुआ लापता पुलिस ने शुरु की तलाश

सुमेरपुर-हमीरपुर। सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम मिहुना से मंगलवार को सुबह एक युवक अचानक लापता हो गया। बुधवार तक वापस न आने पर पिता ने गुमशुदगी दर्ज कराई है। मिहुना गांव निवासी बाबू यादव ने बताया कि उसका पुत्र शिबू यादव 18 वर्ष मंगलवार को सुबह 8 बजे बिना कुछ बताये लापता हो गया है। सभी जगह तलाश करने के बाद उसका सुराग नहीं लग सका है। उसने इसी साल इंटरमीडिएट की परीक्षा पास की है और ग्रेजुएट की तैयारी कर रहा था। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### पेयजल संकट से जूझ रही दो वार्डो की महिलाओं ने नगर पंचायत में किया प्रदर्शन

सुमेरपुर-हमीरपुर। सुमेरपुर कस्बे के वार्ड संख्या छह एवं बारह की महिलाओं ने पेयजल समस्या को लेकर नगर पंचायत का घेराव करके जमकर हंगामा काटा। अधिशाषी अधिकारी के पुलिस बुलाने की धमकी से महिलाओं में आक्रोश पनप गया। वार्ड संख्या छह की निवासी आरती, राजकुमारी, पुष्पा, ज्योति, गीता, सुनीता, रानी, गायत्री आदि ने बताया कि उनके वार्ड में पानी की सप्लाई नहीं हो रही है इससे वह परेशान हैं। शिकायत के बाद समस्या का समाधान नहीं हुआ है। ऐसा ही हाल वार्ड संख्या 12 में है। पेयजल संकट से जुझ रही महिलाओं ने नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर समस्या अधिशाषी अधिकारी को बतानी चाही। इस पर नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी दिनेश आर्य भड़क गए और पुलिस बुलाने की धमकी दे डाली। जिससे महिलाओं में आक्रोश व्याप्त हो गया। महिलाओं का कहना था कि यह उनका अपमान है। उनकी समस्या सुनने के बजाय उन्हें धमकाया जा रहा है। अधिशाषी अधिकारी दिनेश आर्य ने कहा कि महिलाएं बेवजह हंगामा कर रही थी। तब उन्हे शांत करने के लिए पुलिस बुलाने की बात कही थी। इस समय नगर पंचायत में बजट नहीं है लेकिन डिमांड लगाई जा चुकी है। जैसे ही बजट आएगा वैसे ही पाइप लाइन डलवा दी जाएगी।

### मीटिंग आयोजित

हमीरपुर। आज अटेवा टीम मौदहा की मीटिंग ब्लांक अध्यक्ष रमेश यादव की अध्यक्षता में ब्लांक संसाधन मौदहा के सभागार में संपन्न हुई। श्री यादव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अटेवा के प्रांतीय आह्वान पर जिला मुख्यालय हमीरपुर में एक अगस्त को रोष मार्च का आयोजन होना है। जिसमें सरकार की दोहरी नीति पर रोष व्यक्त करते हुए पुरानी पेंशन बहाली की मांग की जाएगी। जिसमें मौदहा ब्लांक के सभी शिक्षक कर्मचारी प्रतिभाग करेंगे। इस मौके पर दीपक कुमार, रामचंद्र कुशवाहा, नौशाद अहमद, अरविंद कुमार, संजय वर्मा, लालमन, राहुल कुमार, आनंद कुमार, जितेंद्र कुमार, पवन कुमार साहू, राघवेंद्र शिवहरे, लवकुश सचान सहित तमाम लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन संगठन के कोषाध्यक्ष अम्बरीष श्रीवास ने किया।

### चंद्रशेखर का जीवन चरित्र अनुकरणीय. प्रशांत

इटावा। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य प्रशान्त तिवारी ने बुधवार को भारत के क्रांतिकारी देशभक्त पंडित चंद्रशेखर तिवारी आजाद को उनके 119 जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। तिवारी ने बताया कि वह अंग्रेजी सरकार के विरोध में सतर्क संघर्ष करते हुए भारत माता के लिए शाहिद हुए उनका जीवन चरित्र एवं व्यक्तित्व आज भी अनुकरणीय है आज उनके सिद्धांतों की गरिमा वह देश के प्रति बाधिता उदाहरण पेश करती है आज भी उनका नारा अमर है दुश्मन की गोलियों का हम सामना करेंगेए आजाद ही रहेंगेए आजाद ही मरेंगे। चंद्रशेखर से ही प्रेरणा लेकर ही भगत सिंह सुखदेव राजगुरु देश के क्रांतिकारी साथी बने।

प्रवक्ता वाचस्पति दुबेदी ने कहा महात्मा गांधी से प्रेरित होकर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में मात्र 15 साल की आयु में असहयोग आंदोलन में भाग लिया उनके पिता का नाम स्वतंत्रत था 1922 में असहयोग आंदोलन के वापिस लेने पर बहुत दुखी हुए और उन्होंने हिंसक आंदोलन को अपना लिया इस के बाद उन्होंने पंडित रामप्रसाद बिस्मिल से मिलकर हिंसदूतान रिपब्लिकन एसोसियन स्थापित की। नरेंद्र यादव विधानसभा अध्यक्ष यूथ कांग्रेस ने कहा देश की आजादी में बड़ा योगदान है युवाओं को उनसे देश भगति की प्रेरणा लेनी चाहिए। जयंती के मौके पर जिलामहासचिव आशाराम कठेरियाए अंशुल यादवए प्रदेश महासचिव राजदीप सिंहए शिवशंकरए मुन्ना खानए फैजानए बबलू उपस्थित रहे।

### वैश्य एकता परिषद का कार्यकर्ता सम्मेलन 5 अगस्त को

इटावा। अशोकनगर स्थित समाजसेवी रामशरण गुप्ता के आवास पर अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉण् सुमंत गुप्ता ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा देश की प्राचीन सनातन धर्म की सांस्कृतिक राजधानी काशी बनारस में श्रावण मास के शुभ अवसर पर अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद द्वारा 5 अगस्त को राष्ट्रीय कार्यकर्ता प्रतिनिधि सम्मेलन काव्य कुंज धर्मशाला नाटी इमली में आहूत की गई है इस सम्मेलन में पूरे देश के वैश्य समाज के प्रतिनिधीकरण भाग लेंगे इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय रवीन्द्र जायसवाल स्टांप न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन विभाग उत्तर प्रदेश होंगे 6 अगस्त को द्वितीय वर्षगांठ पर भगवान विश्वनाथ के पावन धाम काशी में सामूहिक रूप से जलाभिषेक का कार्यक्रम माननीय रवीन्द्र जायसवाल मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के नेतृत्व में किया जाएगा इस सम्मेलन में राजनीतिक आर्थिक सामाजिक क्षेत्र से संबंधित प्रस्ताव विपरीत किए जाएंगे देश में वैश्य समाज की आबादी 20 प्रतिशत है लेकिन राजनीतिक हिस्सेदारी नगणय हे वैश्य समाज को राजनीतिक हिस्सेदारी से सभी राजनीतिक पार्टियों द्वारा निरंतर उपेक्षित किया जा रहा है वैश्य समाज भारतीय जनता पार्टी का स्थाई व परंपरागत वोट है वोट बैंक के हिसाब से लोकसभा एवं विधानसभा विधान परिषद में पर्याप्त रिश्तेदारी नहीं मिल पा रही है यह अवगत कराना अति आवश्यक है की वैश्य व्यापारी समाज राष्ट्र के विकास में अभूतपूर्व योगदान है तथा राजस्व देने में अग्रिम भूमिका व रोजगार के साधन करने में भी सबसे आगे है इसके साथ ही सामाजिक धार्मिक क्षेत्र में इसके सशक्त हस्ताक्षर हैं धार्मिक दृष्टि से वह अपने को आरएसएस के निकट मानता है कस्बा नगर महानगरों में माहौल बनाने में भी सबसे आगे है इस सम्मेलन में सामाजिक राजनीतिक आर्थिक प्रस्ताव पारित करने का निर्णय लिया गया है इस सम्मेलन में वैश्य एकता को मजबूत सुधारण बनाने का भी ठोस संकल्प लिया जाएगा वही समाज में व्याप्त कुरीतियों व अंधविश्वास के विरुद्ध जनजागरण जनचेतन को पैदा करने का कार्य किया जाएगा। प्रेसवार्ता में राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामशरण गुप्ताए जिलाध्यक्ष हरिओम गुप्ताए जिलामहामंत्री धर्मेंद्र जैनए जिला वरिष्ठउपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल उपस्थित रहे।

# राजगढ़ के सेमरा राजवाहा से निकली माइनर, लोहे की फाटक को वेल्डिंग मशीन से किया गया लॉक, पानी के लिए किसान परेशान

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र के इस समय किसानों की धान की रोपाई हो रही है। बीच-बीच में बारिश होने से किसानों को लाभ मिला नहर ने भी कुछ साथ दिया और किसानों की धान की रोपाई शुरू हो गई। लेकिन दो दिनों के अंदर किसी ने सेमरा रजवाहा से निकली माइनर धनसीरिया को जाने वाली लोहे की फाटक में किसी ने वेल्डिंग कर दिया जिससे पानी न जाने से किसने की धान की फसल सूख रही है और इसके अलावा रोपाई भी बाधित हो गई है। किसान विमलेश कुमार गिरिजा सिंह निरंजन सिंह पप्पू सिंह रविंद्र सिंह ने बताया कि धान रोपाई का समय आने पर खेतों में पानी न आने पर रोपाई बाधित हो गई है और लोहे की फाटक को आज रात्रि में किसी ने वेल्डिंग मशीन से पूरी तरह से लॉक कर दिया। जिससे माइनर में पानी का बहाव रुक गया है। किसान पानी के लिए परेशान हो गए हैं। सेमरा रजवाहा में पानी लबालब भरा हुआ है लेकिन चार दर्जन से ज्यादा गांव में पानी न जाने से किसान परेशान हो गए हैं। कई बार सैकड़ो की संख्या में किसान सेमरा रजवाहा पहुंचकर पानी खोलने का प्रयास किया। लोहे की फाटक तस से मस नहीं हुआ। वेल्डिंग मशीन से लोहे की सरिया लगाकर इस लॉक किया गया है जिसे पानी माइनर में नहीं जा रहा हैलेकिन प्रयास असफल रहा और किसान मायूस लौट गए। किसान विमलेश कुमार ने जिला अधिकारी को फोन के माध्यम से अपनी समस्या बताई और जल्द से जल्द माइनर को खोलने का आग्रह किया।



# पागल कुत्ते ने बालक को काटा

**हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के बबुरा रघुनाथ सिंह गांव के किरका बस्ती में बुधवार को पागल कुत्ते ने 12 वर्षीय बालक पर हमला कर दिया। ग्रामीणों ने लाठी डंडे से कुत्ते को भगाकर बालक को हमलावर कुत्ते से बचाया। किरका बस्ती निवासी राधेश्याम कोल का पुत्र मनोज जंगली नाले में नहाने गया था। नहाकर वापस लौटते समय रास्ते में पागल कुत्ते ने बालक के ऊपर हमला कर दिया और बालक के हाँथ में कई जगह काट लिया। बालक की चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर लाठी डंडा लेकर पहुँचे ग्रामीणों ने बालक को पागल कुत्ते के चंगुल से छुड़ाया। परिजन बालक को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक द्वारा बालक का उपचार करते हुए बालक को एंटी रैबीज इंजेक्शन लगाया है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की पागल कुत्ते के हमले से घायल बालक का उपचार करने के बाद एंटी रैबीज इंजेक्शन को लगाया गया है।



# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता ने साड़ी के फंदे से फांसी लगाकर दी जान

**हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया थाना क्षेत्र के उमरिया पिपरा गांव में बुधवार की सुबह विवाहिता के शव को टीन शेड के पाइप में साड़ी के फंदे से लटकता हुआ देखकर विवाहिता के

## पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

परिजनों ने शव को फंदे से नीचे उतारकर घटना की सूचना विवाहिता के मायका पक्ष व पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल करते हुए फोरसिक लैब टीम को मिर्जापुर से बुलाया। मौके पर पहुंची फोरसिक टीम ने जांच पड़ताल किया है पुलिस ने विवाहिता के शव को कब्जे में लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना क्षेत्र की उमरिया पिपरा गांव निवासी विजय कुमार गुप्ता की 21वर्षीय पत्नी पूजा देवी ने मंगलवार की रात में खाना खाने के बाद कमरे में सोने के लिए चली गई। रात्रि में ही संदिग्ध परिस्थितियों में टीन शेड के पाइप में साड़ी के सहारे फंदा लगाकर फांसी पर झूल गई और अपने जीवनलीला समाप्त कर लिया सुबह से विवाहिता के परिजनों में विवाहिता को टीन शेड के पाइप में साड़ी से फंदे पर लटकता हुआ देखकर विवाहिता के शव को फंदे से नीचे उतरकर घटना की सूचना विवाहिता की मायका पक्ष व पुलिस को दिया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह मय हमराह उप निरीक्षक सुरेंद्र कुमार अच्छेलाल यादव हेड कांस्टेबल इमरान खान के साथ घटनास्थल में पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल करने के बाद घटना की सूचना फोरसिक लैब टीम को दिया। मौके पर पहुँची फोरसिक टीम ने जांच पड़ताल किया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के समय विवाहिता का पति काम करने के लिए बाहर गया हुआ है विवाहिता की शादी 6 मार्च 2025 को हुई थीं विवाहिता का मायका ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के बंजारी कला गांव में है। घटना की सूचना मिलने पर तहसीलदार लालगंज दीक्षा पांडेय थाने पर पहुंचकर जानकारी लिया है।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि विवाहिता ने तीन सेट के पाइप में फांसी लगाकर जान दे दिया है। विवाहिता के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

# पेड़ से गिरकर बालक घायल, ट्रामा सेंटर रेफर

**हलिया (मिर्जापुर)।** थाना क्षेत्र के मतवार का निवासी 10 वर्षीय बालक मंगलवार की शाम पेड़ से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे बालक के परिजनों ने बालक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हालिया लेकर आए जहां पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करने के बाद बालक की हालत को भेज देखकर ड्रामा सेंटर मिर्जापुर के लिए रेफर कर दिया है। थाना क्षेत्र के मतवार गांव निवासी महेंद्र का 10 वर्षी पुत्र कन्हैयालाल पेड़ पर चढ़कर बच्चों के साथ खेल रहा था कि अचानक पेड़ से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। अन्य बच्चों की सूचना पर मौके पर पहुंचे बालक के परिजनों में बालक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हालिया लेकर आए जहां पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने प्राथमिक उपचार करने के बाद बालक के सिर में गंभीर चोट को देखते हुए ट्रामा सेंटर मिर्जापुर के लिए रेफर कर दिया है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया कि बालक पेड़ से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल होकर उपचार के लिए आया था। प्राथमिक उपचार करने के बाद बालक के सिर में गंभीर चोट को देखते हुए सीटी स्कैन के लिए रेफर कर दिया गया है।



# संस्कृति ने पहले ही प्रयास में यूजीसी नेट क्वालीफाई

**चुनार (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के एक हिंदी दैनिक अखबार के पत्रकार लरछूट गांव निवासी गोपी नाथ मिश्रा

## बिना कोचिंग और बिना तैयारी के हासिल किया मुकाम

कि बिटिया संस्कृति ने यूजीसी नेट कि परीक्षा क्वालीफाई कर क्षेत्र का मान बढ़ाया।प्राथमिक शिक्षा गांव के प्राथमिक स्कूल से शुरू हुआ और कक्षा 6 से 8 तक आदर्श कन्या इंटर कालेज सीखड़ व 10, 12वीं कि पढ़ाई श्री शंकराश्रम महाविद्यापीठ इंटर कालेज सीखड़ के साथ ही स्नातक कि पढ़ाई राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मगरहा से कि है। छोटा भाई सत्यम मिश्रा मगरहा स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय से बीकॉम 6 सेमेस्टर का परीक्षा दिया है,मां शैलजा मिश्रा गृहणी है। पिता एक हिंदी दैनिक अखबार के पत्रकार हैं। बुआ शशिकला दुबे, शकुंतला दुबे, सूर्यकला दुबे, भईया नृपेंद्र दुबे ने मिठाई खिला कर बधाई दी।इस उपलब्धि का श्रेय सर्वप्रथम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को दिया जिनके द्वारा दिए गए मोबाइल से पढ़ कर उसने ये मुकाम हासिल की। दूसरा कालेज के गुरुजनों को जिनके मार्ग दर्शन में शिक्षा प्राप्त कि व अपनी माता पिता को दी है। संस्कृति के इस उपलब्धि पर बड़े पूर्व प्रधानाचार्य कृपाशंकर चतुर्वेदी, बड़े पापा जीतनाथ मिश्रा, शेषनाथ मिश्रा,इन्द्रनाथ मिश्रा, ताड़केश्वर नाथ मिश्रा,अमरेश मिश्रा, अखिलेश त्रिपाठी, रतन पांडेय,अशोक मिश्रा, अमरेश शुक्ला, सतीश शुक्ला,शिवा शर्मा,गुरप्रीत सिंह शम्मी,अनील मिश्रा, राकेश श्रीवास्तव,अशोक विश्वकर्मा, राजकुमार सिंह,कविंद्र साहू,जितेंद्र श्रीवास्तव, डॉ राजू सिंह आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं दिए हैं।



# ग्राम प्रधान के दोनों बच्चों की हालत गंभीर, प्रधान ने मेडिकल संचालक पर कार्रवाई की मांग की

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** स्थानीय ब्लॉक के लहौरा गांव निवासी ग्राम प्रधान कुमार कमलेश के दो बच्चों को मेडिकल संचालक द्वारा एक्सपायरी दवा देने से उनकी हालत बिगड़ गई थी। जिन्हें पड़री के सामुदायिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां हालत सुधार न होने पर डॉक्टर ने जिला अस्पताल भेज दिया। जहां दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। बच्चों के पिता कुमार कमलेश ने जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर फर्जी मेडिकल संचालकों पर कार्रवाई करने की मांग की है।लहौरा के ग्राम प्रधान कुमार कमलेश के दो बेटे हैं। बड़ा बेटा प्रिंस कौशल 7 वर्ष और छोटा बेटा नवीन कौशल 4 वर्ष कुछ दिनों से सर्दी जुकाम से पीड़ित थे। मंगलवार को बच्चों की मां ने गांव स्थित एक मेडिकल स्टोर से दवाई मंगाई और उसको पिलाते ही 15 मिनट के अंदर दोनों बच्चों की हालत खराब होने लगी तो बच्चों की मां ने अपने पति ग्राम प्रधान को फोन किया आनन-फानन में वह आए और दोनों बच्चों को पड़री स्थित स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां डॉक्टरों ने उनका इलाज किया और बताया कि एक्सपायर दवा पिलाने से उनकी हालत खराब हुई है। रात भर इलाज करने के बाद हालत में सुधार न होने पर सुबह डॉक्टर ने दोनों बच्चों को जिला अस्पताल भेज दिया जहां पर दोनों का इलाज हो रहा है। मगर स्थिति जस की तस्वीर बनी हुई है। बच्चों के पिता एवं ग्राम प्रधान ने मेडिकल संचालक के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को पत्र दिया है और कहा है की मेडिकल संचालक की वजह से मेरे बच्चों की हालत खराब हुई है। इनके ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। इस संबंध में ड्रग इंस्पेक्टर कुमार सौमित्र ने बताया कि ग्राम प्रधान की सूचना हमें मिल गई है और हम जांच कर रहे हैं। गलत मिलने पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी और किसी भी मेडिकल संचालक को गलत दवा नहीं बेचने दिया जाएगा।

# करंट की चपेट में आने से महिला अचेत



**हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया थाना क्षेत्र के कोटार गांव में बुधवार को घर में पोछा लगाते हुए महिला फर्राटा फंखा कि चपेट में आकर महिला अचेत हो गई। मौके पर पहुँचे परिजनों ने महिला को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर महिला का उपचार चल रहा है। हालत सामान्य है कोटार गांव निवासी फूल चंद्र कि 26 वर्षीय पत्नी सीता देवी कच्चे मकान में पोछा लगा रही थीं कि फर्राटा पंखे कि करंट कि चपेट में आकर अचेत हो गई। मौके पर पहुँचे परिजनों ने महिला को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए जंहा पर चिकित्सक हर्षवधन द्वारा महिला का उपचार किया जा रहा है। महिला कि हालत सामान्य बनी हुई है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया कि करंट की चपेट में आकर महिला उपचार के लिए आई है। महिला का उपचार किया जा रहा है हालत सामान्य है।

# सावन माह में शक्तेशगढ़ चौकी प्रभारी ने उर्वरक की गाड़ी रोकी

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत मिर्जापुर में कावड़ यात्रा को देखते हुए 29

## सीओ मंजरी राव के हस्तक्षेप के बाद उर्वरक की गाड़ी को जाने दिया गया

जुलाई तक रूट डायवर्जेन लागू है। राजगढ़ चुनार मार्ग पर शकतेशगढ़ चौकी प्रभारी विनोद कुमार सिंह ने टेढ़िया मोड़ के पास मंगलवार की रात्रि में उर्वरक लदी गाड़ी को रोक दिया। राजगढ़ क्षेत्र में इस समय धान की रोपाई चल रही है। किसानों को खेतों में खाद की आवश्यकता है। लेकिन खाद की कमी के चलते किसानों को काफी नुकसान हो रहा है। निजी दुकानदार मांगे खाद की बिक्री कर रहे हैं। वन स्टाफएग्री जंक्शन भी महंगे खाद दे रहे हैं। निजी दुकानदार भी महंगे खाद बेच रहे हैं। जिससे राजगढ़ क्षेत्र में खाद की किल्लत होने से किसानों को समय से खाद नहीं मिल पा रहा है। और खेतों में धान की फसल को भी नुकसान हो रहा है।राजगढ़ थाना प्रभारी रणविजय सिंह ने कहा कि रूट डायवर्जेंट में पेट्रोलियम वहां दूध वहां सवारी गाड़ी खाद की गाड़ी पास वाले वाहनों को छूट दी गई है। चुनार क्षेत्राधिकारी मंजरी राव ने कहा कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर खाद की गाड़ी को नहीं रोका जाए।



# छेड़खानी करने वाले छः आरोपित गिरफ्तार

**हलिया (मिर्जापुर)।** अपना क्षेत्र के एक गांव में रविवार को सिवान में शौच करने गई। युवती से छेड़छाड़ करने का मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने छह आरोपितो को गिरफ्तार कर लिया है। आरोप है गांव का एक व्यक्ति छेड़छाड़ किया घर आने के बाद युवती अपनी माँ से आपबीती बताई जिसकी शिकायत करने गई तो आरोपितो ने उनके साथ मारपीट की घटना का वीडियो वायरल होने पर वीडियो का उच्च अधिकारियो ने संज्ञान लेते हुए मौके पर सीओ लालगंज अशोक कुमार सिंह को भेजा जांच पड़ताल करने के बाद सीओ ने दर्ज मुकदमे में छेड़खानी के धारी की बढ़ोतरी करने का निर्देश दिया। जिस पर पुलिस ने छेड़खानी के धारी की बढ़ोतरी करते हुए छह आरोपितो को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। पुलिस ने पहले मारपीट का मुकदमा दर्ज किया था लेकिन वीडियो वायरल होने के बाद मुकदमे में धारा कि बढ़ोतरी करते हुए एसआई हंसराज यादव ने छेड़खानी व मारपीट में शामिल छह आरोपितो को गिरफ्तार कर न्यायालय में हाजिर कर दिया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि महिला के साथ मारपीट करने व महिला के पुत्री के साथ छेड़खानी करने वाले सहित छह आरोपितो को गिरफ्तार कर न्यायालय में हाजिर कर दिया गया है।

# टोटो के धक्के से बाइक सवार पत्रकार घायल

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के नहर सोठिया मोड़ पर बुधवार को टोटो के धक्के से बाइक सवार पत्रकार घायल हो गया। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने घायल पत्रकार को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक द्वारा पत्रकार का उपचार किया गया है। पत्रकार ने टोटो चालक के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है। लालगंज थाना क्षेत्र के धसडा गांव निवासी हिंदी दैनिक अखबार के पत्रकार गिरिजा शंकर त्रिपाठी समाचार संकलन के लिए कोटार नाथ शिव मंदिर पर जा रहे थे कि जैसे ही हलिया नहर सोठिया मोड़ पर पहुँचे की खाद लादकर जा रहे टोटो चालक ने पत्रकार की बाइक में टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार पत्रकार गिरकर घायल हो गए। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने घायल पत्रकार को एम्बुलेंस सेवा वाहन से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक द्वारा पत्रकार का उपचार किया है। पत्रकार ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई कि मांग किया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच पड़ताल के बाद कार्रवाई किया जायेगा।

# कैंसर से पीड़ित श्रमिक की उपचार के दौरान मौत

**हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र की बबुरा रघुनाथ गांव के किरका बस्ती निवासी 60 वर्षीय श्रमिक पुल्लू कोल की मंगलवार देर रात उपचार के दौरान प्रयागराज स्थित स्वरूप रानी चिकित्सालय में मौत हो गई। बुधवार सुबह श्रमिक का शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया पूल्लू कोल करीब 8 महीने से गली के कैंसर से पीड़ित थे जिसका उपचार स्वरूप रानी चिकित्सालय में चल रहा था। ग्राम प्रधान पति मोनू सिंह वनपाल सिंह अमित सिंह जल्दी बब्बू पाल आदि ग्रामीण श्रमिक के घर पहुंच कर परिजनों को ढाढ़स बधाया है। प्रधान पति मोनू सिंह ने बताया कि पूल्लू कोल गले के कैंसर से पीड़ित थे आयुष्मान कार्ड उनके इलाज के लिए सहारा बना हुआ था। प्रधान व ग्रामीणों के सहयोग से श्रमिक का गांव में अंतिम संस्कार किया गया है। मृतक को दो पुत्र है। बड़ा पुत्र राजस्थान रहकर किसी कम्पनी में काम करता है। पिता की मौत की खबर पाकर घर के लिए रवाना हो चुका है। छोटा बेटा अखिलेश कॉल घर पर ही रहकर मेहनत मजदूरी का काम करता है।

# पौष्टिक पेय पदार्थ वितरित किया गया

**(अतरौलिया) आजमगढ़ ।** बुधवार को ग्रामीण पुनर्निर्माण संस्थान एवं डाबर इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में अतरौलिया, अहिरौला, कोयलसा, फूलपुर, पवई एवं प्राथमिक विद्यालय बिलारी मु0अजगरा में 473 बच्चों को पौष्टिक पेय पदार्थों जैसे अमरूद, आम, लीची, सेव, नारियल पानी, क्रीम का वितरण किया गया, साथ ही साथ साफ शरीर, दांत, मुंह की सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा गया क्यों कि साफ सफाई से स्वस्थ्य मस्तिष्क का विकाश होता है जो बच्चों के लिए आवश्यक होता है। इस वितरण कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के तरफ से डाबर इंडिया एवं ग्रामीण पुनर्निर्माण संस्थान की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया गया। वितरण कार्यक्रम में सभी विद्यालय की वार्डेन, सहायक अध्यापक, प्रधानाध्यक एवं अरुण, जान्हवी दत्त, नवनीत, अंबुज का सहयोग रहा।


**अदालती सूचना**

न्यायालय श्रीमान अपर प्रमुख परिवार न्यायाधीश कोर्ट सं. 2 कानपुर नगर
वाद सं. 1979/ सन् 2024
रंजना देवी उम्र करीब 27 वर्ष पुत्री स्व. वीरेन्द्र सिंह निवासिनी परमहंस नगर थाना दिबियापुर जिला औरैया मो.नं. 9058198431...प्रार्थिनी/वादिनी
बनाम– कुलदीप कुमार उम्र 28 वर्ष वयस्क पुत्र ज्ञान सिंह निवासी गंगा नगर पोस्ट जसमई थाना बेवर जिला मैनपुरी ..प्रतिवादी
धारा 12 हि.वि.अधि. पेशी 26.07.2025
वादिनी ने आपके विरूद्ध धारा 12 हिन्दू विवाह अधिनियम के अन्तर्गत वाद संस्थित किया है आपको इस न्यायालय में तारीख 26.07.2025 को दिन में 10.00 बजे वादोत्तर के लिए उपसंजात होने के लिए सम्मन किया जाता है न्यायालय में आप स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 02.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, मुन्सरिम/रीडर न्यायालय अपर प्रमुख परिवार न्यायाधीश कोर्ट सं. 2 कानपुर नगर।

सी.आर.-863/K-CN

**अदालती सूचना**

श्रीमान प्रमुख पारिवारिक न्यायालय माती कानपुर देहात
वाद सं. 775/24
मोहित उम्र लगभग 27 वर्ष पुत्र महावीर नि. ग्राम मिर्जापुर लकोठिया थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात...प्रार्थी/परिवादी
बनाम– श्रीमती रीता उम्र लगभग 24 वर्ष पत्नी मोहित पुत्री रामकिशन नि. ग्राम हांसापुर थाना ठठिया जनपद कन्नौज...विपक्षी/प्रतिवादिनी
प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 13 हिन्दू विवाह अधिनियम
परिवादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 25.07. 2025 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 19.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-863/K-CN

**सूचना**

मेरे पुत्र के आधारकार्ड और जन्म प्रमाणपत्र के अभिलेखों में अब्दुल अहद सही नाम दर्ज है टी सी एवं स्कूल के अभिलेखों मे त्रुटिवश अहमन यूसुफ गलत दर्ज हो गया है। जबकि अहमन युसूफ और अब्दुल अहद दोनों एक ही नाम है अब अहमन युसूफ के स्थान पर अब्दुल अहद के नाम से बोला और पुकारा जाय। नाजिया पत्नी उसामा फारुकी नि. 38 कमनग्रान स्ट्रीट तहसील व जि.कन्नौज।(50)

सी.आर.-863/K-50

**अदालती सूचना**

न्यायालय प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय उन्नाव
मुकदमा नं. 370/25
ता. पेशी 29/07/2025
संजीत कुमार आयु 30 वर्ष पुत्र कालीशंकर नि. ग्राम बरवट पो. चमियानी परगना व तहसील पुरवा जिला उन्नाव...वादी
बनाम– श्रीमती प्रीती आयु 24 वर्ष पुत्री स्व. राजाराम पत्नी संजीत कुमार नि. ग्राम पूरे बक्फा पुरवा मजरा तेकरवा पो. करगर तह. डलमऊ जिला रायबरेली..विपक्षी
धारा 13 हिन्दू विवाह अधिनियम
हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 29.07.2025 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दि. .2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, मुन्सरिम प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय उन्नाव

सी.आर.-863/K-CN

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र अल्कास मलिक की वास्तविक जन्मतिथि 26.04.2007 है जो उसके जन्म प्रमाण पत्र व आधारकार्ड में अंकित है। हाफिज मलिक पुत्र स्व. गुलाम मुस्तफा नि.म.नं. 23/30 पटकापुर फीलखाना कानपुर नगर।(28)

सी.आर.-863/K-28

**अदालती सूचना**

न्यायालय अपर जिलाधिकारी सप्लाई मण्डल कानपुर जनपद तहसील
वाद सं. 3045/2025
कम्प्यूटरीकृत वाद सं. डी202503410003045
सूर्यपाल सिंह राव बनाम श्रीमती तारादेवी
अन्तर्गत धारा 21(2) अधिनियम उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021
1. सूर्यपाल सिंह राव पुत्र स्व. बिशुन दयाल निवासी आलीशान अपार्टमेन्ट फ्लैट नं. एफ–7पी ब्लाक काकादेव कानपुर नगर..प्रार्थी/वादी
बनाम–श्रीमती तारादेवी पत्नी स्व. अशोक निवासी म.नं. 148 व 149 बी आई बाजार लालकुर्ती कैन्ट कानपुर नगर...प्रतिवादी/विपक्षी थाना कैण्ट कानपुर नगर
वाद वास्ते बेदखली हेतु अन्तर्गत धारा 21(2) उ.प्र. अधिनियम सं. 18 सन् 2021
हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 04.08.2025 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 23.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से,

सी.आर.-863/K-CN

**सूचना**

मेरे पति राजेश पुत्र सूबेदार नशे की लत के कारण अपना भलाबुरा सोचने में असमर्थ है उनके द्वारा की गई कृषि भूमि की बिक्री या विक्रय पत्र तहरीर गैरकानूनी व विधि शून्य मानी जायेगी। श्रीमती राधादेवी पत्नी राजेश कुमार निवासिनी ग्राम ककवन तहसील बिल्हौर जि. कानपुर नगर।(38)

सी.आर.-863/K-38

**हेतु संदर्भित करने की सूचना/ साधारण प्रारूप**
**न्यायालय श्रीमान आयुक्त स्थान लखनऊ मण्डल जिला लखनऊ**
**वाद सं.- 886 सन् 2023 ई**
**नारेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र स्व. रुद्रभान सिंह निवासी-1/164 विकासनगर लखनऊ ... वादी**
**बनाम**
1- श्याम बिहारी निवासी सेमरी पोस्ट सेमरी परगना व तहसील-पुरवा जिला उन्नाव।
2- श्रीमती रामदेई पत्नी गया प्रसाद, निवासी-ग्यानपुर गढ़ी परगना- असोहा जिला-उन्नाव।
श्रीमती सोमा आदि ... **प्रतिवादी**
चूंकि उपरोक्त नामांकित निगरानीकर्ता मैं इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है आप इस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्भित करने के लिए 25/07/2025 के दिवस को 10: 00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यकरूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपर्सजाता हूं और ऐसा करने में असफल रहने पर उनके आवेदन एकपक्षीय रूप सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक .... .....2025 के दिवस को दिखाई गयी।
**तारीख पेशी:- 25/07/2025**
**दस्तखत हाकिम व मुहर अदालत**

सी.आर.-850/ L-CN



पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं 78, कैनाल रोड, कैन्ट, कानपुर से प्रकाशित।
सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
फोन : 0512-2332212
0512-2330533
E-mail : swatantrabharat77@gmail.com
**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर होगा।**

सुरक्षा परिषद में भारत का करारा हमला

# आतंकवाद और कट्टरता में डूबा है पाकिस्तान

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार द्वारा कश्मीर मुद्दे को उठाने पर भारत ने तीखी प्रतिक्रिया दी। भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने पाकिस्तान को आड़े हाथ लेते हुए

### कहा, जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा है और रहेगा

कहा कि एक तरफ भारत है, जो एक मजबूत लोकतंत्र, तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और समावेशी समाज का प्रतीक है, वहीं दूसरी तरफ पाकिस्तान है, जो आतंकवाद और कट्टरता में डूबा हुआ है और बार-बार अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से कर्ज लेने को मजबूर है।

पी. हरीश ने अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा पर चर्चा के दौरान स्पष्ट किया कि कुछ मूलभूत सिद्धांतों का सम्मान करना अनिवार्य है, जिनमें आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति प्रमुख है। उन्होंने कहा कि परिषद के किसी भी सदस्य को ऐसे व्यवहार में शामिल होकर उपदेश देने का अधिकार नहीं है, जो वैश्विक समुदाय के लिए अस्वीकार्य है।

सीजफायर के मुद्दे पर पी. हरीश ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के मुख्य लक्ष्यों को हासिल करने के बाद भारत ने पाकिस्तान के अनुरोध पर सैन्य गतिविधियों को रोक दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि



अपनी संप्रभुता पर किसी भी तरह के सवाल को बर्दाश्त नहीं करेगा। पाकिस्तान द्वारा कश्मीर मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय मंच पर लाने और सिंधु जल संधि का जिक्र करने की कोशिश को खारिज करते हुए हरीश ने कहा कि आतंकवाद और शांति जैसे मुद्दों पर पाकिस्तान का दोमुंहा रवैया निंदनीय है। भारत ने हमेशा शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने की दिशा में कदम उठाए हैं।

पाकिस्तान द्वारा कश्मीर और सिंधु जल संधि का मुद्दा उठाने पर राजदूत हरीश ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने दोहराया कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा है और रहेगा। भारत ने हस्ष्ट में अपनी स्थिति को स्पष्ट करते हुए पाकिस्तान के दावों को सिरे से खारिज कर दिया और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया।

### यूएस ने सुरक्षा परिषद में भी गाया सीजफायर का राग

अमेरिका ने एक बार फिर दावा किया है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराया था। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की शीर्ष राजनयिक डोरोथी शिया ने मंगलवार को यह बात कही। डोरोथी ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव कम करने में मदद की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अमेरिका विवादों में मध्यस्थता करने और दुनिया भर में शांतिपूर्ण समाधान को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं, भारत ने एक बार फिर अमेरिका के इन दावों का जोरदार खंडन किया है। कार्यवाहक अमेरिकी प्रतिनिधि राजदूत डोरोथी शिया ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में पाकिस्तान की अध्यक्षता में आयोजित बहुपक्षवाद और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान विषय पर ओपन डिबेट में बोल रही थीं।

## जापान के पीएम इशिबा पर बढ़ा इस्तीफे का दबाव

**टोक्यो।** जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने कहा कि वह अमेरिका के साथ आयात शुल्क (टैरिफ) पर समझौते का अध्ययन करने के बाद अपने पद से इस्तीफा देंगे। उनका यह

### बोले- यूएस के साथ टैरिफ डील का अध्ययन करने के बाद ही लूंगा फैसला

बयान तब आया है, जब हाल ही में चुनाव में उनकी पार्टी को ऐतिहासिक हार मिली है। इशिबा पर इस्तीफा देने का दबाव लगातार बढ़ रहा है, क्योंकि उनकी सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी और सहयोगी दल कोमितो ने रविवार को हुए चुनाव में जापान की दो-सदनीय संसद के ऊपरी सदन (248 सदस्यीय) में अपना बहुमत खो दिया। इस हार का मतलब है कि इशिबा की सत्तारूढ़ गठबंधन सरकार अब दोनों सदनों में बहुमत से बाहर हो गई है। इशिबा की सत्तारूढ़ गठबंधन सरकार पहले ही अक्तूबर में निचले सदन में अपना बहुमत खो चुकी थी। अब दोनों सदनों में बहुमत न होने के कारण उनकी सरकार के लिए कोई भी नीतिगत कदम उठाना और मुश्किल हो गया है, जिससे जापान में राजनीतिक अस्थिरता और बढ़ गई है। इशिबा ने सोमवार को एलान किया था कि वह इस्तीफा नहीं देंगे और अमेरिका के साथ जारी टैरिफ वार्ताओं जैसे अहम मुद्दों पर काम जारी रखेंगे, ताकि देश में राजनीतिक खालीपन न आए।

## पाकिस्तानी मिसाइल शाहीन-3 का टेस्ट नाकाम

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान अक्सर अपने हथियारों को भारत के समकक्ष बताने का दावा करता है, लेकिन उसकी मिसाइलें बार-बार उसे मुश्किल में डाल रही हैं। हाल ही में परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम

### परमाणु केंद्र के पास गिरी

शाहीन-3 मिसाइल का नियमित परीक्षण के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया। यह मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल अपने तय रास्ते से भटक गई और बलूचिस्तान के अशांत डेरा बुगती क्षेत्र में धमाके के साथ गिर पड़ी। 22 जुलाई को पाकिस्तान ने अपनी शाहीन-3 मिसाइल का परीक्षण डेरा गाजी खान के पास एक प्रक्षेपण स्थल से किया, जो उसके मिसाइल कार्यक्रमों के लिए सामान्य स्थान है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार,



मिसाइल या तो हवा में फट गई या लॉन्च के तुरंत बाद क्रैश हो गई, जिसका मलबा आसपास के रिहायशी इलाकों में जा गिरा। धमाका इतना जोरदार था कि 50 किलोमीटर के दायरे में इसकी आवाज सुनाई दी। बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा के कुछ हिस्सों में हड़कंप मच गया। सेना ने तुरंत क्षेत्र में इंटरनेट बंद कर दिया और लोगों को घरों में रहने की हिदायत दी। हालांकि, सोशल मीडिया पर हादसे से जुड़े वीडियो और तस्वीरें वायरल हो गए, जिससे घटना सामने आ गई। कुछ दावों के अनुसार, मिसाइल डेरा गाजी खान के परमाणु केंद्र के पास गिरी।

**परमाणु केंद्र के पास हुआ हादसा**

जिस क्षेत्र में मिसाइल गिरी, वह डेरा गाजी खान है, जहां पाकिस्तान का सबसे बड़ा परमाणु केंद्र स्थित है। यह केंद्र यूरेनियम प्रसंस्करण का प्रमुख स्थान है, जहां पाकिस्तान परमाणु ऊर्जा आयोग का पायलट प्लांट है। इस प्लांट में हरदिन 10,000 पाउंड तक यूरेनियम संसाधित किया जाता है। अगर मिसाइल संवेदनशील क्षेत्र में गलती से टकरा जाती, तो नुकसान की भयावहता का अनुमान लगाना काफी मुश्किल है।

## ट्रंप ने चीन की तरफ बढ़ाया दोस्ती का हाथ

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन की तरफ दोस्ती का हाथ बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि चीन से हमारे अच्छे संबंध हैं। वहीं चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने ट्रंप को बीजिंग आने का न्यौता दिया। बताया

### जिनपिंग बोले- तो आइए कभी बीजिंग

जा रहा है कि राष्ट्रपति ट्रंप जल्द चीन का दौरा कर सकते हैं। ट्रंप ने कहा कि वह राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिलने के लिए बहुत जल्द चीन की यात्रा कर सकते हैं। यह तीव्र व्यापार वार्ता और भू-राजनीतिक तनाव के बीच संभावित कूटनीतिक गतिरोध का संकेत है। व्हाइट हाउस में फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर के साथ बातचीत में ट्रंप ने पुष्टि की कि शी ने उन्हें निमंत्रण दिया है। उन्होंने संवाददाताओं से





कहा कि राष्ट्रपति शी ने मुझे चीन आने का निमंत्रण दिया है, और हम शायद बहुत जल्द ऐसा करेंगे। ट्रम्प ने कहा कि यह थोड़ा दूर है, लेकिन बहुत दूर नहीं है। सीएनए के अनुसार, हालांकि अभी तक कोई अंतिम योजना घोषित नहीं की गई है। सूत्रों का दावा है कि यह यात्रा इस वर्ष के अंत में होने वाले व्यापक एशिया दौरे के दौरान हो सकती है। दो संभावित अवसरों 30 अक्टूबर से 1 नवंबर तक दक्षिण कोरिया में होने वाला एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपेक) शिखर सम्मेलन, या द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर 3 सितंबर को एक अलग बीजिंग यात्रा पर विचार किया जा रहा है। इस समारोह में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के शामिल होने की उम्मीद है। व्हाइट हाउस और चीनी अधिकारियों ने अभी तक ट्रंप-शी की किसी भी संभावित मुलाकात की पुष्टि नहीं की है। हालाँकि, क्रेमलिन ने संकेत दिया है कि अगर दोनों नेता एक ही समय पर बीजिंग में हों, तो वह ट्रंप और पुतिन के बीच मुलाकात की संभावना से इनकार नहीं करेगा।

## एक नज़र

### बांग्लादेश विमान हादसे में मृतक संख्या 32 हुई

**ढाका।** बांग्लादेश में हुए विमान हादसे में अब तक 32 लोगों की मौत हो चुकी है। मरने वालों में अधिकांशतः बच्चे शामिल हैं। हादसे के बाद बांग्लादेश में शोक का माहौल है। वहीं लोगों में आक्रोश भी है। लोगों ने मृतकों का सही आंकड़ा जारी करने और मृतकों के परिजनों को मुआवजा देने की मांग की। बांग्लादेशी वायुसेना का एक एफ-7 प्रशिक्षण विमान सोमवार को ढाका के उत्तरा क्षेत्र के दियाबारी इलाके में माइलस्टोन स्कूल और कॉलेज परिसर में गिर गया था। इसके बाद विमान में आग लग गई थी। बुधवार को घटनास्थल माइलस्टोन स्कूल के अधिकारियों ने मृतकों की सही संख्या, घायल छात्रों और शिक्षकों की संख्या का पता लगाने के लिए अपनी समिति गठित की। वहीं डॉक्टरों ने बताया कि नौ वर्षीय बालक नफी ने रात में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बर्न एंड प्लास्टिक सर्जरी (एनआईबीपीएस) में दम तोड़ दिया।

### कोलंबिया विवि में फिलिस्तीन समर्थक छात्रों पर कार्रवाई

**न्यूयॉर्क।** कोलंबिया विश्वविद्यालय ने उन छात्रों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की है, जिन्होंने मई में अंतिम परीक्षाओं से पहले मुख्य पुस्तकालय के अंदर फलस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन किया था और पिछले साल पूर्व छात्रों के लिए सप्ताहांत (एलुमनाई वीकेंड) पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान परिसर में तंबूर लगाए थे। छात्र कार्यकर्ताओं के एक समूह ने बताया कि करीब 80 छात्रों को एक से तीन साल के लिए निष्कासित कर दिया गया है। विश्वविद्यालय की अनुशासन समिति ने जिन छात्रों पर कार्रवाई की है, उनमें कुछ को निगरानी पर रखा गया है और कुछ की डिग्री भी रद्द कर दी गई है। यह कार्रवाई ऐसे समय में हुई है जब विश्वविद्यालय डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन से 400 मिलियन डॉलर की फंडिंग वापस दिलाने की कोशिश कर रहा है।

### इमरान खान के बेटों से मिले ट्रंप के विशेष दूत

**कैलिफोर्निया।** अमेरिकी राष्ट्रपति के विशेष मिशन के लिए दूत रिचर्ड ग्रेनेल ने कैलिफोर्निया में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक और जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के बेटों से मुलाकात की। उन्होंने इमरान खान की गिरफ्तारी को राजनीतिक प्रताड़ना करार दिया और एक बार फिर उनकी रिहाई की मांग की। ग्रेनेल ने इमरान खान के बड़े बेटे सुलैमान ईसा और छोटे बेटे कासिम खान के साथ तस्वीर साझा की और लिखा कि उन्हें उनके साथ समय बिताकर अच्छा लगा और कैलिफोर्निया में उनका स्वागत किया। ग्रेनेल ने एक्स पर लिखा, आज आपके साथ समय बिताकर अच्छा लगा। सुलैमान और कासिम, आप मजबूत बने रहें। दुनियाभर में ऐसे लाखों लोग हैं, जो इस राजनीतिक प्रताड़ना से तंग आ चुके हैं। आप अकेले नहीं हैं। खान अगस्त 2023 से रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं।

### एडिलेड में भारतीय व्यक्ति पर जानलेवा हमला

**एडिलेड।** ऑस्ट्रेलिया के एडिलेड में सड़क पर एक भारतीय युवक पर जानलेवा हमला किया गया और फिर उसे वहीं बेहोशी की हालत में मरने के लिए छोड़ दिया गया। युवक की पहचान चरणप्रीत सिंह के रूप में हुई है। कार पार्किंग को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद कुछ लोगों ने उनके खिलाफ नस्लीय टिप्पणियां कीं और मारपीट की।ऑस्ट्रेलियाई मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। चैनल 9न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, हमले से पहले सिंह से कहा गया, यहां से भाग जा, इंडियन और फिर उस पर लगातार घूंसे बरसाए गए। घटना शनिवार रात (स्थानीय समय अनुसार) शहर के केंद्र में स्थित किंटोर एवेन्यू के पास हुई। चरणप्रीत सिंह (23 वर्षीय) अपनी कार में था, तभी कुछ लोगों का एक समूह उसके पास आया, नस्लवादी बातें करने लगे लगे और बिना किसी उकसावे के उस पर हमला कर दिया। हमले में चरणप्रीत को गंभीर चोटें आईं।

### हरियाणा में दो कांवड़ियों की मौत

**यमुनानगर।** हरियाणा के यमुनानगर जिले में मंगलवार को एक पिकअप वाहन के हाई-टेंशन तार के संपर्क में आने से दो कांवड़ियों की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना तब हुई जब गुमथला गांव से 15 कांवड़ियों का एक समूह हरिद्वार जा रहा था। इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई, दो अन्य गंभीर रूप से झुलस गए, जबकि छह को चोटें आई हैं। कांवड़ियों ने वाहन को बारिश से बचाने के लिए उस पर तिरपाल लगायी थी और बीच में तिरपाल को टिकाए रखने के लिए लोहे का पाइप लगाया था। गांव की संकरी गलियों से गुजरते समय लोहे का पाइप ऊपर से गुजर रहे हाई वोल्टेज तार के संपर्क में आ गया।

## अमेरिका से निकाले जा सकते हैं हजारों अफगान

**वाशिंगटन।** अमेरिका में अब हजारों अफगानों को निर्वासन का सामना करना पड़ सकता है। एक संघीय अपील अदालत ने ट्रंप

### अदालत ने संरक्षित दर्जा बढ़ाने से किया इनकार

प्रशासन के उनके कानूनी दर्जे को समाप्त करने के फैसले को स्थगित करने से इनकार कर दिया है। वर्जीनिया स्थित चौथे अमेरिकी सर्किट अपील न्यायालय के तीन न्यायाधीशों के पैनल ने सोमवार (स्थानीय समयानुसार) देर रात एक फैसल सुनाया, जिसमें कहा कि अफगानिस्तान और कैमरून के लोगों के लिए अस्थायी संरक्षित दर्जे को न बढ़ाने के प्रशासन के फैसले को स्थगित करने के असाधारण उपाय को उचित ठहराने के लिए पर्याप्त सबूत नहीं हैं। अफगानों के लिए अस्थायी संरक्षित दर्जे की अवधि 14 जुलाई को समाप्त हो चुकी है, लेकिन अपील अदालत ने इसे 21 जुलाई तक कुछ समय के लिए बढ़ा दिया था। हालांकि अदालत एक लंबी अवधि के स्थगन के लिए एक आपातकालीन अनुरोध पर विचार कर रही थी।

## 'भाजपा शासित राज्यों में बंगालियों का अपमान'

**कोलकाता।** णमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने बुधवार को आरोप लगाया कि भाजपा शासित राज्यों में बंगालियों का अपमान किया जा रहा है। दिल्ली में बोलते हुए, बनर्जी ने दावा किया कि बंगालियों को प्रताड़ित किया जा रहा है और उन्हें बांग्लादेश वापस भेजा जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि गुजरात के कुछ लोग देश पर अपना दबदबा बनाना चाहते हैं। उन्होंने बंगालियों के ऐतिहासिक योगदान पर ज़ोर देते हुए कहा कि गुजरातियों के विपरीत, बंगाली आज़ादी की लड़ाई में सबसे आगे थे। बनर्जी ने कहा कि हमने नारे लगाए हैं कि पूरे भारत में भाजपा शासित राज्यों में बंगालियों का अपमान किया जा रहा है।

## अहमदाबाद विमान हादसा : ब्रिटिश परिवारों को मिले गलत शव

**लंदन।** अहमदाबाद में हुए एअर इंडिया विमान हादसे के पीड़ित परिवारों ने एक बेहद चौंकाने वाला दावा किया है। डेलीमेल की एक रिपोर्ट के अनुसार, लंदन जा रहे एयर इंडिया विमान हादसे में मारे गए ब्रिटिश नागरिकों के परिवारों को कथित तौर पर गलत शव भेज दिए गए हैं।

एक मामले में अंतिम संस्कार रद्द करना पड़ा क्योंकि पता चला कि ताबूत में किसी और के अवशेष थे। एक अन्य घटना में दो पीड़ितों के शवों को कथित तौर पर एक ही ताबूत में मिला दिया गया था और दफनाने से पहले उन्हें अलग करना पड़ा। कई शोक संतप्त ब्रिटिश परिवारों का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील जेम्स हीली-प्रैट ने कहा कि अवशेषों के साथ की गई गलत व्यवहार ने रिश्तेदारों को परेशान कर दिया है। डेलीमेल ने हीली-प्रैट के हवाले से कहा कि मैं पिछले महीने से इन प्यारे ब्रिटिश परिवारों के घरों में बैठी हूं और पहली चीज जो वे चाहते हैं, वह है उनके प्रियजन वापस आना। लेकिन उनमें से कुछ को गलत अवशेष मिले हैं, और वे इस बात से साफ़ तौर पर परेशान हैं।

## गाजा में 21 फिलिस्तीनियों की मौत

**दीर अल-बलाह।** गाजा पट्टी के दीर अल-बलाह इलाके में मंगलवार देर रात और बुधवार को इजरायली हवाई हमलों में 21 लोगों की मौत हो गई। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि मरने वालों में आधे से ज्यादा महिलाएं और बच्चे हैं। फिलिस्तीन के इस इलाके में हालात दिन-ब-दिन बदतर होते जा रहे हैं। करीब 20 लाख की आबादी वाले गाजा में इजरायल की नाकेबंदी और लंबे समय से जारी सैन्य कार्रवाई के कारण भुखमरी की स्थिति बन चुकी है। कानून-व्यवस्था खत्म हो चुकी है और लूटपाट आम हो गई है। राहत सामग्री के वितरण के दौरान भी हिंसा बढ़ गई है।

## दुनिया के 10 देशों में तेजी से घट रही आबादी, एक मुल्क में तो 10 हजार लोग ही बचे

**नई दिल्ली।** दुनिया की आबादी में तेजी से इजाफा हुआ है। हजारों सालों के अंतराल में धरती पर इंसानों की आबादी एक अरब तक पहुंची थी। लेकिन फिर एक अरब से 8 अरब तक पहुंचने में महज 200 साल ही लगे। यही नहीं 1960 से अब तक यानी 65 सालों में दुनिया की आबादी 3 अरब से बढ़कर आठ अरब तक पहुंची है। लेकिन इस जोरदार ग्रोथ के बाद भी कुछ देश ऐसे हैं, जहां इंसानों की संख्या में कमी आ रही है। यही नहीं एक देश तुवालु पर तो अस्तित्व का खतरा ही मंडरा रहा है। पश्चिम-मध्य प्रशांत महासागर के इस द्वीपीय देश की आबादी महज 10 हजार ही है और अब उसमें भी गिरावट का दौर जारी है। वर्ष 2011 में दुनिया की आबादी 7 अरब थी और महज 14 सालों में ही आंकड़ा एक अरब और बढ़ गया। संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि 2030 तक विश्व की आबादी 8.6 अरब हो जाएगी। फिर 2050 तक आंकड़ा 9.8 अरब होगा और 2100 में यह 11.2 अरब हो जाएगी। लेकिन यूक्रेन, जापान और ग्रीस जैसे कई देश हैं, जिनकी आबादी में गिरावट दर्ज की गई है।

ूक्रेन में तो 2002-23 में यानी एक साल के अंदर ही आबादी में 8.10 फीसदी की गिरावट आई। इस कमी की वजह युद्ध में मौतों और बड़ी संख्या में देश से पलायन को माना जा रहा है।

इसके अलावा तुवालु की आबादी



में 1.80 पर्सेंट की कमी आई है। देश की आबादी ही 10 हजार है, जो अब 9 हजार से कुछ अधिक ही रह गई है। यदि संख्या इसी तरह घटती रही तो वह लुप्त होने की कगार पर होगा। तुवालु ऑस्ट्रेलिया और हवाई के बीच का एक द्वीपीय देश है। यूरोपीय देश ग्रीस की आबादी में भी कमी हो रही है और कुल 1.60 पर्सेंट की गिरावट एक दिन के अंदर ही दर्ज की गई है। वहीं सैन मारिनो की आबादी 1.10 पर्सेंट कम हुई है। कोसोवो लैंडलॉक्ड की आबादी में भी 1 फीसदी गिरावट हुई। रूस के पड़ोसी देश बेलारूस की पॉपुलेशन में 0.60 पर्सेंट की गिरावट दर्ज की गई। बोस्निया और अलबानिया की आबादी भी इतनी ही कम हुई है।

जापान की आबादी में आधे फीसदी की कमी दर्ज की गई है। अन्य देशों में पलायन और कम जन्मदर के चलते आबादी घट रही है, लेकिन जापान में इसका एकमात्र कारण जन्मदर में कमी है। हालात ऐसे हैं कि जापान में तमाम इंसेटिव्स के ऐलान के बाद भी लोग बच्चे नहीं पैदा करने चाहते। यूक्रेन से तो बड़ी संख्या में लोग शरण के लिए दूसरे देशों में चले गए हैं। इसके अलावा युद्ध में भी हजारों लोग अब तक मारे जा चुके हैं। इस तरह यूक्रेन दुनिया में सबसे तेजी के साथ कम होती आबादी वाला देश है। अब यदि महाद्वीप के आधार पर बात करें तो यूरोप की आबादी तेजी से घट रही है। वह अकेला ऐसा महाद्वीप है। वहीं एशिया की आबादी में तेज इजाफा हो रहा है। चीन, भारत, पाकिस्तान, इंडोनेशिया जैसे देश एशिया में ही हैं, जिनकी आबादी सबसे ज्यादा तेजी से बढ़ रही है। यूरोपीय देश ग्रीस की बात करें तो उसकी आबादी 2100 तक एक मिलियन कम होकर 9 मिलियन ही रह जाएगी, जो फिलहाल 10 मिलियन है। बता दें कि रूस, इटली और द. कोरिया जैसे देशों पर भी घटती आबादी का खतरा मंडरा रहा है।

## जैकी श्रॉफ की बेटी कृष्णा भी 'छोरियाँ चली गाँव' में

नया नॉन-फिक्शन शो - 'छोरियाँ चली गाँव', एक ऐसा रियलिटी फॉर्मेट जो आज तक नहीं देखा गया होगा। इस शो को होस्ट कर रहे हैं सभी के चहेते रणविजय सिंघा, और इस शो में 11 बेबाक, शहरी लड़कियां छोड़ेंगी अपने हाई-फाई शहरों की रफ्तार और बिताएंगी 60 दिन एक देसी गांव में। बिना मोबाइल, बिना इंटरनेट और बिना शहरी सुविधाओं के, ये लड़कियां गांव के असली देसी इम्तेहानों के आमने-सामने होंगी, जो उनके हौसले, जज़्बे और माहौल में ढलने की ताकत को परखेंगे। ये सफर बेहद प्रेरणादायक, रॉ और ज़िंदगी बदल देने वाला साबित होगा। शो की कंटेस्टेंट्स से जब ज़ी टीवी ने पर्दा उठाया, तो जिन नामों ने सबसे ज्यादा ध्यान खींचा, उनमें से एक हैं कृष्णा श्रॉफ। फिटनेस आइकॉन, एंटरप्रेन्योर और सोशल मीडिया स्टार, कृष्णा बॉलीवुड के दिग्गज जैकी श्रॉफ की बेटी और एक्शन स्टार टाइगर श्रॉफ की बहन हैं।



लेकिन इस बार वो अपने कम्फर्ट ज़ोन से बाहर निकल रही हैं, पहली बार गांव की ज़िंदगी को जीने के लिए। जहां न तो लग्ज़री होगी, न रूटीन शेड्यूल, सिर्फ़ सादगी और असल चुनौतियां। इस शो में उनके फिज़िकल स्टैमिना, मेंटल स्ट्रेंथ और एडजस्ट करने की काबिलियत का इम्तेहान। ये अनुभव कृष्णा का एक ऐसा चेहरा दिखाएगा, जो न सिर्फ नया होगा, बल्कि दिल से भी जुड़ेगा। कृष्णा ने कहा, ''यह मेरे लिए एक शानदार मौका है और मैं टीवी पर वापस आकर अपने ऑडियंस से जुड़ने के लिए बेहद खुश हूं। मुझे पूरा यकीन है कि ज़ी टीवी के इस शो से मैं बहुत कुछ सीखूंगी और खुद में ग्रो करूंगी। रणविजय इस शो के लिए एकदम परफेक्ट होस्ट हैं। वो यूथ से बेहतरीन तरीके से जुड़ते हैं, कंटेस्टेंट्स की परवाह करते हैं, उन्हें टाइम देते हैं और हर किसी को कम्फर्टेबल फील कराते हैं। मेरे सभी सपोर्टर्स को ढेर सारा प्यार। रियलिटी शोज़ मेरे लिए वो मौका होते हैं, जहां मैं खुद को असल में दिखा सकती हूं। और इस बार, आप मुझे एक बिल्कुल नए अंदाज़ में देखेंगे।''

## वो यादगार पल जब बने थे माता-पिता!

ज़िंदगी में कुछ पल दिल पर ऐसा असर छोड़ जाते हैं जो उम्रभर नहीं मिटते और मां-बाप बनना एक ऐसा ही सबसे खूबसूरत पल होता है। यह एक एहसास है, जिसमें ढेर सारी भावनाएं, अपनापन और ज़िम्मेदारी का एक नया रंग जुड़ जाता है। इस नेशनल पेरेंट्स डे पर, एण्डटीवी के कलाकार बता रहे हैं वो खास पल जब वे पहली बार मां-बाप बने, जब वक्त जैसे थम गया और उनकी दुनिया हमेशा के लिए बदल गई। 'हप्पू की उलटन पलटन' में दरोगा हप्पू सिंह का किरदार निभा रहे योगेश त्रिपाठी बताते हैं, ''जिस दिन मेरा बेटा दक्षेश पैदा हुआ, अंदर कुछ बदल-सा गया। जब उसे पहली बार गोद में उठाया, मेरी आंखों से आँसू खुद-ब-खुद बहने लगे। वो नन्हा-सा मासूम चेहरा, अधखुली आंखों से मुझे देख रहा था, उस पल मेरी पूरी दुनिया जैसे थम गई थी। पिता बनना मेरे लिए




एक विनम्र अनुभव रहा, इसने मुझे मेरी भावनाओं, जिम्मेदारियों और उस इंसान के और करीब ला दिया, जो मैं अपने बच्चों के लिए बनना चाहता हूं।'' 'भाबीजी घर पर हैं' की अंगूरी भाबी ऊर्फ शुभांगी अत्रे ने कहा, ''उस पल को मैं कभी नहीं भूल सकती जब मैंने अपनी बेटी आशी को पहली बार देखा। जैसे ही वो मेरी गोद में आई, मैं बस ठहर-सी गई। इतना गहरा भाव कभी महसूस नहीं किया था! एक ऐसा प्यार, जिसमें दिल एक साथ खुशी से फूला भी और फिर कांपा भी। मैंने उसे कसकर थाम लिया और बस रोती रही। पहली बार लगा कि किसी को खुद से ज्यादा प्यार करना कैसा होता है। उस पल मेरी पूरी दुनिया सिमटकर बस उसी की सांसों और नन्हीं उंगलियों में आ गई थी। आशी मेरी रौशनी है, मेरी ताक़त है। उसने मुझे ज़मीन से जोड़ा, इंसानियत सिखाई और ढेर सारा सब्र भी।''

बाजार दर्पण



उत्सव लॉन्स
गोरखपुर में
शादी-विवाह एवं अन्य शुभ आयोजनो हेतु।
अलहदादपुर, गोरखपुर
फोनः- 0551-2338099
+918400085593

विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइलः 9415016089